

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




12 ट्रंप के नए एनएसए माइक वाल्ट्ज ने कहा: भारत-अमेरिका.........

ट्रंप ने मस्क और रामास्वामी को सरकार में शामिल किया 12


वर्ष : 12 | अंक : 209 | पटना, गुरूवार, 14 नवंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# बुल्डोजर न्याय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का फैसला, बिना कानूनी प्रक्रिया तोड़-फोड़ करने वाले होंगे दंडित

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने बुल्डोजर न्याय के खिलाफ बुधवार को सख्त फैसला सुनाया और देशव्यापी दिशा- निर्देश जारी करते हुए कहा बिना उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किये किसी अपराध के दोषी या आरोपी की संपत्ति के साथ तोड़-फोड़ करने वाले अधिकारी दंडित किए जाएंगे। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने आश्रय के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार का एक पहलू बताते हुए कहा कि किसी अपराध के आरोपी या दोषी की रिहायशी या व्यावसायिक संपत्ति को कानून की उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना ध्वस्त नहीं किया जा सकता है। पीठ ने सरकारी अधिकारियों द्वारा इस तरह की मनमानी और अत्याचारपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि अधिकारियों द्वारा बुलडोजर कार्रवाई करना शक्ति के पृथक्करण के मूल सिद्धांत का उल्लंघन होगा, जिसके तहत न्यायपालिका को ऐसे मुद्दों पर निर्णय लेने का काम सौंपा गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति को मनमाने ढंग से नहीं छीना जा सकता है। कानून-व्यवस्था बनाए रखना और नागरिकों की सुरक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। अदालत ने दोषी ठहराए जाने तक आरोपी के निर्दोष होने के अनुमान के सिद्धांतों पर जोर देते हुए कहा कि दोषी को भी मनमाने तरीके से की गई किसी भी कार्रवाई के खिलाफ कानून के तहत संरक्षण दिया गया है। पीठ ने कहा, ह्लमहिलाओं, बच्चों और वृद्धों को इस तरह बेघर होते देखना सुखद दृश्य नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अधिकारी न्यायपालिका द्वारा किए जाने वाले कार्यों को





अपने हाथों में नहीं ले सकते और नागरिकों के मौलिक और वैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करते हुए कार्य नहीं कर सकते। अदालत ने कहा कि यदि कार्यपालिका किसी व्यक्ति को दोषी घोषित करना शुरू कर दे तो यह पूरी तरह से असंवैधानिक होगा। ऐसे मामलों में अनधिकृत निर्माण हो सकते हैं, जिन पर समझौता किया जा सकता है। अदालत ने कहा कि किसी घर या व्यावसायिक संपत्ति को गिराने से पहले संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उनके पास कोई अन्य विकल्प उपलब्ध नहीं है। पीठ ने कहा कि घर का निर्माण परिवार के वर्षों के सपने, आकांक्षाओं और सामूहिक उम्मीद का परिणाम है। नागरिकों की आशंकाओं को दूर करने के लिए न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत निर्देश जारी किए कि पूर्ण न्याय करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने से पहले व्यक्ति को 15 दिन का नोटिस दिया जाना चाहिए, जिसमें अनधिकृत निर्माण की प्रकृति और सीमा का उल्लेख हो। न्यायालय ने सरकारी अधिकारियों द्वारा की जाने वाली ऐसी कार्रवाई का विवरण देने के लिए एक डिजिटल पोर्टल बनाने का भी निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि ध्वस्तीकरण आदेश 15 दिनों तक लागू नहीं किया जाएगा और सभी कार्यवाही की वीडियोग्राफी की जानी चाहिए और उसे डिजिटल पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाना चाहिए। पीठ ने स्पष्ट किया कि किसी भी अधिकारी द्वारा उसके (शीर्ष अदालत के) आदेश का उल्लंघन करने पर अवमानना कार्यवाही और अभियोजन अलग से चलाया जाएगा। ऐसे मामलों में संपत्ति की वापसी और नुकसान की भरपाई के लिए अधिकारी जिम्मेदार होंगे। शीर्ष अदालत ने संबंधित अधिकारियों के लिए परिपत्र जारी करने के लिए सभी उच्च न्यायालयों और राज्य सरकारों को अपना आदेश भेजने का निर्देश दिया। शीर्ष न्यायालय ने यह फैसला जमीयत उलमा ए हिंद और अन्य द्वारा दायर याचिका पर दिया, जिसमें सभी राज्य सरकारों द्वारा मनमानी कार्रवाई की वैधता पर सवाल उठाया गया था। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया कि ये निर्देश सार्वजनिक भूमि, सड़कों, जल निकायों और रेलवे से सटी भूमि पर अनधिकृत निमार्णों पर लागू नहीं होंगे।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

सोना 80,405

चांदी 1,1000

सेंसेक्स 80,220

निफ्टी 24,472

## संक्षिप्त खबरें

### तेलंगाना में मालगाड़ी के 11 डिब्बे पटरी से उतरे

हैदराबाद। तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में मंगलवार रात लौह अयस्क ले जा रही एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इस वजह से रेलवे परिचालन में बाधित हुआ है। 31 ट्रेनें पूरी तरह और 10 से अधिक को आंशिक रूप से रद्द कर दिया गया है। दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) के अधिकारियों के मुताबिक, राघवपुरम और रामागुंडम के बीच मालगाड़ी के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए। भारतीय रेलवे के एससीआर डिवीजन ने 10 से अधिक ट्रेनों का मार्ग बदल दिया है। इस समय रेलवे ट्रैक पर मरम्मत का कार्य चल रहा है। जिन ट्रेनों को रद्द किया गया है, उनमें नारसापुर-सिकंदराबाद, सिकंदराबाद-नागपुर, हैदराबाद-सिरपुर कागजनगर, सिकंदराबाद-कागजनगर, काजीपेट-सिरपुर टाउन, सिरपुर टाउन-करीमनगर, करीमनगर-बोधन, सिरपुर टाउन-भद्राचलम रोड, भद्राचलम रोड-बल्लारशा, बल्लारशा-काजीपेट, यशवंतपुर-मुजफ्फरपुर, काचीगुडा-नागरसोल, काचीगुडा-करीमनगर, सिकंदराबाद-रामेश्वरम, सिकंदराबाद-तिरुपति, आदिलाबाद-परली, अकोला-पूर्णा, आदिलाबाद-नांदेड़, निजामाबाद-काचीगुडा, गुंतकल्लू-बोधन ट्रेन हैं।

# पीएम ने दरभंगा एम्स का किया शिलान्यास, कहा- मैंने एक गारंटी कर दी पूरी

## नीतीश कुमार का सुशासन मॉडल अद्भुत है : मोदी

प्रात: किरण

दरभंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धों के लिए मुफ्त इलाज की सुविधा शुरू कर उन्होंने अपनी एक गारंटी पूरी कर दी है। श्री मोदी ने बुधवार को यहां शोभन में बिहार के दूसरे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की आधाराशिला रखने के साथ ही 12 हजार करोड़ रुपये की अलग-अलग योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा, मैंने अपनी एक गारंटी पूरी कर दी है। सत्तर साल से ऊपर के जितने भी बुजुर्ग हों, उनके मुफ्त इलाज की सुविधा शुरू हो गई है। जल्द ही सभी वृद्धों के पास आयुष्मान वंदन कार्ड होगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि नीतीश कुमार का सुशासन मॉडल अद्भुत है। बिहार को जंगलराज से बाहर निकालने में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई। राज्य की पूर्व की सरकारें सिर्फ वादों और दावों में उलझी रही थी। बिहार में जब तक नीतीश कुमार सरकार में नहीं आए तब तक गरीबों की चिंता को लेकर कोई गंभीरता नहीं थी। गरीब लोगों के पास चुपचाप बीमारी सहने के अलावा कोई चारा नहीं था। ऐसी स्थिति में हमारा देश कैसे आगे बढ़ता। इसलिए पुरानी सोच और अप्रोच, दोनों को बदला गया।

**सरकार लोगों के कल्याण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध :**

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार बेटी सेवा के लिए, लोगों के कल्याण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है। सेवा की इसी भावना से जहां विकास से जुड़े 12000 करोड रुपये की अलग-अलग परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है और सबसे बड़ी बात दरभंगा में एम्स का सपना साकार होने का बड़ा कदम उठाया गया है। दरभंगा एम्स के निर्माण से बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा। इससे मिथिला और तिरहुत क्षेत्र के अलावा पश्चिम बंगाल और आसपास के कई क्षेत्र के लोगों के लिए सुविधा हुई। नेपाल से आने वाले मरीज भी इस एम्स में इलाज कर सकेंगे। इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। छोटे शहरों में भी इलाज की बेहतरीन सुविधा पहुंचाने के लक्ष्य की ओर हम काम कर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि राजग सरकार ने छोटे किसानों और छोटे उद्योगों को महत्व देकर विकास की धारा बहाई है। हवाईअड्डे और एक्सप्रेसवे से विकास हो रहा है। दरभंगा में हवाईअड्डा चालू होने से दिल्ली, मुंबई के लिए सीधी उड़ान है। उन्होंने कहा कि दरभंगा से रांची के लिए भी विमान सेवा शुरू होगी आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे पर भी काम चल रहा है।

**मछली पालकों और किसानों का हित करना है :**

श्री मोदी ने कहा, दरभंगा में कहावत है पग-पग पोखरी, माछ-मखान, मधुर बोल, मुसकी मुख पान। हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि यहां के मछली पालकों और किसानों का हित करना है। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत बिहार के किसानों को 25 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा दिए गए हैं। मिथिला के किसानों को भी इस योजना का फायदा मिला है। एक जिला एक उत्पाद योजना से यहां के मखाना समेत अन्य उत्पादों को देश भर के बाजारों में बेचा जा रहा है। मखाना को जीआई टैग भी मिला है। मत्स्य संपदा योजना के तहत मछलीपालकों को हर कदम पर मदद की जा रही है।

**बिहार कोकिला की संगीत सेवा अतुल्य है :**

प्रधानमंत्री ने बिहार कोकिला शारदा सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मिथिला की बेटी शारदा सिन्हा जी को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने भोजपुरी और मैथिली संगीत की जो सेवा की है वह अतुल्य है खास तौर पर छठ की महिमा को जिस तरह उन्होंने अपनी गीतों से पूरी दुनिया में पहुंचाया वह अद्भुत है।

**ये रहें मौजूद :**

कार्यक्रम में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, चिराग पासवान, जीतनराम मांझी, गिरिराज सिंह, रामनाथ ठाकुर, सतीश चंद्र चौबे, बिहार के दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय समेत बिहार सरकार के कई मंत्री, सांसद, विधायक एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### पीएम ने बिहार को 12,100 करोड़ की योजनाओं का दिया उपहार

दरभंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को बिहार के दरभंगा पहुंचे और प्रदेश को 12,100 करोड़ रुपये से ज्यादा की योजनाओं का उपहार दिया। इस दौरान उन्होंने बिहार के दूसरे तथा दरभंगा में बनने वाले एम्स का भी शिलान्यास किया। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को दरभंगा पहुंचे और 12,100 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का रिमोट के जरिये उद्घाटन, शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित किया। दरभंगा एम्स को पूरा करने के लिए 36 महीनों का लक्ष्य रखा गया है। पटना के बाद बिहार को मिला यह दूसरा एम्स है। इस क्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में करीब 5,070 करोड़ रुपये की लागत वाली कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। उन्होंने एनएच -327ई के चार लेन वाले गलगलिया-अररिया खंड का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में आठ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके अलावा 1740 करोड़ रुपए से अधिक की रेलवे परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने झंझारपुर-लौकाहा बाजार खंड में ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान वे बिहार के औरंगाबाद जिले में चिरालापोथु से बाघा बिशुनपुर तक 220 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली रेल परियोजनाएं की आधारशिला रखी। पीएम मोदी ने 1520 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली रेलवे परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित किया। इनमें झंझारपुर-लौकाहा बाजार रेल खंड का आमान परिवर्तन, दरभंगा बाईपास रेलवे लाइन शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 18 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र में 4,020 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई योजनाओं की भी आधारशिला रखी। घरों तक पीएनजी पहुंचाने और वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों को स्वच्छ ऊर्जा विकल्प प्रदान करने के दृष्टिकोण के अनुरूप, प्रधानमंत्री भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा बिहार के पांच प्रमुख जिलों दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, सीतामढ़ी और शिवहर में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के विकास की आधारशिला भी रखी।

## राज्य सरकार पूरे तौर पर केंद्र सरकार को करेगी सहयोग : नीतीश



प्रात: किरण

पटना। दरभंगा एम्स समेत स्वास्थ्य, सड़क, रेल एवं ऊर्जा क्षेत्र की 25 विकास परियोजनाओं का रिमोट के माध्यम से भूमि पूजन, शिलान्यास, लोकार्पण एवं शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री के द्वारा दरभंगा एम्स का शिलान्यास किया जा रहा है, यह हम सबके लिये महत्वपूर्ण अवसर है। दरभंगा में एम्स बन जाने से लोगों को काफी अच्छी चिकित्सा सेवा उपलब्ध होगी और इलाज कराने में काफी सहूलियत होगी। हमलोगों को बहुत खुशी है कि प्रधानमंत्री यहां पधारे हैं। मुझे विश्वास है कि केंद्र सरकार की देखरेख में एम्स का निर्माण काफी अच्छे ढंग से होगा। दरभंगा एम्स के निर्माण में राज्य सरकार पूरे तौर पर केंद्र सरकार को सहयोग करेगी।

**दरभंगा शहर का बहुत विस्तार होगा :**

उन्होंने कहा कि दरभंगा में एम्स बन जाने से शहर का बहुत विस्तार होगा। सबलोगों को इलाज के लिए यहां पर अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। राज्य सरकार द्वारा दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल का भी विस्तार किया जा रहा है। यह पटना के पीएमसीएच के बाद दूसरा सबसे पुराना अस्पताल है। अब यहां पर 2500 बेडों की व्यवस्था रहेगी जिससे मरीजों को इलाज में आसानी होगी। पटना के पीएमसीएच का भी विस्तार किया जा रहा है, इसे विश्वस्तरीय अस्पताल बनाया जा रहा है ताकि लोगों को इलाज में और सहूलियत हो।

**एम्स के निर्माण के लिए शोभन बहुत अच्छी जगह :**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2003 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के कार्यकाल में पहली बार पटना में एम्स के निर्माण का निर्णय लिया गया था जो अब काफी अच्छे ढंग से बन गया है। यहां पर काफी लोग इलाज कराने जाते हैं। दूसरी बार भी वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में ही यह तय हो गया था कि बिहार में एक और एम्स बनेगा। उन्होंने कहा कि तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली से भी हम मिले थे और उनसे कहा था कि पटना में एक एम्स हो गया है और अब दूसरी जगह दरभंगा में एक और एम्स बनना चाहिए। हम सबलोगों को शुरू से ही कहते रहे कि बिहार में दो एम्स का निर्माण होना चाहिए। वर्ष 2019 में तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा जब पटना आए थे तो हम उस समय भी उनसे आग्रह किए कि आप इसको जल्दी से बनवाइए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों की पहले इच्छा थी कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल को ही एम्स के रूप में स्वीकार कर लिया जाय लेकिन उसमें दिक्कत होने पर फिर दूसरी जगह एम्स बनाने का निर्णय लिया गया। आपलोग आज जहां पर बैठे हुए हैं इसी जगह को दरभंगा के जिलाधिकारी द्वारा एम्स के निर्माण के लिए चुना गया है। हम जब यहां पर आये और देखे तो बोले कि यह जगह दरभंगा, एम्स के निर्माण के लिए बहुत अच्छी है। अब यहां पर राज्य सरकार द्वारा रास्ते का चौड़ीकरण कराया जाएगा ताकि यहां आने-जाने में काफी सहूलियत हो।

**आगाज** बाबा हरिहर क्षेत्र के नाम पर कॉरिडोर का होगा निर्माण : सम्राट

## विश्वप्रसिद्ध सोनपुर मेला का हुआ रंगारंग आगाज

- 14 दिसंबर तक संचालित होगा हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला

प्रात: किरण

सोनपुर/एजेंसी। विश्वप्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला का उदघाटन बुधवार को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा, राजस्व मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल, सूचना प्रावैधिकी मंत्री सुमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। श्री चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि यहां राज्य सरकार बाबा हरिहर क्षेत्र के नाम पर कॉरिडोर का निर्माण करेगी। यहां उद्योग लाने की पूरी संभावना है। यहां 10 हजार एकड़ में भव्य शहर बसाने की सरकार की योजना है। इस क्षेत्र में सरकार द्वारा कुल 20 हजार करोड़ रुपए पर काम चल रहा है। जेपी सेतु के समानांतर और शेरपुर दिघवारा पुल निर्माण का



काम चल रहा है। डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में यहां विरासत का सम्मान भी और विकास भी दोनों कार्य हो रहा है। हमारी सांस्कृतिक विरासत के पुनर्जागरण का यह वर्ष है। सीतामढ़ी में मां जानकी की जन्मभूमि का विकास सरकार की प्राथमिकता में है। यह हरिहरनाथ मंदिर ऐतिहासिक है। यहां तीन दिवसीय हरिहरनाथ महोत्सव की शुरूआत करने का निर्णय हमने लिया है ताकि यहां की विरासत और भी समृद्ध हो। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि बिहार की छवि को समृद्ध करने हेतु उनके पास उद्योग और पर्यटन विभाग की जिम्मेदारी सरकार द्वारा दी गई है। सरकार यह काम सतत कर रही है। सोनपुर मेला काफी पुराना है। इसका समृद्ध इतिहास रहा है। इसे बेहतर बनाने हेतु यहां पर्यटन विभाग, कला संस्कृति और युवा विभाग और जिला प्रशासन ने मेला के बेहतर आयोजन की मुकम्मल व्यवस्था की है। राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल ने सारण डीएम और एसपी सहित जिला प्रशासन की पूरी टीम को यहां की व्यवस्था और भी बेहतर करने के निदेश दिए। विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री सुमित कुमार सिंह ने करते हुए कहा कि हमलोग सोनपुर मेले को और भी समृद्ध कर रहे हैं ताकि यहां ज्यादा से ज्यादा पर्यटक आएं। उन्होंने आमलोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम अच्छी मेहमाननवाजी करें ताकि लोग यहां बार बार आएं। उद्घाटन के दिन संध्या में बॉलीवुड पार्श्व गायक-गायिका एश्वर्य निगम और दिपाली सहाय की टीम ने प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोहा। कार्यक्रम में पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अतिथियों का स्वागत सारण जिला पदाधिकारी अमन समीर, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक नंदकिशोर और धन्यवाद ज्ञापन पर्यटन निदेशक विनय कुमार राय ने किया।

## बिहार विधानसभा उपचुनाव संपन्न : 52.84 प्रतिशत मतदान

प्रात: किरण

पटना। बिहार विधानसभा की चार सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो गया। उप चुनाव में शाम छह बजे तक कुल 52.84 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। तरारी, रामगढ़, बेलागंज के सभी बूथों पर जबकि इमामगंज विधानसभा की सिर्फ 29 बूथों पर मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कराया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास ने बताया कि तरारी विधानसभा क्षेत्र में कुल 50.10 प्रतिशत, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 54.02 प्रतिशत, इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में 51.01 प्रतिशत और बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में 56.21 प्रतिशत मतदान हुआ। चारों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान को लेकर कुल 1277 बूथों का गठन किया गया था। उप चुनाव में कुल 38 प्रत्याशी मैदान में थे जिसमें 33 पुरुष और पांच महिला प्रत्याशी शामिल हैं। उप चुना में मतदान के लिए कुल 1277 कंट्रोल यूनिट, 1277 बैलेट यूनिट और 1277 वीवीपैट का उपयोग किया गया। इसमें 11 बैलेट यूनिट, 17 कंट्रोल यूनिट और 24 वीवीपैट मॉकपोल के दौरान बदले गये जबकि नौ बैलेट यूनिट, नौ कंट्रोल यूनिट और 22 वीवीपैट मॉकपोल के बाद बदला गया। मतदान कराने के लिए चार सामान्य प्रेक्षकों, तीन व्यय अनुश्रवण प्रेक्षको और एक पुलिस प्रेक्षक की तैनाती की गयी थी। दो बूथों को मॉडल बनाया गया था जबकि दो बूथों का पूर्ण रुपेण संचालन महिलाओं द्वारा किया गया। उप चुनाव में 639 बूथों से लाइव वेबकास्टिंग की गयी। सीइओ ने बताया कि मतदान के दौरान नियंत्रण कक्ष में तीन शिकायत प्राप्त हुई जिसे ससमय निष्पादित कर दिया गया। एडीजी मुख्यालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार उपचुनाव संपन्न कराने के लिए करीब सात हजार सुरक्षा बलो और 2550 होमगार्ड जवानों की तैनाती की गयी थी। साथ ही अश्वारोही दल और बम निरोधक दस्ते भी प्रतिनियुक्त किये गये थे। बिहार-उत्तरप्रदेश की सीमा पर आठ चेकपोस्ट जबकि बिहार-झारखंड की सीमा पर आठ चेकपोस्ट लगाये गये थे। आदर्श आचार संहिता के लागू होने के बाद अब तक कुल 24 अवैध हथियारों और 59 कारतूसी की बरामदगी की गयी। साथही 734 लाइसेंसी हथियारों का जमा कराया गया।

## झारखंड में जेएमएम और कांग्रेस का हो जाएगा सूपड़ा साफ : मोदी

प्रात: किरण

देवघर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को झारखंड के देवघर के सारठ विधानसभा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए हेमंत सरकार को बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर घेरा। श्री मोदी ने कहा कि घुसपैठियों ने आपका रोजगार और जमीन छीनी है। उन्होंन कहा कि इस बार झारखंड में जेएमएम और कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो जाएगा। श्री मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस जाति के आधार पर लोगों को बांटने का काम कर रही है। कई जातियों के नाम गिनाते हुए उन्होंने कहा कि ये सभी ओबीसी हैं लेकिन कांग्रेस चाहती है कि ये जातियों आपस में लड़ जाएं। कांग्रेस चाहती है कि आदिवासी आपस में लड़ जाएं। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा ने झारखंड बनाया और हम ही इस संवारेंगे। कहा कि झारखंड की ऊर्जा से पूरा देश रोशन हो रहा है लेकिन मेरा सपना है कि झारखंड देश के आग्रिम राज्यों में खड़ा हो कहा कि आज झारखंड में मतदान हो रहा है। हर बूथ में रोटी-बेटी और माटी बचाने का संकल्प दिख रहा है। श्री मोदी ने कहा कि मैं झारखंड में जहां भी गया हर जगह घुसपैठ सबसे बड़ी चिंता है। झारखंडी गौरव झारखंड की पहचान है। अगर ये खत्म हो जाएगी तो क्या होगा। उन्होंने आकड़ों की बात करते हुए कहा संताल परगना में आदिवासियों की संख्या आधी रह गई है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन के अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए 15 अभ्यर्थियों ने किया नामांकन

प्रातः किरण संवाददाता

मसौढ़ी !प्रखंड क्षेत्र में आगामी 26 नंबर को होने वाले 13पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन के तीसरे दिन बुधवार को कुल 15प्रत्याशियों ने अध्यक्ष पद के लिए आवेदन किया। जिसमें तिनेरी से कृष्णमुरारी शर्मा बेर्रा से विजय शर्मा भगवानगंज से अवधेश कुमार कराय से संजय कुमार सिंह नूरा से संजय कुमार चपौर से संजय कुमार नदौल से धर्मेंद्र कुमार व सुधीर कुमार सहित कुल 15अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया,वही देवरिया पंचायत से अध्यक्ष पद पर सत्यनारण प्रसाद व कराय पंचायत से संजय कुमार सिंह को निर्विरोध निर्वाचित होना लगभग तय है।

### छावनी क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से लगे होर्डिंग को हटाया गया

प्रातः किरण संवाददाता

दानापुर नगर के अंतर्गत ।छावनी परिषद के द्वारा बुधवार को अभियान चलाकर छावनी क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से लगे होर्डिंग को हटाया गया। कार्यालय अध्यक्ष मो. फिरोज ने बताया कि सीईओ के दिशा-निर्देश पर किया गया ।सीईओ सपन कुमार ने बताया कि किसी तरह का होर्डिंग लगाने के लिए कैंट बोर्ड से अनुमति लेनी है ।लेकिन लोग छठ पूजा में बिना अनुमति लॉग होर्डिंग लगा दिए थे जिसे हटाया गया।

### एनएमसीएच के गाइनी विभाग में लगा लैप्रोस्कोपिक मशीन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी । एनएमसीएच के गाइनी विभाग में मरीजों की सुविधा के लिए लैप्रोस्कोपिक मशीन लगायी गई है। इसका उदघाटन बुधवार को नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉप्रो उषा कुमारी ने की। इस मौके पर निश्चेतना के विभागाध्यक्ष डॉप्रो बिजॉय कुमार, डॉ गुरुमुख प्रसाद, डॉप्रो मोती लाल दास, गाइनी की विभागाध्यक्ष डाप्रो दीप्ति राय, डॉ वीणा सिन्हा, डॉ नूतन नारायण, डॉ आरती कुमारी, डॉ विनीता कुमारी, डॉ संगीता कुमारी, डॉ प्रतिमा कुमारी, डॉ पूजा कुमारी, डॉ राजरानी, डॉ इंदु कुमारी सहित अनेक चिकित्सक उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉ उषा ने कहा कि लैप्रोस्कोपिक मशीन लग जाने से अब बिना बड़ा चीरा लगाए मरीज का ऑपरेशन किया जा सकेगा। इससे अब मरीजों को इस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भी इसका लाभ मिलना शुरू हो गया है। अब मरीजों को प्राइवेट की निर्भरता समाप्त हो जाएगी।

### कार्तिक स्नान मेला व देव दीपावली कल

पटना सिटी (प्राकि)। कार्तिक स्नान मेला व देव दीपावली शुक्रवार को मनाया जाएगा। गंगा सेवा दल समन्वय समिति की ओर से कंगन घाट पर देव दीपावली पर 25 हजार दीपों से जगमग होगा। अध्यक्ष डॉ राजीव गंगौल और महासचिव पंडित राजेश शुक्ला टिल्लू ने बताया कि इस मौके पर मां गंगा की आरती होगी।

इसके लिए मनोज अठधरा, पप्पू पटेल, बमबम, विकाश राज जखयसवाल आदि सदस्यों ने तैयारी की है। दूसरी ओर खाजेकलां घाट पर मां गंगा सेवा समिति की बैठक अध्यक्ष वीरेंद्र विश्वकर्मा की अध्यक्षता व सचिव संजीव आर्यन के संचालन में हुई। इसमें भी मां गंगा की आरती करने का निर्णय लिया गया है।

# उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई:32 कार्टन विदेशी और 150 लीटर चुलाई शराब को किया जब्त

## उत्पाद विभाग ने दो ठेला, एक ऑटो को पकड़ दो को किया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता




पटना सिटी। उत्पाद विभाग की टीम ने ठेला पर कूरियर जैसे कार्टन में शराब लेकर जा रहे दो ठेला को जब्त करते हुए उस पर रहे 32 कार्टन विदेशी शराब को जब्त किया है। इस दौरान एक ठेला चालक भागने में सफल रहा, जबकि दूसरे को दौड़ा कर पकड़ लिया गया। वहीं एक ऑटो की तलाशी के दौरान उस पर से डेढ़ सौ लीटर चुलाई शराब जब्त किया गया है। साथ ही ऑटो को भी जब्त कर लिया गया। यह जानकारी सहायक उत्पाद आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद निरीक्षक कुलवंत सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन कर छापेमारी के लिए भेजा गया। इस दौरान वैशाली गोलंबर के पास दो ठेला पर कूरियर के सामान की तरह आठ बोरा में सामान पैक था। देखने में यह कूरियर टाइप का लग रहा था। जब उक्त सभी बोरा को खोल कर तलाशी ली गई, तो उसमें से 32 कार्टन पाया गया। सभी कार्टून में 1536 विदेशी शराब का बोतल पाया गया। इसकी मात्रा 276.48 लीटर थी। शराब की कीमत करीब ढाई लाख रुपए आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान एक ठेला चालक ठेला छोड़कर भागने में सफल रहा। वहीं दूसरे ठेला चालक को दौड़ा कर पकड़ लिया गया। गिरफ्तार ठेला चालक जहानाबाद जिला के शकुराबाद का रहने वाला राजा कुमार है। उससे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम जब लौट रही थी, तो इसी दौरान कंकड़बाग के द्वारिका कॉलोनी में एक ऑटो पर संदेह हुआ। टीम ने उक्त ऑटो, जिस पर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01पीसी 7409 लिखा था, को रोका गया। जब उसकी तलाशी ली गई, तो इस दौरान उक्त ऑटो से 150 लीटर देसी चुलाई शराब जब्त किया गया। टीम ने ऑटो को भी जब्त कर लिया है। साथ ही ऑटो चालक दरभंगा के बैजनाथपुर टोला का रहने वाला नंदन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि गठित टीम में निरीक्षक कुलवंत सिंह के साथ एसआई श्रीमती निशा कुमारी, एएसआई साहेब गुप्ता, शशि ठाकुर, ब्रजकिशोर ठाकुर के अलावा उत्पाद के सिपाही और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

# सेतु पर वाहनों का परिचालन सामान्य को तैनात हुए अतिरिक्त बल

प्रातः किरण संवाददाता



पटना सिटी, प्रातःकिरण संवाददाता

वाहनों का दबाव बढ़ने के कारण से महात्मा गांधी सेतु पर दिवाली के बाद से ही रुक-रुक कर जाम की स्थिति बन जारही थी। छठ के पूर्व और इसके बाद भी महात्मा गांधी सेतु पर वाहनों का दबाव बढ़ने से लगातार जाम की स्थिति बन रही थी वहीं बस ट्रक या व्यावसायिक वाहनों के ब्रेकडाउन होने किस स्थिति और गंभीर हो जा रही थी। इससे निबटने के लिए अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस बल की तैनाती सेतु पर की गई है। ट्रेफिक डीएसपी अनिल कुमार ने बताया कि वाहनों का परिचालन सुचारु ढंग से हो सके, इसके लिए महात्मा गांधी सेतु दो दर्जन अतिरिक्त पुलिस बल को लगाया गया है। ट्रैफिक एसपी अपराजित के निर्देश पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। हालांकि स्थिति यह है कि वाहनों का दबाव सेतु व एनएच-30 पर जारी रहने की स्थिति में जाम की समस्या बन रही है। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल सेतु पर कार्तिक पूर्णिमा और हरिहर क्षेत्र मेला लगने की वजह से वाहनों का दबाव बढ़ गया है। ऐसे में यह समस्या उत्पन्न हो रही है। जाम में फंसे यात्री वाहनों को तैनात पुलिसकर्मी मालवाहक वाहनों को रोक कर आगे निकालने का काम कर रहे हैं। जाम की वजह से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इससे लोगों को मुश्किल हो रही थी। स्थिति यह है की छठ के बाद जिन लोगों को ट्रेन और हवाई जहाज से यात्रा करनी होती है, ऐसे लोगों को पटना पहुंचने या फिर हाजीपुर की ओर ट्रेन पकड़ने जाने के लिए जाम में फंसने के बाद भारी परेशानी से गुजरना पड़ता है। स्थिति यह होती है कि लोगों की ट्रेन और प्लेन तक छूट जा रही है। एक तो विभिन्न ट्रेनों में जल्दी आरक्षण नहीं मिल पा रहा है, वहीं प्लेन का किराया भी ऊंचे स्तर पर पहुंचा हुआ है।

# पी पी पब्लिक स्कूल के छात्राओं का मेडिकल कॉलेज में हुआ नामांकन

प्रातः किरण संवाददाता



मसौढ़ी ! अनुमंडल मुख्यालय स्थित विरंची मोड़ के पास प्रकाश पुंज पब्लिक स्कूल के दो छात्राओं का नामांकन एम० बी० बी० एस० के लिए हुआ है ।आपको ज्ञात होगा बताते कि बीते दिनों नीट झ 2024 के परीक्षा का परिणाम जारी हुए थे जिसमें मसौढ़ी से मौसम कुमारी ने 662 अंक व मोना हसन ने 661 अंक प्राप्त किये थे ।परीक्षा उतीर्ण के पश्चात मौसम कुमारी का चयन गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, पुर्णिया जबकि मोना हसन का चयन अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज गया में हुआ है ।इनके सफलता से मसौढ़ी अनुमंडल के लोग काफी उत्साहित हैं ।अपने छात्राओं के इस सफलता पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त कर दोनों को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# उपचुनाव में तेजस्वी प्रसाद के लहर में एनडीए का सफाया एवं महागठबंधन की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित : ई राघवेंद्र

प्रातः किरण संवाददाता



बिक्रम ` बिहार के चार विधानसभा सीटों पर हुए चुनाव में लोगों ने जमकर मतदान किए` बुधवार को सम्पन्न हुए मतदान के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने जीत का दावा पेश करने लगे हैं` इसी कड़ी में राजद नेता ई राघवेंद्र कुमार ने भी चारो सीटों पर महागठबंधन प्रत्याशियों की जीत का दावा किया हैं` बुधवार के शाम पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बिहार की चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के कुशल नेतृत्व में चारो सीटों पर महागठबंधन समर्थित उम्मीदवारों की भारी मतों से ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित है।

राजद नेता ई राघवेंद्र ने कहा कि एनडीए के लोग उपचुनाव में खुलेआम सत्ता, धन, तंत्र का दुरुपयोग करते हुए खुलेआम आचारसंहिता का भी उलंघन करने का काम किया लेकिन चुनाव आयोग मौन और मूकदर्शक बनी रही। उसके बाद भी रामगढ़, बेलागंज, इमामगंज और तरारी विधानसभा क्षेत्रों में तेजस्वी यादव जी की तेज लहर के सामने एनडीए बौने साबित हुए हैं। महागठबंधन समर्थित उम्मीदवारों को चारो विधानसभा क्षेत्रों में सभी धर्म, जाति, समुदाय एवं वर्गों का व्यापक जनसमर्थन मिला है। राजद नेता ने आगे कहा कि 17 माह की महागठबंधन सरकार में तेजस्वी यादव जी ने अपने प्रण अनुरूप किये गए अद्भुत कार्यों से हर वर्ग के लोगों का दिल जीतने का काम किया। तेजस्वी यादव जी जनता की उम्मीद बन चुके हैं। अब यह स्पष्ट हो गया कि जनता से जुड़े मुद्दों की राजनीति करने वालो को ही जनता साथ देगी। वहीं राजद नेता ई राघवेंद्र ने एनडीए को नसीहत देते हुए कहा कि आगामी 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में मंदिर-मस्जिद, हिन्दू-मुस्लिम और भावनात्मक मुद्दों के सहारे राजनीति करने वाली पार्टी भाजपा, एनडीए को वोट की चोट से मुंहतोड़ जवाब देने के लिए जनता तैयार बैठी है।

# प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी विभेष आंनद प्रखंड कृषि पदाधिकारी उपेन्द्र कुमार कृषि वैज्ञानिक एस पी सिन्हा व किसान अमरजीत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि नवीनतम खेती से जुडी नवीनतम जानकारी के साथ खेती करे। इस प्रशिक्षण से लाभ उठाये। उन्होने समन्वयक क्लब बनाने एवं कलस्टर में खेती को प्रोत्साहित करने की बात कही। किसान अमरजीत ने कहा कि कृषि में कभी घटा नही हो सकता जरूरत है चिंतित खेती की। अगर हम इस ओर ध्यान दे तो कभी घाटा नही हो सकता। कार्यक्रम में बीटीएम नूतन कुमारी एटीएम साईमाम समन्वयक सुनील कुमार समेत विभिन्न पंचायतो के प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

हाथीखाना-छितनावां मार्ग का जायजा लेने जिलाधिकारी व एसएसपी दानापुर पहुंचे।

दानापुर नगर के अंतर्गत हाथीखाना-छितनावां मार्ग का जायजा लेने जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह व एसएसपी राजीव मिश्र दानापुर पहुंचे। जिलाधिकारी संबांधिता पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी के साथ हाथीखाना मोड़ पर उस स्थान पर पहुंचे जहां से सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया। कार्यो को जायजा लेते हुए जिलाधिकारी चांदमारी पहुंचे वहां नाला में बनाये जा रहे पुल को देखा। पुल निर्माण में एक व्यक्ति द्वारा रोक लगाये जाने की बात सुन उन्होने स्थानीय रंजीत कुमार से मिलकर सख्त हिदायत दी। उन्होने अन्य जगह पर पुलिस लाइन के लिए स्थल की देखने की बात कही। छितनावा में सड़क की चौड़ाई व नाला को लेकर समस्या को देख उचित कार्रवाई करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि हाथीखाना छितनावां मार्ग का जायजा लिया गया। अगले वर्ष जनवरी तक कार्य पुरा कर लिया जायेगा। कार्य तेजी से की जा रही है।

# भाजपा नेता भाई सनोज यादव को सक्रिय सदस्य का प्रमाण पत्र दिया गया




प्रातः किरण संवाददाता

दानापुरः नगर के अंतर्गत बुधवार को शिवाला चौक स्थित उसरी खुर्द भाजपा नेता भाई सनोज यादव के घर पहुंचकर पटना जिला ग्रामीण जिलाध्यक्ष धमेंद्र कुमार एवं बीपीन बिहारी जिला उपाध्यक्ष सह जिला के सक्रिय सदस्यता प्रभारी एवं जिला भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष पिंटु कुमार एवं भाजपा युवा जिला मोर्चा महामंत्री संधीर यादव संयुक्त रूप से प्रदेश भाजपा नेता भाई सनोज यादव को सक्रिय सदस्य बनाया गया ।जिला अध्यक्ष धमेंद्र कुमार ने कहा कि दानापुर के वरिष्ठ भाजपा नेता भाई सनोज यादव हमेशा भारतीय जनता पार्टी कार्यक्रम में एवं दानापुर क्षेत्र में हमेशा तत्पर एवं सक्रिय रूप से जनता एवं कार्यकताओं के बीच में पार्टी के लिए सात वर्षों लगातार पार्टी हीत में एवं लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव में काम करते आ रहे है उन्होंने दानापुर क्षेत्र में सक्रिय सदस्य बनाए गए है जिला सक्रिय प्रभारी बीपीन बिहारी के द्वारा सनोज यादव के हाथों में सक्रिय सदस्यता का प्रमाण पत्र दिया।

जिला सक्रिय सदस्यता प्रभारी ने कहा कि भाजपा नेता भाई सनोज यादव दानापुर क्षेत्र में व्यक्ति के दुःख सुख में हमेशा मदद करते है और उन में संघर्ष शील पार्टी के कार्यकर्ता रूप में कार्य करते आ रहे पार्टी के संगठन की मजबूती के लिए हमेशा प्रतन शील रहते है ।प्रदेश भाजपा नेता भाई सनोज यादव ने कहा कि मेरे घर जिला के पार्टी के नेतागण आए थे मैं सभी लोगों को अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया।

# सड़क हादसे में एक की मौत एक गंभीर रूप से घायल

प्रातः किरण संवाददात



फतुहा । बीते रात्रि मंगलवार को बख्तियारपुर-फतुहा स्टेट हाइवे पर एक दर्दनाक हादसे में कल्याणपुर निवासी रोहित कुमार उर्फ टीटू (26) की मौत हो गई। जबकि दरियापुर निवासी अनुज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब दरियापुर गैस गोदाम के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि टीटू अपने परिवार के किसी कार्यक्रम में शामिल होकर देर रात घर लौट रहा था। रास्ते में अचानक एक व्यक्ति बाइक के सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में टीटू का संतुलन बिगड़ गया और बाइक हादसे का शिकार हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल टीटू और अनुज को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। वहां टीटू की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर कर दिया गया। हालांकि अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही टीटू ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि टीटू अपने परिवार के किसी कार्यक्रम में शामिल होकर देर रात घर लौट रहा था। रास्ते में अचानक एक व्यक्ति बाइक के सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में टीटू का संतुलन बिगड़ गया और बाइक हादसे का शिकार हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल टीटू और अनुज को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। वहां टीटू की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। हालांकि अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही टीटू ने दम तोड़ दिया।

### छापेमारी में जब्त हुआ शराब

पटना सिटी (प्राकि)। अगमकुआं थाना क्षेत्र के कुम्हरार मुसहरी, भूतनाथ रोड, ट्रांसपोर्ट नगर, दाउद बिगहा सहित अन्य जगहों पर मद्य निषेध विभाग की टीम ने पुलिस के सहयोग से छापेमारी की। छापेमारी के दौरान 43 लीटर देसी शराब जब्त किया गया। वहीं दो हजार लीटर जाबा महुआ शराब को विनष्ट करने के साथ तीन शराब भट्ठी को भी नष्ट किया गया। छापेमारी के दौरान अफरा-तफरी की स्थिति मच गई थी। पुलिस ने बताया कि शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान निरंतर चलाया जाएगा।

# फतुहा के रेलकर्मी एसोसिएशन के मंडल संयुक्त सचिव निर्वाचित



प्रातः किरण संवाददाता

फतुहा। स्थानीय रायपुरा निवासी रेलकर्मी प्रमोद कुमार को दानापुर मंडल ओबीसी एसोसिएशन ऑफ ईस्ट सेंट्रल की ओर से हुए चुनाव में मंडल संयुक्त सचिव के पद पर निर्वाचित किया गया है। जोनल महासचिव सुबोध पोद्दार के निदेर्शानुसार जोनल वित्त सचिव विमल कुमार ने चुनाव में पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई थी। उनकी देख-रेख में लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव सम्पन्न कराया गया। मौके पर मौजूद ओबीसी सदस्यों व कर्मचारियों की पूर्ण सहमति से प्रदीप कुमार को फिर से एक बार ओबीसी मंडल अध्यक्ष व रवीन्द्र कुमार को सचिव निर्वाचित किया।

नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने कहा कि कि जोनल महासचिव के निदेर्शानुसार, पर्यवेक्षक विमल कुमार की देख-रेख में निष्पक्ष रूप से मंडल कमिटी का चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव और आमसभा में उपस्थित सदस्यों तथा कर्मचारियों की सूची दानापुर के मुख्य कल्याण निरीक्षक नीरज प्रियदर्शी को उपलब्ध करा दी गई है। मौके पर मौजूद पूर्व मध्य रेल के सभी यूनियन एसोसिएशन के सदस्यों ने निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी है।

# बैंड बाजा, ढोल ताशा, कीर्तन के साथ निकला बड़ी प्रभातफेरी आज गुरुद्वारा गुरु का बाग में सजेगा दीवान, निकलेगा नगर कीर्तन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। सिखों के पहले गुरु श्री गुरु नानकदेव जी के प्रकाश पर्व को लेकर चल रही प्रभातफेरी के अंतिम चरण में बुधवार को बड़ी प्रभातफेरी निकाली गई। पंज प्यारों की अगुवाई में तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब परिसर से बड़ी प्रभातफेरी निकाली गई। इसमें हाथी व ऊंट शामिल था। बैंड बाजा, ढोल ताशा, कीर्तनी जत्था के साथ ही गतका पार्टी भी अपना करतब दिखाते हुए चल रहा था। नगर कीर्तन हाजीगंज, पूरब दरवाजा, मोर्चा रोड होते हुए पटना साहिब स्टेशन पहुंचा। यहां चाय-नाश्ता की व्यवस्था थी। इसे ग्रहण करने के बाद नगर कीर्तन फिर आगे के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान स्टेशन मास्टर उपेंद्र कुमार और उनकी टीम के साथ ही जीआरपी की टीम सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर सक्रिय दिखी। प्रभातफेरी चौकशिकारपुर आरओबी से होता हुआ गुरु गोविंद सिंह पथ के रास्ते शहीद भगत सिंह चौक से होता हुआ चौक सब्जी बाजार से तख्तश्री पटना साहिब में पहुंच कर समाप्त हुआ। नगर कीर्तन में महिला और पुरुषों की टोली कीर्तन करते और जयकारा करते चल रही थी।

रास्ते में पंज प्यारों का स्वागत भी लोगों के द्वारा किया गया। नगर कीर्तन में तख्तश्री कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह के अलावा कोई भी पदाधिकारी या सदस्य शामिल नहीं थे। बड़ी प्रभातफेरी के संयोजक तेजेंद्र सिंह बग्गा, प्रेम सिंह, रणजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह, अधीक्षक दलजीत सिंह, प्रबंधक दिलीप सिंह पटेल, लेखापाल देवेंद्र सिंह, अजय सिंह, मनोहर सिंह बग्गा भोला सिंह बब्बू सिंह बिल्लू सिंह,सेवादार कल्याण समिति के अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह बंटी, बलराम सिंह, अजायब सिंह, अवधेश सिंह आदि शामिल थे। गुरुद्वारा गुरु के बैग में गुरुवार को विशेष दीवान सजेगा। यहां अखंड पाठ की समाप्ति के बाद कीर्तन और कथा होगी। इसके बाद अरदास होगा। गुरु का अटूट लंगर चलेगा। इसके बाद पंज प्यारे की अगुवाई में नगर कीर्तन निकाला जाएगा।

# चोर मस्त, जनता त्रस्त, पुलिस पस्त, चोरी की घटनाएं रोकने में पुलिस नाकाम

मसौढ़ी !थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है ।पुलिस के आला अफसर लगातार क्राइम मीटिंग में अपने मातहतों को गश्त करने की सलाह देते रहे हैं ।लेकिन इसके बावजूद भी चोर लगातार पुलिस को चुनौती देते हुए। घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं ।अगर अफसरों की बात माने तो पुलिस शहर में गश्त पर रहती है। इसके बावजूद पुलिस को चोरों ने पस्त कर दिया है ।पुलिस की तमाम रणनीति चोरों के आगे नाकाम साबित हो रही है ।हालत यह हो गई है कि चोर पुलिस थाना से चंद दूरी पर बंद मकानों और दुकानों में घटनाओं को अंजाम दे देते हैं ।चोर को न तो पुलिस का डर है और न ही सीसीटीवी कैमरों का खौफ ।यही वजह है कि चोरी की वारदातें थम नहीं रहीं ।अब तो दिन में परिवार सहित कहीं जाना पड़ जाए तो मकान में ताला बंद करने से पहले सोचना पड़ता है कि कहीं इसी बीच चोर अपना काम न कर जाएं ।क्योंकि अब तो दिनदहाड़े चोर बंद मकानों के ताले तोड़कर घुस जाते हैं ।पिछले दिनों एक-दो चोरी की घटनाओं का खुलासा करके पुलिस शांत बैठ गई.पुलिस के पास तमाम संसाधन होने के बावजूद पुलिस चोरों को पकड़ने में कामयाब नहीं हो पा रही है ।आए दिन रोजाना चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। बीते 27 अक्टूबर को गंगाचक मालिकाना स्थित एक मकान से लाखों रुपए की चोरी कर ली गई थी.पीड़ित व्यक्ति द्वारा थाना में आवेदन दिया गया था, आवेदन देने के बाद भी आज तक पुलिस जांच में नहीं गई. वही पिछले गुरुवार को तिनेरी गांव में बंद घर से लाखों की समाप्ति चोरी कर ली गई. आए दिन लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। पुलिस अफसरों द्वारा चोरी की घटना के खुलासे के दिए गए आश्वासन पर अब पीड़ित भरोसा भी नहीं करते। पीड़ितों की बात करें तो उनका कहना है कि पुलिस गश्त तो करती नही है। साथ ही चोरी की घटना में चंद दिन प्रयास करके मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगा देती है।

### एलपीजी बॉटलिंग प्लांट में चला सतर्कता जागरूकता अभियान




फतुहा। बुधवार को इंडस्ट्रीयल एरिया में स्थित भारत पेट्रोलियम एलपीजी बॉटलिंग प्लांट में सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर वर्करों द्वारा साइकिल रैली निकाली गई। इस साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो पूरे इंडस्ट्रीयल एरिया में जागरूकता भ्रमण कर वापस बॉटलिंग प्लांट पहुंचा। मौके पर ट्रेटरी मैनेजर कुलश्रेष्ठ जी, प्लांट मैनेजर पंकज वर्मा, सुरक्षा अधिकारी श्रीमती प्रगति कुमारी, श्याम स्वरूप देवव्रत, मनोज यदुवंशी सहित सैकड़ों वर्कर्स मौजूद रहे।

### मतदाता सूची में छात्रों के नाम जोड़ने को लगेगा शिविर

पटना सिटी (प्राकि)। कॉलेज व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों का निर्वाचन सूची में नाम जोड़ने के लिए स्कूलों में भी सिविल लगाया जाएगा। जिन छात्रों का एक जनवरी, 2025 को उम्र 18 वर्ष के आधार पर निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में अर्हता प्राप्त युवा मतदाताओं के नाम जोड़ने का अभियान शुरू होगा। इसके लिए एसडीओ सत्यम सहाय की अध्यक्षता में बैठक हुई। एसडीओ ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में शैक्षणिक संस्थानों में शिविर लगाया जाएगा ।इसके लिए अवर निर्वाचन पदाधिकारी निखिल को राजकीय उच्च विद्यालय मंगल तालाब पटना सिटी और डीबीआरके जालान उच्च विद्यालय, प्रखंड विकास पदाधिकारी पटना सदर को किला रोड स्थित श्री गुरु गोविंद सिंह महाविद्यालय में, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मध्याह्न भोजन को चौकशिकारपुर स्थित आरपीएम कॉलेज, मसूरगंज स्थित आर्य कन्या उच्च विद्यालय में, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चार को गुजरी बाजार स्थित ओरिएंटल कॉलेज, कार्यपालक दंडाधिकारी आशा कुमारी को राजकीय महिला महाविद्यालय गायघाट, अचंलाधिकारी पटना सदर राजकीय कन्या उच्च विद्यालय गुलजारबाग, कार्यपालक दंडाधिकारी गंगा सागर को एफएनएस एकेडमी गुलजारबाग, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पांच को मारवाड़ी उच्च विद्यालय में शिविर आयोजित करने का दायित्व सौंपा गया है।

# एनडीए की नीतियों के केंद्र में रहा है बिहार : विजय

- पीएम मोदी के विशेष प्रेम को याद रखेगी बिहार की जनता
- दरभंगा की तरह जमुई से भी होगा विकास



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार आगमन को सुखद और संभावनामय करार देते हुए राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि केंद्र और राज्य की एनडीए की डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में बिहार में विकास का महायज्ञ चल रहा है। प्रधानमंत्री ने एक बार में बिहार के लिए 12 हजार करोड़ रुपए की योजनाओं का शुभारंभ किया है। इन योजनाओं के केंद्र में सूबे की गरीब, वंचित, दलित और शोषित आबादी है इससे एक बार फिर साबित हुआ कि जिन्हें कोई पूछता नहीं था उन्हें मोदीजी की सरकार पूजती है। बिहार यूपी के बाद दूसरा ऐसा राज्य है जहां दो एम्स होंगे। उल्लेखनीय बात यह है कि जहाँ पटना एम्स की आधारशिला श्रद्धेय अटल जी ने रखी थी वहीं दरभंगा एम्स का शिलान्यास मोदी जी ने किया। यह इस बात की निशानी है कि के विकास के रोडमैप में हमेशा बिहार को विशेष स्थान मिलता रहा है। श्री सिन्हा ने कहा कि जिन योजनाओं की शुरूआत मोदी जी के द्वारा हुआ, उसके माध्यम से राज्य में स्वास्थ्य, समृद्धि, रोजगार और राजस्व को खासी गति मिलेगी । इसके अलावा प्रस्तावित नेत्र अस्पताल, मुजफ्फरपुर में कैंसर अस्पताल, आयुष्मान भारत वय वंदना कार्ड की घोषणा के साथ पीएम ने जनसरोकार के प्रति अपनी निष्ठा को प्रदर्शित किया है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि आने वाले 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर मोदी जी एक बार फिर बिहार की धरती पर आएंगे। जमुई की धरती से प्रकृति पूजा की हमारी सनातन संस्कृति के सच्चे प्रतिनिधि हमारे आदिवासी समुदाय का तो अभिनंदन करेंगे ही साथ विकसित भारत की दिशा में देश को एक कदम और आगे ले जाएंगे। मोदी की एनडीए सरकार की पहल पर ही 2021 से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को देशभर में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। श्री सिन्हा ने कहा दूसरी ओर बिहार को गाली और गाली की गर्त में धकेलने वाले राजद-कांग्रेस के लोग झूठा श्रेय लेने में जुटे हैं। राजद के सिपहसालार तो दरभंगा एम्स के निर्माण तेजस्वी यादव की काल्पनिक भूमिका तलाशने में लग गए हैं। अपनी राजनीतिक हरकतों के कारण तो तेजस्वी पहले ही अप्रासंगिक हो चुके हैं, अब अपने शोहदों के आभासी दावों से अपनी स्थिति को हास्यास्पद बनाने में जुट गए हैं।

एक नज़र..



दरभंगा एम्स सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुष्प गुच्छ भेंटकर किया स्वागत ।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर झंझारपुर-लौकहा रेल लाइन में 2 जोड़ी मेमू ट्रेन सेवा का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल हुए।

# सभी चार सीटों पर एनडीए की होगी जीत : श्रवण

- दरभंगा एम्स से बड़ी आबादी को होगा फायदा : जयंत
- स्थानांतरण और पदस्थापन की नई नीति शिक्षकों के हित में : सुनील

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि उप-चुनाव में सभी 4 विधानसभा सीटों पर एनडीए गठबंधन के पक्ष में जनादेश आएगा। नीतीश सरकार ने अपने कार्यकाल में समाज के हर वर्ग का कल्याण और उत्थान किया है। गांवों तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचा है और जनता इसी आधार पर मतदान कर रही है। मंत्री उक्त बातें बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए कही। साथ ही उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने झारखंड को खोखला किया है। मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे हुए हैं। श्री श्रवण कुमार ने कहा कि झारखंड की जनता एनडीए गठबंधन के पक्ष में पूरी तरह से गोलबंद है और पूर्ण बहुमत से हमारी सरकार बनेगी। इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने कहा कि दरभंगा एम्स का निर्माण होने से मिथिला सहित पूरे उत्तर बिहार की बड़ी आबादी को फायदा होगा। डबल इंजन की एनडीए सरकार स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का चुनाव प्रचार में जाना सभी चार सीटों पर एनडीए की जीत को सुनिश्चित कर दिया है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन संबंधित नई नीति को उदार बनाया गया है और अधिकांश लोग इससे संतुष्ट हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि स्थानांतरण और पदस्थापन की नई नीति शिक्षकों के व्यापक हित में है और इसे अंतिम रूप देने में सभी जरूरी पहलुओं को भी ध्यान में रखा गया है। श्री सुनील कुमार ने कहा कि नीतीश सरकार छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने को लेकर प्रतिबद्ध है और शिक्षकों को भी इस दिशा में पूरे लगन से काम करना चाहिए। इससे पहले मंत्री ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए एवं उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर सांसद अजय मंडल, विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी एवं प्रो नवीन आर्य चंद्रवंशी मौजूद रहे।

# 12,100 करोड़ की विकास योजनाएं बिहार के प्रगति को देगा नई उड़ान : उमेश



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बहुप्रतीक्षित दरभंगा एम्स सहित 12,100 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन बिहार के प्रगति को नई उड़ान देगा। जिसमें स्वास्थ्य, सड़क, रेल एवं ऊर्जा क्षेत्र की तकरीबन 25 विकास योजनाएं शामिल हैं। श्री कुशवाहा ने कहा कि डबल इंजन की एनडीए सरकार विकसित बिहार के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेज गति से अग्रसर है। जिसका परिणाम है कि दरभंगा एम्स के रूप में समूचे मिथिलावासियों का सपना अब साकार हो रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि दरभंगा एम्स का निर्माण स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा है, साथ ही उत्तर बिहार के आर्थिक विकास में भी यह निर्णायक साबित होने वाला है। प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि 14 करोड़ बिहारवासियों का यह सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार जैसा सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता हमें मिला है। एनडीए सरकार के स्वर्णिम काल में बिहार निरंतर विकास की पटरी पर तेजी से दौड़ लगा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले चंद वर्षों में प्रदेश की नई तस्वीर उभर कर सामने आएगी और बिहार भी विकसित प्रदेशों की श्रेणी में शुमार होगा। श्री कुशवाहा ने कहा कि राजद और कांग्रेस की सरकार ने कभी बिहार के विकास को लेकर अपनी गंभीरता नहीं दिखाई। बल्कि इसके विपरीत, सत्ता में आकर केवल सरकारी खजानों पर डाका डालने का काम किया है।

# महागठबंधन उम्मीदवारों की ऐतिहासिक जीत तय : अरुण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा है कि बिहार की चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के कुशल नेतृत्व में चारो सीटों पर महागठबंधन समर्थित उम्मीदवारों की भारी मतों से ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि एनडीए के लोग उपचुनाव में खुलेआम सत्ता, धन, तंत्र का दुरुपयोग करते हुए खुलेआम आचारसंहिता का भी उलंघन करने का काम किया लेकिन चुनाव आयोग मौन और मूकदर्शक बनी रही। उसके बाद भी रामगढ़, बेलागंज, इमामगंज और तरारी विधानसभा क्षेत्रों में तेजस्वी यादव जी की तेज लहर के सामने एनडीए बौने साबित हुए हैं। महागठबंधन समर्थित उम्मीदवारों को चारो विधानसभा क्षेत्रों में सभी धर्म, जाति, समुदाय एवं वर्गों का व्यापक जनसमर्थन मिला है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि 17 माह की महागठबंधन सरकार में तेजस्वी यादव ने अपने प्रण अनुरूप किये गए अद्भुत कार्यों से हर वर्ग के लोगों का दिल जीतने का काम किया। तेजस्वी यादव जनता की उम्मीद बन चुके हैं। अब यह स्पष्ट हो गया कि जनता से जुड़े मुद्दों की राजनीति करने वालो को ही जनता साथ देगी।

# छापेमारी में 07 किलोग्राम नेपाली मूल का गांजा बरामद

## तस्करी के खिलाफ तलाशी अभियान जारी रहेगा : आयुक्त






- सीमा शुल्क अधिकारियों का तलाशी अभियान जारी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सीमा शुल्क आयुक्तालय पटना के अंतर्गत सीमा शुल्क अंचल गोपालगंज के अधिकारियों ने मंगलवार को तलशी अभियान के दौरान एक यात्री बस से 07 किलोग्राम नेपाली मूल का गांजा बरामद किया जिसे मादक द्रव्यो एवं मनोत्तेजक पदार्थ अधिनियम, 1985 के तहत जब्त कर लिया गया। सीमा शुल्क निवारण आयुक्त डॉ यशोवर्धन पाठक ने बताया कि तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा और भी अधिक प्रबलता से इसका कार्यान्वयन किया जाएगा एवं इसमें संलिप्त लोगों के विरुध सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं और सूचना देने वाले व्यक्तियों का भी सीमा शुल्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस तस्कर निरोधक अभियान में भविष्य में भी बेहतर समन्वय और सहयोग अपेक्षित है ताकि ऐसी गैर कानूनी गतिविधि पर पूर्णविराम लग सकेक। इस सम्बन्ध में आयुक्त ने यह भी बताया की तस्करी विरोधी अभियान में सहयोग करने वाले विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं के अधिकारीयों एवं सूचना देने वाले व्यक्तियों को सीमा शुल्क अधिनियम के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि देने का भी प्रावधान है। दरअसल, आयुक्त के दिशा निर्देश में तस्करी के खिलाफ सघन एवं व्यापक अभियान छेड़ा गया है। इस पूरे प्रकरण का अहम पहलू यह है कि सीमा शुल्क अंचल गोपालगंज के अधिकारियों द्वारा चलाये जा रहे तलशी अभियान के दौरान डूमरियाघट गोपालगंज के नजदीक यात्री बस से एक बैग में छिपा के ले जा रहे 07 किलोग्राम नेपाली मूल का गांजा बरामद किया गया। बस में सवार यात्रियों से उक्त बैग के बारे में पुछ ताछ कि गयी लेकिन किसी भी यात्री द्वारा उक्त बैग की दावेदारी नहीं की गई। तत्पश्चात उक्त लावारिस गांजा को जब्त कर लिया गया। फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि ये उक्त गांजा कहाँ से लाया एवं कहाँ ले जाया जा रहा था एवं इसके तस्करी में कौन-कौन लोग शामिल हैं। इसके लिए आगे अन्य विधि सम्मत जरुरी करवाई की जा रही है। विदित हो कि पिछले कुछ समय से सीमा शुल्क (निवारण) पटना के द्वारा तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे सघन एवं व्यापक अभियान के फलस्वरूप तस्करी के अनेकों सामान जब्त किये गए हैं।

# चार विधानसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित : गगन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने चारो विधानसभा चुनाव क्षेत्रों के उपचुनाव में इंडिया गठबंधन को दिए जबरदस्त समर्थन के लिए मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए चारो सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत को सुनिश्चित बताया है। उन्होंने कहा कि चारो क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों से मिले फीडबैक के अनुसार इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से काफी मतों के अन्तर से चुनाव जीतने जा रहे हैं।

राजद प्रवक्ता ने कहा राजद के प्रदेश कार्यालय से रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 292 बेलागंज के 304 , इमामगंज के 344 एवं तरारी विधानसभा के एक-एक बुथ पर उपस्थित अपने कार्यकताओं से फीडबैक लेने से जो स्थिति सामने आई है उससे यह स्पष्ट हो गया है कि रामगढ़ , बेलागंज एवं इमामगंज विधानसभा चुनाव क्षेत्रों में राजद और तरारी विधानसभा चुनाव क्षेत्र में माले के उम्मीदवार को सभी वर्गों का भरपूर समर्थन मिला है और विपक्षी उम्मीदवारों को मतदाताओं ने सीधे तौर पर खारिज कर दिया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि बिहार की जनता तेजस्वी में बिहार का भविष्य देख रही है। आज मतदान केन्द्रों पर नौजवानों और महिला मतदाताओं में राजद के प्रति गजब का उत्साह देखने को मिला। एनडीए सरकार के प्रति लोगों में काफी आक्रोश है। गगन ने कहा कि तेजस्वी द्वारा सत्रह महिने के कार्यकाल में किए गए कामों से लोग काफी प्रभावित हैं। नौजवान उन्हें नौकरी मैन और विकास का पर्याय मान रही है। वहीं एनडीए नेताओं को अपनी चुनावी सभाओं में जनता से जुड़े मुद्दों पर बोलने के लिए कुछ है हीं नहीं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि आज तो उपचुनाव है, आने वाले विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक जीत होगी। ज्ञातव्य है कि आज हो रहे मतदान पर पैनी नजर रखने के लिए पार्टी प्रवक्ता चित्तरंजन गगन, प्रदेश महासचिव संजय यादव, फैयाज आलम कमाल, प्रमोद कुमार राम, निर्भय अम्बेडकर के साथ हीं शीवेन्द्र कुमार तांती , मणिषा प्रजापति,बिंदन यादव, अजय कुमार एवं अविनाश कुमार सभी विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों से लगातार सम्पर्क बनाए हुए थे। जहां कहीं से कोई शिकायत आती थी तो तत्काल सम्बद्ध चुनाव पर्यवेक्षक से सम्पर्क कर उसके समाधान हेतु पहल कर रही थी।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,

विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–29 वर्ष–2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–3 पटना, भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 29.11.2024 3:00 बजे अपराहन तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 30.11.2024 3:00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 30.11.2024 (3:30 बजे अपराहन्)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–3, भ0 नि0 वि0, पटना/सहायक विद्युत, अभियंता, विद्युत कार्य अवर प्रमंडल गर्दनीबाग/ विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य अंचल, दक्षिण बिहार, भ0 नि0 वि0, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लाख में | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repair, Rewinding, Overhauling, Greasing and servicing of ceiling fan of different Govt. Building under EW section Vidhan Mandal, Patna | 1,08,900.00 | 2,200.00 | 500.00 | 3 Months |
| 2. | Repair, Rewinding, Overhauling, Greasing and servicing of ceiling fan of different Govt. Building under EW section High Court, Patna. (Non Residential) | 2,00,000.00 | 4,000.00 | 500.00 | 3 Months |
| 3. | Repair, Rewinding, Overhauling, Greasing and servicing of ceiling fan of different Govt. Building under EW section Hon'ble Judge Residence of Patna High Court, Patna and staff Qtr. Under EW Section High Court, Patna (Residential) | 1,14,000.00 | 2,300.00 | 500.00 | 3 Months |
| 4. | Repair, Rewinding, Overhauling, Greasing and servicing of ceiling fan of different Govt. Building under EW section Harding Road, Patna, | 99,000.00 | 2,000.00 | 500.00 | 3 Months |
| 5. | Repair, Rewinding, Overhauling, Greasing and Servicing of ceiling fan of different Govt. building Under EW section old Sectt, section patna. | 92,000.00 | 1,900.00 | 500.00 | 3 Months |

PR. No. 012358 (BCD) 2024-25

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# महंत श्री सुरेश चन्द्र शास्त्री ने सभ्यता व संस्कृति को बचाने का दिया संदेश

# श्रीमद् भागवत कथा बिन सब कुछ अधूरा...

- पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन, भंडारे का आयोजन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना। जीवन में हमें भक्ति और साधना करने की जरूरत है। मोह, ममता त्याग कर हमें श्रद्वा और विश्वास के साथ परमात्मा से जुड़ना चाहिए। श्रद्धा और विश्वास ही भगवान के करीब पहुंचाता है। उक्त बातें महंत श्री सुरेश चन्द्र शास्त्री ने राजधानी पटना के दुजरा स्थित कमल निवास प्रांगण में आयोजित पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें व अंतिम दिन कही। श्री शास्त्री ने श्रद्धालुओं से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करने व सुनने के लिए विशेष तौर पर आग्रह किया। कहा कि इसे आयोजित कराने तथा सुनने वाले व्यक्तियों-परिवारों के पितरों को शांति तथा मुक्ति मिलती है। यह व्यक्ति को सभी प्रकार के पितृ-दोषों से निजात दिलाता है। इस कथा को सुनने मात्र से व्यक्ति के जीवन से जुड़ा हर दोष नष्ट होता है, उसकी नकारात्मकता जाती रहती है और हर प्रकार से वह सकारात्मक हो जाता है। उसे स्वास्थ्य, समृद्धि मिलती है तथा भाग्य में वृद्धि होती है। भागवत कथा सुनने वाले पर स्वयं श्रीहरि विष्णु की कृपा रहती है, इसलिए उसके जीवन की सभी समस्याओं का निवारण होता है। उन्होंने कहा कि भागवत जिस दिन बंद हो जाएगा संसार भस्म हो जाएगा। इसके साथ ही महंत ने श्रद्धालुओं को सांसारिक मोह त्याग कर भगवान की चिंतन करने व दान करने की सीख दी।

उन्होंने देश की सभ्यता, संस्कृति व वेश, भूषा में आ रहे बदलाव पर भी चिंता जताई। कहा कि हमें अपनी सभ्यता, संस्कृति और वेश भूषा को समझने की जरूरत है। गांव हमारी संस्कृति पर जो प्रहार हो रहा है वह चिंतनीय है। एकजुट होकर हमें अपनी सभ्यता व संस्कृति की रक्षा करना है। श्री शास्त्री ने अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण की कथा सुनाई। कथा के दौरान श्री कृष्ण कन्हैया की जय.... का जयकारा लगता रहा। महंत ने प्रवचन के दौरान सुरीली स्वर में कई भजन की प्रस्तुति दी, जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्र मुग्ध व भाव विभोर हो गए। जय जय राधा रमण हरि गो.., वृंदावन में गौउवन चरावे, मधुर मधुर बंसी बजावे...., मेरे घर आना सवारियां तुझे जाने न दूंगी...आदि भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। नाल, ढोलक सहित अन्य यंत्रों के मधुर संगीत पर श्रद्धालु झुमते रहें। इससे पहले श्री शास्त्री ने कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण की कथा सुनाई। कहा कि मनुष्य को जीवन में कृष्ण का चिंतन करना चाहिए। कृष्ण को जो चिंतन करेगा उसे कोई नहीं मार सकेगा। अतएव हमें सांसारिक मोह एवं चिंता को को त्याग कर प्रभु कृष्ण का चिंतन करना चाहिए। बुधवार को कथा के समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कथा को सफल बनाने में कमल राय, रामलली देवी, राम अयोध्या उर्फ गांधीजी, गीता देवी, अनिल राय, निलम देवी, शशिकांत कमल, स्मिता नुपुर, रविकांत कमल, ऐली, श्रीकांत कमल, श्वेता सिंह, कृष्णा राय, निभा राय, कुशाग्र, आयुष्मान, निवान श्रेयांश सहित परिवार के अन्य सदस्यों का सक्रिय योगदान रहा।




सोनपुर मेला

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/क.वि./पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के द्वारा नीचे लिखे हुए कार्य के संपादन हेतु सक्षम, अनुभवी, वैद्य विद्युत कन्ट्रेक्टर लाईसेन्स, तकनीकी योग्यता एवं वित्तीय क्षमता धारक संवेदक से निम्नकार्य के लिए भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई–निविदा के रूप में खुली ई–निविदा आमन्त्रित किया जाता है।

निविदा संख्या एवं तिथि : ई. एल.–टी.आर.डी–ई.टी. –15–2024–25 (खुली)।

1. कार्य का नाम तथा स्थान : एसपीजे डिवीजन के NH-107 महेशकुंट–सहरसा–पूर्णिया खंड KM 90+000 से 177/960 समपार फाटक सं 72 बी पर बनने वाले ROB में हो रहे OHE इनफ्रिंजमेंट हटाने से संबंधित कार्य। 2. समापण अवधि : 04 महीना। 3. कार्य की अनुमानित लागत : ₹26,32,883.06, 4. बयाने की राशि : ₹52,700.00, 5. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई–निविदा बंद होने की तारिख 03.12.2024 को समय 12.00 बजे। ई–निविदा खुलने की तारिख 03.12.2024 को समय 12.30 बजे। 6. वेबसाईट का विवरण : https://www.ireps.gov.in.

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजिनियर (क.वि)/
पूमरे/समस्तीपुर

पीआर/01506/एसपीजे/ईटीआरडी/टी/24–25/36

कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) का कार्यालय

यॉंत्रिक प्रमण्डल, पथ निर्माण विभाग, पटना–14

E-mail – e.e.mech.div.rcd.patna@gmail.com, Mob. No. – 9470001357

कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–04/2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता (यॉं0), यॉंत्रिक प्रमण्डल, प0नि0वि0, पटना।
2. विज्ञापन की तिथि :– 11.11.2024
3. बीड डॉक्यूमेन्ट बिक्री की अंतिम तिथि :– 28.11.2024 (3.00 बजे अपराह्न तक)
4. बीड डॉक्यूमेन्ट प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 29.11.2024 (3.00 बजे अपराह्न तक)
5. कोटेशन खोलन की तिथि एवं समय :– 29.11.2024 (3.30 बजे अपराह्न)
6. बीड डॉक्यूमेन्ट विक्री का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियंता (यॉं0) का कार्यालय, यॉंत्रिक प्रमण्डल, प0नि0वि0, पटना। (2) अधीक्षण अभियंता (यॉं0) का कार्यालय, यॉंत्रिक अंचल, प0नि0वि0, पटना। (3) मुख्य अभियंता (यॉं0) का कार्यालय, यॉंत्रिक उपभाग, प0नि0वि0, बिहार, पटना।
7. कोटेशन प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता (यॉं0) का कार्यालय, यॉंत्रिक प्रमण्डल, प0नि0वि0, पटना।
8. कार्य का विवरण :– फुलवारीशरीफ स्थित तप्त मिश्रण संयंत्र एवं संलग्न मशीनों के पार्ट–पुर्जो के आपूर्ति एवं मरम्मति कार्य।

| क्रम0 सं0 | यंत्र/संयंत्र का नाम | बीड डॉक्यूमेन्ट का मूल्य (अप्रत्यपर्णीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | 18 KVA GENSET, JCB LOADER No.-37242 & TATA LOADER No. -315V-6647 | Rs. 750.00 | 30 Days |
| 2. | APOLLO DM-45 HOT MIX PLANT-227 | Rs. 1250.00 | 30 Days |
| 3. | HYVA TIPPING TRUCK No.-BR1GB-6766 & BR1GB-6769 | Rs. 500.00 | 30 Days |
| 4. | Speed craft road roller No.-97101856 & 97101858 | Rs. 500.00 | 30 Days |
| 5. | Vibratory Road Roller No.-J-1731 & J-1733 | Rs. 750.00 | 30 Days |
| 6. | Apollo Sensor Paver No.-0902893 | Rs. 750.00 | 30 Days |

1. कोटेशन की वैधता अवधि दिनांक–31.03.2025
2. दर आमंत्रण के नियमों/शर्तों एवं विशेष जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय/सूचनापट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
3. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा कसता है।
4. विभाग से संबंधित सूचना/शिकायत के लिए Help Line (18003456161) का उपयोग किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता (यॉं0)
यॉंत्रिक प्रमण्डल
पथ निर्माण विभाग, पटना

PR- 012336 (RCD) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## संक्षिप्त खबरें

### 9 दिसंबर को होगा स्नातक निर्वाचन मतगणना

मुजफ्फरपुर बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतगणना का कार्य एमआईटी मुजफ्फरपुर में 9 दिसंबर को होगा। एमआईटी में ही बज्रगृह एवं काउंटिंग हॉल बनाया जाना है। इसके लिए आयोग के दिशानिर्देश एवं मानक के अनुरूप स्थल चिह्नित करने हेतु जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने एमआईटी का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया तथा एमआईटी के प्रशासनिक भवन के प्रथम तल का निरीक्षण किया। आवश्यकतानुसार अपेक्षित निर्णय लेकर रिपोर्ट शीघ्र निर्वाची पदाधिकारी को भेजें जाएंगे।

### नामांकन को लेकर निषेधाज्ञा लागू

मुजफ्फरपुर।तिरहुत स्नातक उपचुनाव के लिए आयुक्त कार्यालय तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर में 11 नवंबर से नामांकन की प्रक्रिया जारी है जो 18 नवंबर तक चलेगी।19 नवंबर को नामांकन की संवीक्षा तथा 21 नवंबर को उम्मीदवारी वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। निवार्ची पदाधिकारी सह आयुक्त तिरहुत प्रमंडल द्वारा प्रदत्त निदेश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी अमित कुमार द्वारा आयुक्त कार्यालय परिसर के 100 मी के भीतर दंड प्रक्रिया संहिता की धारा के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा लागू की गई है। इस आदेश के तहत आयुक्त कार्यालय परिसर के 100 मीटर के भीतर पांच या पांच से अधिक व्यक्ति एक जगह एकत्रित नहीं होंगे। लाचार एवं अपाहिज व्यक्ति को छोड़कर कोई भी व्यक्ति कार्यालय के आसपास किसी भी प्रकार का घातक हथियार या आग्नेयास्त्र, भाला, तथा लाठी आदि लेकर नहीं चलेंगे। यह निषेधाज्ञा आदेश 11 नवंबर के 8:00 बजे पूर्वाह्न से 22 नवंबर के रात्रि तक लागू है।

### सदर डीएसपी ने चोरी बाइक का किया खुलासा

मधुबनी सदर डीएसपी राजीव कुमार ने नगर थाना पुर प्रेस को संबोधित करते हुए चोरी बाइक का खुलासा किया 5 चोरी की बाइक के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार व्यक्ति का मास्टरमाइंड राजेश कुमार बताया गया राजेश कुमार का ऐतिहासिक अपराध भी खंगालने पर कई थाना में मामला दर्ज है सदर डीएसपी राजीव पांडे प्रीत को संबोधित करते हुए जानकारी दिए की बाइक चोरी में कई आदमी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी लगातार की जा रही है उम्मीद जताया गया है कि जल्द इस गिरोह में और व्यक्ति का भी गिरफ्तारी जल्द किया जाएगा।

### मतदानकर्मियों के प्रशिक्षण स्थल में परिवर्तन

मुजफ्फरपुर।पैक्स चुनाव के सफल एवं सुचारु संचालन हेतु मतदान दल पदाधिकारी एवं कर्मियों का प्रशिक्षण 13 नवंबर से 18 नवंबर तक होना है। मतदान दल के अधिकारियों कर्मियों का प्रशिक्षण बीबी कॉलेजिएट तथा मुखर्जी सेमिनरी उच्च विद्यालय में दिया जाएगा। यद्यपि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण स्थल बीबी कॉलेजिएट तथा डी एन उच्च विद्यालय तय था किन्तु अपरिहार्य कारणवश डी एन उच्च विद्यालय में अब प्रशिक्षण का कार्य नहीं होगा बल्कि स्थल परिवर्तन करते हुए इसके जगह मुखर्जी सेमिनरी हाई स्कूल में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रकार 13 नवंबर से 18 नवंबर तक कुल लगभग 7200 मतदान दल पदाधिकारियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण बी बी कॉलेजिएट तथा मुखर्जी सेमिनरी हाई स्कूल में दिया जाएगा। प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनर की तैनाती की गई है। प्रशिक्षण दो सत्र में दिए जाएंगे। प्रथम पाली का प्रशिक्षण 11:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक तथा द्वितीय पाली का प्रशिक्षण अपराह्न 2:00 से 4:00 बजे तक दी जाएगी। इस आशय की जानकारी जिला सहकारिता पदाधिकारी प्रभात कुमार ने दी है।

### सदर डीएसपी ने चोरी बाइक का किया खुलासा

मधुबनी सदर डीएसपी राजीव कुमार ने नगर थाना पुर प्रेस को संबोधित करते हुए चोरी बाइक का खुलासा किया 5 चोरी की बाइक के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार व्यक्ति का मास्टरमाइंड राजेश कुमार बताया गया राजेश कुमार का ऐतिहासिक अपराध भी खंगालने पर कई थाना में मामला दर्ज है सदर डीएसपी राजीव पांडे प्रीत को संबोधित करते हुए जानकारी दिए की बाइक चोरी में कई आदमी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी लगातार की जा रही है उम्मीद जताया गया है कि जल्द इस गिरोह में और व्यक्ति का भी गिरफ्तारी जल्द किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री ने 12 हजार करोड़ के एम्स निर्माण सहित कई परियोजना का किया शिलान्यास व शुभारम्भ

## सीएम ने कहा दरभंगा में एम्स निर्माण से पूरे बिहार के लोगों को मिलेगा लाभ

प्रातः किरण, संवाददाता,
नवीन कुमार




दरभंगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्री मोदी बुधवार को दरभंगा के शोभन स्थित एम्स निर्माण को लेकर भूमि पूजन और शिलान्यास के साथ ही कई परियोजना का किया शुभारम्भ। इस अवसरपर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर के अलावे केंद्रीय व राज्य सरकार के मंत्री मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने रिमोट के माध्य से एकमी-शोभन बाइपास में दरभंगा एम्स निर्माण के लिए भूमि पूजन व शिलान्यास कार्य का लोकार्पण किया। इसके साथ ही दरभंगा में नई बाइपास रेल लाइन समेत बिहार के अन्य परियोजनाओं का राष्ट्र के नाम समर्पण किया। केंद्र सरकार के 25 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। झंझारपुर लोकहा बाजार रेल खंड पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाया। इसके बाद परियोजनाओं संबंधित लघु फिल्म दिखाई गई। बता दें कि 1700 करोड़ से बनने वाले एम्स व 10 करोड़ की लागत से बनने वाले रामनगर-रोसड़ा एनएच 527 का शिलान्यास और 389 करोड़ से निर्मित काकरघाटी-शीशो बाइपास रेलवे लाइन, झंझारपुर-लोकहा बाजार रेलखंड के गेज परिवर्तन के साथ ट्रेन सेवा का शुभारंभ किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दरभंगा स्थित शोभन में दरभंगा एम्स निर्माण को लेकर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए शारदा सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शारदा सिन्हा ने जिस तरह से छठ गीतों को पूरी दुनिया में अपने गीतों को पहुंचाया वह अद्भुत है। जिन सुविधाओं और परियोजनाओं की पहले चर्चा होती थी, आज वह वास्तविकता बन जमीन पर उतर रही है। हमारी पीढ़ी सौभाग्यशाली हैं, कि हम इसके साझी बन रहे हैं। हमारी सरकार देश की सेवा के लिए है, लोगों के कल्याण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है। सेवा की इसी भावना से यहां विकास से जुड़ी 12 हजार करोड़ रुपये का अलग-अलग परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें सड़क, रेल और गैस परियोजनाओ से जुड़ी अनेय पहल है। दरभंगा एम्स के निर्माण से बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा। इससे मिथिला, कोशी, तिरहुत क्षेत्र के अलावा पश्चिम बंगाल और नेपाल से आने वाले मरीज भी इस अस्पताल में इलाज करा सकेंगे। इससे स्वरोजगार से अवसर मिलेंगे। देश की सबसे बड़ी आबादी गरीब और मध्यम वर्गीय है, बीमारी भी सबसे अधिक इन्हीं वर्गों को प्रभावित करती है। इलाज पर इनका खर्च भी बहुत ज्यादा होती है। हमलोग भी इसी पृष्ट भूमि के हैं, हम समझते हैं। पहले के दौड़ में अस्पताल बहुत कम थे। दवाइयां बहुत महंगी थी, बीमारी की जांच का कोई ठिकाना नहीं था। यहां बिहार में जबतक नीतीश कुमार सरकार में नहीं आए, तबतक गरीबों की चिंता को लेकर कोई गंभीरता नहीं थी। गरीबों के पास चुपचाप गरीबों सहने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। इसलिए पुरानी सोच और एपरोज दोनों ही बदला है। हमारा फोकस बीमारी से बचाव पर है। दूसरी फोकस बीमारी की सही तरीके से जांच पर है। तीसरा फोकस सस्ती दवा मिले, चौथा फोकस स्वास्थ्य सुविधाएं सस्ता बनाना। पांचवां फोकस स्वास्थ्य के क्षेत्र में तकनीकी का विस्तार करना है। ज्यादातर सामान्य बीमारी की वजह गंदही, दूषित खान-पान होता है। इसलिए स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। ऐसे आयोजन से शहर तो स्वच्छ बनता ही, और बीमारियों के फैलने की भी संभावनाएं भी कम होती है। दरभंगा में स्वच्छता अभियान चलाया गया है। इसके लिए सभी को हृद्य से आभार देता हूं। महंगी जांच की वजह से अक्सर लोग बीमारी के बारे में जान ही नहीं पाते हैं, इसलिए हमने आयुष्मान भारत योजना बनाया है। इस योजना से अबतक चार करोड़ से अधिक लोगों का इलाज हो चुका है। अगर यह योजना नहीं होती तो, इनमें से ज्यादातर लोग अस्पताल में भर्ती ही नहीं हो पाते। इनका इलाज निजी अस्पतालों में भी हुआ है। एक योजना से देश की योजना से नागरिकों की जेब में सवा लाख रुपये बचे हैं। 70 साल के ऊपर के बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के तहत लाया गया है। इनके लिए मुफ्त इलाज की सुविधा शुरू हो गई है। बहुत जल्द सभी बुजुर्गों के पास आयुष्मान कार्ड उपलब्ध होगा। बेहतर आरोग्य का हमारा कदम है। आजादी के 60 सालों तक देश में सिर्फ एक ही एम्स था वह भी दिल्ली में था, कांग्रेस की सरकार के समय चार-पांच एम्स बनाने की योजना हुई, वह ठीक तरीके से शुरू भी नहीं हो सकी। आज देशभर में दो दर्जन है। मेडिकल कालेज भी दोगुणे हुए हैं। दरभंगा एम्स से भी हर वर्ष युवा डाक्टर बनकर बाहर निकलेंगे। पहले अंग्रेजी जरूरी थी, लेकिन अब सरकार ने तय किया, एब डाक्टर पढ़ना है या इंजीनियर अपने मात्र भाषा में पढ़कर यह सब बन सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा की नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास का माडल पेश किया है। बिहार को जंगराज से मुक्ति दिलाने में नीतीश कुमार की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। यहां छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए काम कर रही है। यहां बनने वाले एयरपोर्ट, एक्सप्रेसवे से नई मुकाम मिला है। साढ़े पांच हजार करोड़ रुपये से दरभंगा आमस निर्माण कार्य को लेकर पहल शुरू है। यहां जैसे नल से जल आ रही है, वैसे ही नल से गैस आएगी।

# माइक्रो इंप्रूवमेंट प्रोजेक्ट की हुई शुरूआत

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिले में गणित एवं विज्ञान विषय शिक्षण को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग आधारित माइक्रो इंप्रूवमेंट प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत माह अक्टूबर में जिले के 1391 मध्य विद्यालय में से 1255 मध्य विद्यालयों में वर्ग 6 से 8 के बच्चों के बीच गणित एवं विज्ञान विषय को पढ़ाने वाले शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग आधारित माइक्रो इंप्रूवमेंट प्रोजेक्ट की शुरूआत की गई। गणित एवं विज्ञान विषय के शिक्षक/शिक्षिकाओं के निर्देशन में बच्चों के द्वारा निर्मित प्रोजेक्ट में से प्रखण्ड स्तर पर उत्कृष्ट दो प्रोजेक्ट को जिले के सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा चयनित कर बुधवार को डायट रामबाग में जिला स्तर पर आयोजित पीबीएल मेला में शामिल होने के लिए निर्देशित किया गया।

डायट रामबाग के व्याख्याता डॉ. निर्मल कुमार के निर्देशन में आयोजित जिला स्तरीय पीबीएल मेले की शुरूआत जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान सुजीत कुमार दास, जिला शिक्षा समन्वयक मनोज कुमार एवं डायट रामबाग की प्भरी प्राचार्या अनामिका कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। जिला स्तरीय पीबीएल मेला में शामिल गणित एवं विज्ञान विषय के विभिन्न प्रदर्शों में से गणित विषय के प्रोजेक्टों के मूल्यांकर्ता जिला तकनीकी दल के सदस्य सह जिले के मुरौल प्रखण्ड स्थित बुनियादी विद्यालय बखरी के शिक्षक केशव कुमार के द्वारा बोचहा प्रखण्ड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय सरवानी चक के प्रोजेक्ट ॡहमारे क्षेत्र के नक्शाॡ को प्रथम स्थान, मुशहरी प्रखण्ड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रखण्ड मुख्यालय मुशहरी के प्रोजेक्ट ॡज्यामितीय आकृति का निर्माणॡ को द्वितीय स्थान एवं सरैया प्रखण्ड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोपालपुर के प्रोजेक्ट ॡकोणों के प्रकारॡ को तृतीय स्थान प्रदान किया गया ।वहीं विज्ञान विषय के प्रोजेक्टों के मूल्यांकनकर्ता डॉ. मीरा कुमारी एवं अपर्णा कुमारी, व्याख्याता डायट रामबाग के द्वारा सरैया प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय आरोपुर के प्रोजेक्ट ॡहाइड्रोफोनिक्स फार्मिंगॡ को प्रथम स्थान, बंदरा प्रखंड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय हरपुर के प्रोजेक्ट ॡअर्थक्वेक सेंसरॡ को द्वितीय स्थान एवं बोचहा प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय रापेरुपे के प्रोजेक्ट ॡप्रकाश के आपतन और परावर्तन मॉडलॡ को तृतीय स्थान प्रदान किया गया ।जिला स्तर पर चयनित सभी प्रथम द्वितीय में तृतीय प्रतिभागी एवं शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। साथ ही जिला स्तर पर गणित में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रोजेक्ट एवं विज्ञान में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रोजेक्ट को राज्य स्तरीय पीबीएल मेला में शामिल होने का मौका मिलेगा।

उक्त ढइछ मेले के सफल क्रियान्वयन में एच.पी. पी. आई. के जिला समन्वयक धीरज कुमार शर्मा और स्कूल काम्प्लेक्स समन्वयक दीपक कुमार के ने भी योगदान दिया।

# अपराधी के घर पुलिस ने किया कुर्की




कल्याणपुर, प्रातः किरण संवाददाता

थाना क्षेत्र के भगीरथपुर गांव के हत्या आरोपी सह मथुरापुर पुलिस पर हमला करने वाले आरोपी मोहम्मद रुखसार के घर सदर एसडीपीओ-2 विजय महतो के नेतृत्व में कल्याणपुर पुलिस के प्रभारी थाना अध्यक्ष दीपक कुमार झा सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी पुलिस बल बुधवार की न्यायालय के आदेश पर आरोपी के घर का कुर्की जप्ती किया। जेसीबी से अन्य सामानों को भी घ्वस्त करने जा रही थी इस बीच आरोपी कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। आत्म समर्पण करते ही डीएसपी को सूचना मिली कि आरोपी आत्म समर्पण कर चुका है ।इसको मद्देनजर रखते हुए डीएसपी ने आगे कुर्की पर रोक लगाते हुए जप्त की गई सामानों को बगलगीर के पास जिमेनामा बनवाकर सौंप दिया। बता दें कि हत्या आरोपी मोहम्मद रुखसार को कोर्ट के आदेश पर मथुरापुर पुलिस 10 नवंबर को शादे लिबास में पुलिस बल के साथ हत्या आरोपी को पकड़ने गई थी। पकड़ भी लिया। इसी बीच हत्या आरोपी के समर्थकों को मालूम हुआ पुलिस के साथ मारपीट कर सरकारी कार्य में बाधा डाला। इसी बीच आरोपी फरार हो गया। इस मामले को लेकर मथुरापुर थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कल्याणपुर थाने में पांच लोगों को नामजद करते हुए सात अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराई। इस आलोक में न्यायालय कुर्की जप्ती का आदेश निकाला।

# रचा ये श्रृष्टि को जिस प्रभू ने वही ये श्रृष्टि चला रहे हैं भजन पर धीरज कांत ने दर्शकों को झुमाया



प्रातः किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के टभका पंचायत के वार्ड एक में देश के ख्याति प्राप्त भक्ति भजन व गजल के गायक धीरज कांत ने अपने भक्तिमय गीत एवं वायरल भजन के माध्यम से लोगों को रात भर झुमाया। उन्होंने एक से बढ़कर एक भजन एवं गजल के माध्यम से सुर्खियां बटोरीं। अपने वायरल भजन रचा ये श्रृष्टि को जिस प्रभू ने वही ये श्रृष्टि चला रहे हैं गाकर दर्शकों को खूब झुमाया। कार्यक्रम में समाज सेवी राजीव रंजन, दिलीप कुमार, जिला परिषद अमन पराशर, मनोरंजन प्रसाद मिश्र सहित अन्य गणमान्य लोगों ने कलाकार धीरज कांत को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

# पीएम मोदी ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र की 4,027 करोड़ की विभिन्न पहलों को किया राष्ट्र को समर्पित

प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र की 4,027 करोड़ रुपये की विभिन्न पहलों का शुभारंभ कर राष्ट्र को समर्पित किया। ये पहल स्वच्छ और टिकाऊ ईंधन उपलब्ध कराने और सरकार के मेक इन इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप सामग्री के उत्पादन पर केंद्रित होंगी। घरों तक पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) पहुंचाने तथा वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए स्वच्छ ऊर्जा विकल्प उपलब्ध कराने के भारत सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप बीपीसीएल 3,638 करोड़ रुपये के पर्याप्त निवेश के साथ बिहार के पांच प्रमुख जिलों दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, सीतामढ़ी और शिवहर में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क विकसित कर रहा है। यह परियोजना प्राकृतिक गैस के उपयोग को बढ़ावा देकर शुद्ध शून्य उत्सर्जन की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्राकृतिक गैस एक पर्यावरण के अनुकूल ईंधन है, जो वायु प्रदूषण को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह घरों, व्यवसायों और उद्योगों को भी समान रूप से सहायता प्रदान करेगा। इसके अलावा, इस परियोजना में नए सीएनजी स्टेशनों को चालू करना और एक मजबूत कार्बन स्टील पाइपलाइन नेटवर्क का निर्माण शामिल है जो बेगूसराय से दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी और शिवहर तक प्राकृतिक गैस पहुंचाएगा। मेक इन इंडिया पहल भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलने में आधारशिला रही है। औद्योगिक क्षमताओं को बहाने, नवाचार को बढ़ावा देने और विश्व स्तरीय बुनियादी वांचे के निर्माण पर विशेष ध्यान देने के साथ, इस पहल का उद्देश्य भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करना है। इंडियन ऑयल की बरौनी रिफाइनरी में 389 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली विटुमेन विनिर्माण इकाई से घरेलू स्तर पर बिटुमेन का उत्पादन करने में मदद मिलेगी, इससे आयातित बिदुमेन पर देश की निर्भरता भी कम होगी, जिससे भारत की आर्थिक आत्मनिर्भरता में योगदान मिलेगा और साथ ही विदेशी मुद्रा आय में 1.1 मिलियन डॉलर की बचत होगी।

ये परियोजनाएं इन जिलों में औद्योगिक विकास को गति देंगी, आर्थिक विकास के लिए उत्प्रेरक का काम करेंगी तथा बिहार में समृद्धि के नए द्वार खोलेंगी।

# मिथिला के विकास के शिल्पकार है पीएम मोदी : डॉ गोपाल जी ठाकुर



प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा।आजादी के लंबे समय के बाद भी मिथिला क्षेत्र को काग्रेस राजद ने पंगु बनाकर रख दिया था। लेकिन भाजपा और एनडीए की सरकार ने सत्ता में आते ही यहां के विकास का जो मापदंड तैयार किया आज पीएम मोदी उस हर मापदंड को पूरा कर रहे है। दरभंगा एम्स का शिलान्यास कार्यक्रम उस मापदंड का उदाहरण है। दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर एम्स निर्माण शिलान्यास कार्यक्रम में आयोजित जनसभा में अपने संबोधन के दौरान उपरोक्त बातें कही। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में शोभन पंचोभ अवस्थित एम्स शिलान्यास कार्यक्रम मे केंद्र की मोदी सरकार की जमकर सराहना करते हुए कहा कि यह एम्स यहां के विकास का राष्ट्रीय क्षितिज पर स्थापित करेगा और साढ़े आठ करोड़ मिथिलावासियों को स्वास्थ्य सेवा के मुद्दे पर वरदान साबित होगा।मंचस्थ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जमकर सराहना करते हुए कहा कि इस एम्स की स्वीकृति से लेकर अभी तक सभी वैधानिक प्रक्रिया को पूरा करने में पीएम मोदी तथा एनडीए सरकार के साथ साथ बिहार के सीएम नीतीश कुमार के सहयोग की चर्चा करते हुए कहा कि इतनी बड़ी उपलब्धि के लिए मिथिला के लोग सदैव उनका आभारी रहेंगे। सांसद डा ठाकुर ने बिहार तथा देश के एनडीए के शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में मंच से एम्स शिलान्यास कार्यक्रम में राजद नेता तेजस्वी यादव के सोशल मीडिया में आए बयानों पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि बिहार का दूसरा दरभंगा एम्स मोदी जी की देन है जिसमे बिहार के सीएम नीतीश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। संसद डा ठाकुर ने सभा में एनडीए सरकार की उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख ।

# देवघर पब्लिक स्कूल में आयोजित बाल मेला में छात्रों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुति



प्रातः किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के शिशबन्नी कल्याणपुर स्थित देवघर पब्लिक स्कूल में बुधवार को आयोजित बाल मेला का उदघाटन प्राचार्य कामनी झा ने फीता काटकर किया। वही शिक्षक दिलीप कुमार झा, प्रवीण कुमार झा, सुशांत पांडेय, हरिशंकर कुमार झा, डॉली कुमारी, पूजा कुमारी, खुशबू रानी आदि ने बाल मेला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। वही छात्रा वैष्णवी, तान्या, प्रिया, साक्षी, जूली, ज्योति, स्मृति, प्रेरणा, अभिलाष, अनन्या, वैष्णवी, अंशु, शालिनी, श्रुति, पल्लवी, रुपेश, पिकेश, अनुषा, मुस्कान, एकता, साकेत आदि ने एक से बढ़कर एक अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। मेला में बच्चों को खेलने और खाना-पीने का भरपूर इंतजाम था। मौके पर इस बाल मेला को देखने आदित्य कुमार, प्रो रामानंद झा, सुभाष राय सहित कई अभिभावक और सैकड़ों छात्र-छात्राएं भी मौजूद थे।

## पीएम मोदी ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र की 4,027 करोड़ की विभिन्न पहलों को किया राष्ट्र को समर्पित

प्रातः किरण, संवाददाता

दरभंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र की 4,027 करोड़ रुपये की विभिन्न पहलों का शुभारंभ कर राष्ट्र को समर्पित किया। ये पहल स्वच्छ और टिकाऊ ईंधन उपलब्ध कराने और सरकार के मेक इन इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप सामग्री के उत्पादन पर केंद्रित होंगी। घरों तक पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) पहुंचाने तथा वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए स्वच्छ ऊर्जा विकल्प उपलब्ध कराने के भारत सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप बीपीसीएल 3,638 करोड़ रुपये के पर्याप्त निवेश के साथ बिहार के पांच प्रमुख जिलों दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, सीतामढ़ी और शिवहर में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क विकसित कर रहा है। यह परियोजना प्राकृतिक गैस के उपयोग को बढ़ावा देकर शुद्ध शून्य उत्सर्जन की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्राकृतिक गैस एक पर्यावरण के अनुकूल ईंधन है, जो वायु प्रदूषण को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह घरों, व्यवसायों और उद्योगों को भी समान रूप से सहायता प्रदान करेगा। इसके अलावा, इस परियोजना में नए सीएनजी स्टेशनों को चालू करना और एक मजबूत कार्बन स्टील पाइपलाइन नेटवर्क का निर्माण शामिल है जो बेगूसराय से दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी और शिवहर तक प्राकृतिक गैस पहुंचाएगा। मेक इन इंडिया पहल भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलने में आधारशिला रही है। औद्योगिक क्षमताओं को बहाने, नवाचार को बढ़ावा देने और विश्व स्तरीय बुनियादी वांचे के निर्माण पर विशेष ध्यान देने के साथ, इस पहल का उद्देश्य भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करना है। इंडियन ऑयल की बरौनी रिफाइनरी में 389 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली विटुमेन विनिर्माण इकाई से घरेलू स्तर पर बिटुमेन का उत्पादन करने में मदद मिलेगी, इससे आयातित बिदुमेन पर देश की निर्भरता भी कम होगी, जिससे भारत की आर्थिक आत्मनिर्भरता में योगदान मिलेगा और साथ ही विदेशी मुद्रा आय में 1.1 मिलियन डॉलर की बचत होगी। ये परियोजनाएं इन जिलों में औद्योगिक विकास को गति देंगी, आर्थिक विकास के लिए उत्प्रेरक का काम करेंगी तथा बिहार में समृद्धि के नए द्वार खोलेंगी।

## पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए 18 एवं सदस्य के लिए 58 उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन पर्चा

प्रातः किरण, संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत 27 पैक्सों के लिए बुधवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। 13 नवंबर से 16 नवंबर तक चलने वाले नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन अलग-अलग पैक्सों के अध्यक्ष पद के लिए 18 एवं सदस्य के लिए 58 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है। चकहबीब पंचायत से पैक्स अध्यक्ष पद के लिए प्रमोद कुमार, मुस्तफापुर से हुकुमदेव राय, कल्याणपुर उत्तर से सुमन कुमार, बोरिया से संजू कुमारी, महथी दक्षिण से शंभू कुमार, विभूतिपुर उत्तर से अरुण कुमार राय,सुरौली दामोदरपुर से राजाराम यादव, महमदपुर सकड़ा से हरिनारायण सिंह, अमरनाथ राय, राजीव कुमार चौधरी, टभका से रत्नेश झा, आलमपुर कोदरिया से अमरजीत कुमार, सुनील कुमार, बाजिदपुर बम्बैया से अनिल कुमार, चंदन कुमार चौधरी, महिषी से लक्ष्मी नारायण सिंह,केराई से संजय कुमार ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पर अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है। बता दें कि विभूतिपुर में 27 पैक्सों के लिए 20 नवंबर को नाम वापसी तथा चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। 27 नवंबर को मतदान एवं उसी दिन मतदान के बाद मतगणना या 28 नवंबर को मतगणना की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

## बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का उद्घाटन

प्रातः किरण, संवाददाता

मधुबनी बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सात निश्चय पार्ट 2 के तहत कॉम्फेड बिहार स्टेट मिल्क कोऑपरेटिव फेडरेशन द्वारा निर्मित सुधा होल डे मिल्क पार्लर का उद्घाटन जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर खजौली में किया गया। गौरतलब हो कि सरकार की सात निश्चय पार्ट 2 योजना के तहत राज्य के युवाओ को जहा रोजगार प्राप्त हो रहे है, वही उनके स्वरोजगार के लिए भी कई कार्य किया जा रहे है। बताते चले की इसी कड़ी में जिले के सभी प्रखंड कार्यालय परिसर में सुधा होल डे मिल्क पार्लर का निर्माण किया जा रहा है साथ ही सदर अस्पताल सहित कई पीएचसी में भी सुधा होल डे मिल्क पार्लर का निर्माण किया जा रहा है। जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा ने स्वयं इसमें अभिरुचि लेते हुए सभी प्रखंड कार्यालय परिसर एवं सरकारी अस्पतालो में सुधा होल डे मिल्क पार्लर हेतु भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करवाई है। भूमि उपलब्धता को लेकर जिलाधिकारी द्वारा लगातार सभी सीओ के साथ समीक्षा बैठक भी की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि सुधा होल डे मिल्क पार्लर निर्माण का उद्देश्य शुद्ध दुग्ध एवं दुग्ध जन्य पदार्थ के खुदरा विपणन तंत्र के विकास एवं रोजगार सृजन उपभोक्ताओ की सुविधा आदि को ध्यान में रखते हुए सभी प्रखंड कार्यालय के परिसर एवं कई पीएससी में इसका निर्माण कराया जा रहा है जो तीन माह में पूर्ण हो जाएगा। वर्तमान में 30 स्थानो पर कार्य चल रहा है। उक्त अवसर पर डॉ राजेश कुमार जिला पशुपालन पदाधिकारी, डॉ सुभाष चंद्र सिंह प्रभारी पदाधिकारी सुधा दरभंगा, विभव प्रकाश सिंह प्रभारी पदाधिकारी सुधा मधुबनी, अखिलेश झा, चंदन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी खजौली अंचल अधिकारी खजौली सहित कई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## भव्य शोभा यात्रा से शुरू हुआ तीन दिवसीय मिथिला विभूति पर्व समारोह

प्रातः किरण, संवाददाता

दरभंगा ।महाकवि विद्यापति के महानिर्वाण दिवस कार्तिक धवल त्रयोदशी के अवसर पर विद्यापति चौक स्थित महाकवि कोकिल विद्यापति की प्रतिमा पर विद्यापति सेवा संस्थान के महासचिव डा बैद्यनाथ चौधरी बैजू की अगुवाई में कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो शशिनाथ झा, पूर्व कुलानुशासक डा श्रीपति त्रिपाठी, मैथिली अकादमी के पूर्व अध्यक्ष पं कमलाकान्त झा, संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष डा बुचरू पासवान, डा अयोध्या नाथ झा, आदि द्वारा माल्यार्पण करने के उपरांत निकाली गई भव्य शोभायात्रा के साथ तीन दिवसीय मिथिला विभूति पर्व समारोह की शनिवार को विधिवत शुरूआत हुई। मौके पर वरिष्ठ साहित्यकार मणिकांत झा, स्वागत महासचिव प्रो जीवकांत मिश्र, महात्मा गांधी शिक्षण संस्थान के चेयरमैन हीरा कुमार झा, आदित्य नारायण चौधरी मन्ना, शोभा यात्रा संयोजक विनोद कुमार झा, सह संयोजक प्रो विजय कांत झा, संस्थान के मीडिया संयोजक प्रवीण कुमार झा, प्रो चंद्रशेखर झा बूढ़ा भाई, डॉ गणेश कांत झा, डॉ उदय कांत मिश्र, दुर्गानन्द झा, नवल किशोर झा, दिनेश झा, डॉ महानन्द ठाकुर, लक्ष्मण प्रसाद ठाकुर, आशीष चौधरी, डॉ सुषमा झा, मणिभूषण राजू, पुरूषोत्तम वत्स आदि ने भी महाकवि की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और शोभायात्रा में भाग लिया। मिथिला की गौरवशाली लोक परंपराओं को सहज रूप में दशार्ती मनोरम झांकियों के साथ सैकड़ों की संख्या में आम मैथिल एवं मिथिलाक्षर साक्षरता अभियान के अभियानी कदम से कदम मिलाकर इस शोभायात्रा में अपने गौरवशाली परंपरा की विशेषता का संदेश प्रसारित संबंधित नारे लगाते साथ चल रहे थे। मौके पर शोभा यात्रा संयोजक विनोद कुमार झा ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य मिथिला व मैथिली की गौरवशाली परंपरा और धरोहर से आमजन को अवगत कराना है। शहर के विद्यापति की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शोभायात्रा आगे बढ़ी। इस दौरान मिथिला के महान विभूति पं सुरेन्द्र झा सुमन, पूर्व सांसद भोगेंद्र झा, महाराज महेश ठाकुर, महाराज रमेश्वर सिंह, ललित नारायण मिश्र, डॉ भीमराव अंबेडकर, महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह, महाराज कामेश्वर सिंह,बाबा नागार्जुन आदि की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने उपरांत मां श्यामा काली की पूजा अर्चना करने श्यामा मंदिर परिसर में एकत्रित हुई ।शोभा यात्रा के दौरान विभिन्न रंगमंच से जुड़े कलाकारों द्वारा पारंपरिक गीतों पर केन्द्रित भावपूर्ण नृत्य प्रदर्शित की गई। वहीं गंधर्व कुमार झा ने वेद ध्वनि प्रस्तुत किया।

## संक्षिप्त खबरें

### बकरी के विवाद पर हुई मारपीट में 4 लोग हुए घायल

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के बैजलपुरा गांव में बुधवार की दोपहर एक घर के चार सदस्यों के साथ उसके गोतिया के द्वारा लाठी डंडा से मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायल की पहचान मो. किताबुल अंसारी, उसकी मां तस्लीमा खातून, पत्नी नाजमी प्रवीण, पिता सराज अंसारी के रूप में हुई है। घायलों को लोगों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां सभी घायलों का इलाज किया गया। मारपीट की घटना में तस्लीमा खातून की स्थिति नाजुक बनी हुई है। मारपीट के संदर्भ में मो. किताबुल ने बताया कि बकरी के विवाद को लेकर चचेरा भाई अख्तर अंसारी बगलगीर के सज्जाद से झगड़ा कर रहा था उसके बाद चचेरा मुझसे पार्टी देने की बात करते हुए मुझसे विवाद करने लगा। जिसका विरोध किया तो चाचा बाबुजान, चचेरा भाई अख्तर अंसारी एवं उनके घर वालो ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया। मारपीट की घटना देखकर जब मेरे घर वाले मुझको बचाने के लिए आया तो उक्त लोगों ने घर वालों के साथ मारपीट करते हुए मेरी मां के हाथ पर लाठी से वारकर उसका हाथ तोड़ दिया।

# योगेन्द्र यादव हत्याकांड में दो अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता



सोनो जमुई : पुलिस कप्तान जमुई के निर्देश पर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी झाझा के नेतृत्व में किये गए छापेमारी के दौरान योगेन्द्र यादव हत्याकांड में शामिल एक प्राथमिकी अभियुक्त एवं एक अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति मे यह कहा गया है कि 28 फरवरी 2024 को सोनो थाना क्षेत्र के कोरिया गाँव निवासी रमण यादव का पुत्र बुढ़न यादव के द्वारा सोनो थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है । कांड संख्या 359 / 24 मे बुढ़न यादव के द्वारा यह आरोप लगाया गया हे कि उसका बड़ा पुत्र जागेश्वर यादव के द्वारा बिना वजह प्रतिदिन गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते आ रहा हे । घटना के दिन जागेश्वर यादव अपने हाथों में कुल्हाड़ी लेकर गाली गलौज करते हुए आया और मेरे उपर प्रहार कर दिया , मोके पर उपस्थित छोटे पुत्र योगेन्द्र यादव ने मुझे बचाने की कोशिश की , इसी क्रम मे जागेश्वर यादव के द्वारा चलाए गए कुल्हाड़ी का प्रहार योगेन्द्र यादव के सीर पर लग गया और बुरी तरह घायल होकर जमीन पर गिर पडा । गंभीर रूप से घायल योगेन्द्र यादव को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनो ले जाया गया जहाँ पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जमुई भेज दिया गया । जमुई सदर के चिकित्सकों द्वारा उसे बैहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रैफर कर दिया । लेकिन पटना ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई थी । गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों मे बोढ़न यादव का बडे.पुत्र जागेश्वर यादव एवं जागेश्वर यादव की पत्नी अर्चना देवी शामिल हैं । छापेमारी दल मे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुमार झाझा के साथ सोनो थाना अध्यक्ष दिनानाथ सिंह , पुलिस अवर निरिक्षक विशाल कुमार सिंह एवं चंद्रदेव महतो , महिला सिपाही ज्योति कुमारी , तथा डीआईऊ की टीम के अलावा सोनो थाना के अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।

## दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में कुल 5 लोग हुए घायल



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] बुधवार की सुबह झाझा प्रखंड के धमना गांव में मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें दोनो पक्षों की ओर से कुल 5 लोग घायल हो गया। एक पक्ष से घायल की पहचान प्रिंस कुमार, उसका पिता सुधीर पांडेय, मां कविता देवी के रूप में हुई तो दूसरे पक्ष से घायल की पहचान सुनीता देवी और विकास कुमार के रूप में हुई है। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने सभी घायलों का इलाज किया लेकिन कविता देवी को अत्यधिक चोट लगने से गम्भीर स्थिति देखकर डॉक्टर ने उसे सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। पहले पक्ष से घायल प्रिंस ने बताया कि चार दिन पूर्व दूसरे पक्ष की ओर से गोली मारने की धमकी दिया गया था जिसका पंचायती होने वाला था इसी बात को दूसरे पक्ष से मेरे चाचा शंकर पांडेय, चचेरा भाई विकास, विपिन और चाची टांगी, चाकू, लाठी से होकर सुबह घर मे घुसकर हमलोगों के साथ मारपीट करते हुए मुझे टांगी से और मेरी मां को चाकू से वार कर घायल कर दिया। वही दूसरे पक्ष से घायल के परिजन ने बताया कि पूजा करने के विवाद को लेकर पहले पक्ष के लोगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। मारपीट को लेकर पहले पक्ष की ओर से थाना में आवेदन भी दिया गया है।

## जमीन मालिकों को दाखिल खारिज एवं अन्य मामले में आंचल कर्मियों द्वारा परेशान किया जा रहा है

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। मुंगेर ही नहीं बल्कि पूरे बिहार में अंचल अधिकारियों का रवैया भूस्वामियों के प्रति शोषण का वर्षो से रहा है। इस पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार ने विधानसभा प्रयुक्त समिति का गठन कर रिपोर्ट देने को कहा था प्रयुक्त युक्त विधान समिति ने जो विधानसभा को अपनी अनुशंसा की है उसमें कई चौंकाने वाला बात स्पष्ट किया गया है समिति ने इसको लेकर संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की भी अनुशंसा की है पिछले दिनों समिति ने विधानसभा को अपनी रिपोर्ट सौंपा है समिति ने कहा है कि लोगों को जानबूझकर अंचल आने को मजबूर किया जा रहा है ताकि कर्मचारियों की जेब भर सके समिति ने डीसीएलआर और सीओ को कटघरे में खड़ा कर दिया है और कहा है कि उनके स्तर पर सरकारी प्रयासों को धत्ता बताया जा रहा है सरकारी निदेर्शों को तो अंचलों में पढ़ा भी नहीं जाता है। विस्तृत अध्ययन के बाद समिति ने जो रिपोर्ट तैयार की है उसमें डीसीएलआर का और राजस्व पदाधिकारी के कामकाज पर गंभीर टिप्पणी की गई है कहा गया है कि सरकार भूमि विवादों को कम करने को लेकर न्यूनतम काम किया जा सके। लोग घर बैठे भू संबंधित त्रुटियों को दूर कर सके। मगर राज्य सरकार के प्रयासों पर अधिकारी कर्मचारी से लेकर डीसीएलआर तक पानी फेर रहे हैं ऑनलाइन मोटेशन करने में इन लोगों की दिलचस्पी नहीं होती है दाखिल खारिज नियमों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। डीसीएलआर और अंचल अधिकारियों को नियमों से कोई मतलब नहीं है अंचल के दफ्तरों में बिजोलियों का बोलबाला है संबंधित अंचल अधिकारियों और राजस्व पदाधिकारी की उन्नति पर रोक लगे और उसकी वेतन वृद्धि पर भी रोक लगाई जाए। समिति ने आगे अनुशंसा की है कि अंचल द्वारा अस्वीकृत मामले की विशेष रूप से समीक्षा की जाए। सरकारी नियम सर्कुलर और निर्देशन का अनुपालन तत्परता से किए जाएं विभाग के अंदर एक कोषांग गठित कर प्रत्येक अंचल और अनुमंडल के कार्यकाल का मासिक रूप से विस्तृत समीक्षा की जाए निष्कर्ष में कहा गया है कि प्रत्येक जिला में एसडीओ डीएम आयुक्त द्वारा हर सप्ताह अंचल कार्यालय के कार्यकाल इनकी समीक्षा होनी चाहिए राज्य स्तर पर सिर्फ डाटा कलेक्शन का काम नहीं हो बल्कि गहन समीक्षा कर शिथिलता बरतने वाले को चिन्हित कर उन पर तत्काल कार्रवाई होगी तभी इस व्यवस्था में सुधार होगा अन्यथा सरकार के सारे प्रयास सफल नहीं होंगे। लोग कोर्ट के चक्कर लगाते रहेंगे। इससे लोग गरीब से गरीब होते जाएंगे और विभाग भी चैन से नहीं बैठ पाएगा नियम और समयबद्धता के पालन का कारगर अनुसरण यदि विभाग नहीं करेगा और शिथिलता बरतने वालों पर कठोर कार्रवाई नहीं होगी तो अंचल कार्यालय में अराजकता से भरा रहेगा यही विधानसभा की प्रयुक्त समिति विधानसभा समिति ने रिपोर्ट कर विधानसभा को सोंपा है।

## गोबड्डा पंचायत में निमार्ण कार्य का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण , कार्य की धीमी गति पर संवेदक पर नाराज



प्रात : किरण संवाददाता


मुंगेर । जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा बुधवार को हवेली खड़गपुर प्रखंड के गोबड्डा पंचायत स्थित शिवपुर लगवाएं में बन रहे एपीएचसी का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की गुणवत्ता की जांच की, जो संतोषजनक पाया। उन्होंने कहा कि जांच में गुणवत्तायुक्त कार्य पाया गया। कार्य की धीमी गति पर उन्होंने संवेदक को एक माह के अंदर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा को और भी सुचारू रूप से बहाल करने तथा मरीजों को अधिक से अधिक सुविधा दिलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न प्रखंडों में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। पूर्व में निजी भवनों में संचालित भवनों को अपने भवन में संचालित करने के लिए जमीन चिन्हित करने तथा वहां निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया गया था। जहां जहां जमीन चिन्हित कर अधिगृहित हो चुकी है, वहां निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। गोबड्डा पंचायत में बन रहे एपीएचसी के भवन निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा एक माह के अंदर उसे पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। जल्द ही अब एपीएचसी का अपना भवन होगा जिससे स्थानीय लोगों को और भी अधिक सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। इसके अलावा अन्य निजी भवनों में संचालित एपीएचसी के लिए भी जमीन चिन्हित किया जा रहा है, जैसे जैसे जमीन चिन्हित होती जाएगी एपीएचसी का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, खड़गपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## केतरू नवादा गांव के नून बतिया देवी ने गिद्धौर थाना में दिया लिखित आवेदन

### डांट फटकार कर थाना से भगा दिया गया नून बतिया देवी के पुत्र को

- आवेदन पर थाना प्रभारी के द्वारा नहीं की जा रही है कार्रवाई





प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर थाना क्षेत्र के केतुरू नवादा गांव में एक पक्ष के लोगों के द्वारा जमीन का बिना बंटवारे के ही मकान निर्माण का काम किया जा रहा है।इसे लेकर दूसरे पक्ष के लोगों के द्वारा गिद्धौर थाना पुलिस को लिखित आवेदन देकर मामले की जानकारी दी है।लेकिन दूसरे पक्ष के लोगों के द्वारा पुलिस पर आरोप लगाया है कि इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।पहले पक्ष के पारो यादव, सहदेव यादव, नारायण यादव,जानकी यादव के द्वारा बिना जमीन बंटवारे के ही मकान का निर्माण कराया जा रहा है। दूसरे पक्ष के नूनबतिया देवी पति राजकुमार यादव के द्वारा इस मामले में गिद्धौर थाना में आवेदन दिया गया है। इस मामले को लेकर नूनबतिया देवी के पुत्र लालू यादव ने बताया कि मेरे बाबा चार भाई थे।दो बाबा के संतान नहीं थे।एक पक्ष के पारो यादव, सहदेव यादव, नारायण यादव, जानकी यादव के द्वारा तीन हिस्सा जमीन ले लिया,और मुझे मात्र एक हिस्सा दिया।पूरा जमीन लगभग 80 डिसिमल है,यह लोग दबंग प्रवृत्ति के लोग हैं।जबरदस्ती मकान बना रहे हैं,मेरा रास्ता भी अवरुद्ध कर दिए हैं। इस मामले पूर्व में पंचायत भी हुई थी,लेकिन पंचायत में वह लोग नहीं पहुंचे।वही उन्होंने बताया कि इस मामले में तीन बार गिद्धौर थाना में आवेदन दिए हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। आज फिर मंगलवार को जब गिद्धौर पुलिस को आवेदन दिए तो प्रभारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार के द्वारा बोला गया यह मेरा काम नहीं है।बड़ा बाबू ने बोला मेरा काम जमीनी विवाद का नहीं है।तुम मरो कटो उसके बाद हम केस लेंगे।हम तुम्हारा नौकर नहीं हय कि तुम जो कहोगे वही हम करेंगे यही बात बड़ा बाबू बोले,उनके द्वारा इस झगड़े को रोकने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। खैर जो भी हो गिद्धौर के प्रभारी थाना अध्यक्ष पंकज कुमार के द्वारा यह सब एक आम बात हो गई है यहां जो भी फरियादी आते हैं उनसे ना तो सही तरह से वातालर्प करते हैं और डांड डब्ड के भगा दिया जाता है। वहीं गिद्धौर थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि ऐसा कुछ मामले की जांच करने के लिए मौके पर पहुंच कर जमीन पर हो रहे निर्माण कार्य को बंद कर दिया गया है दोनों पक्षों के लोगों को शनिवार को होने वाले जमीन मामले में जनता दरबार में बुलाया गया जहां दोनों पक्षों को सुनकर मामले का निपटारा कराया जाएगा।

## किसान सलाहकार पर बीज वितरण में अनियमितताओं का लगा आरोप

- जिला कृषि कार्यालय ने लिया संज्ञान : झाझा प्रखंड के एक किसान

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] सलाहकार मनोज कुमार पर रबी 2024 के बीज वितरण में अनियमितताओं और किसानों से निर्धारित मूल्य से अधिक धनराशि लेने के गंभीर आरोप लगे हैं। किसानों की शिकायतों के अनुसार, बीज वितरण के दौरान किसान सलाहकार ने न केवल किसानों से अतिरिक्त राशि वसूली बल्कि कई किसानों को तय मात्रा में बीज भी उपलब्ध नहीं कराए गए। जिला कृषि पदाधिकारी ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए किसान सलाहकार मनोज कुमार यादव से दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि जांच में आरोप सत्य पाए गए, तो किसान सलाहकार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसानों का कहना है कि इस तरह के कृत्य उनके शोषण का कारण बनते हैं और कृषि योजनाओं में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए, किसानों को उम्मीद है कि जिला प्रशासन शीघ्र कार्रवाई करेगा ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं न हों और किसानों का हित सुरक्षित रहे।

## प्रधानमंत्री की सभा को लेकर लोजपा ने किया बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



तारापुर (मुंगेर)। मंगलवार को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रधान कार्यालय तारापुर में लोजपा आर का एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया । गौरतलब है कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोजपा रामविलास के प्रदेश प्रधान महासचिव सह जमुई लोकसभा प्रभारी संजय पासवान एवं विशिष्ट अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मिथलेश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे । बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री पासवान ने कहा कि आगामी 15 नवंबर को जमुई में देश के यशस्वी ऊजार्वान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा की गई । खासकर युवा विंग का विस्तार करते हुए तारापुर एवं संग्रामपुर नगर अध्यक्ष के पद पर नये साथी की नियुक्ति की कर उन्हें पार्टी की संसद सदस्यता दिलाई गई । बैठक में प्रधानमंत्री की सभा में अधिक से अधिक लोगों को जमुई चलने का आह्वान किया गया । श्री पासवान ने जमुई संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले तारापुर विधानसभा क्षेत्र के सभी देव तुल्य कार्यकताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि लोजपा रामविलास के प्रदेश स्तर पर होने वाले सभी तरह के कार्यक्रम में हमेशा बेहतर उपस्थिति रही है । जिसका उन्होंने सभी कार्यकताओं के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया ।

## पिता पुत्र के साथ हुई मारपीट

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के चितोचक गांव में पिता पुत्र के साथ दो लोगों के द्वारा मारपीट किये जाने का प्राथमिकी दर्ज हुई है। इस सन्दर्भ में चितोचक गांव के रहने वाले प्रेम कुमार ने दर्ज आवेदन में बताया कि कारू राम उर्फ रणधीर राम, नरेंद राम नशे की हालत में गाली गलौज कर रहा था जिसका विरोध किया तो उसने मेरे साथ मारपीट किया और फिर दोनो मिलकर मेरे बीमार पिता के साथ मारपीट करने लगा उसके बाद पिस्टल लहराने लगा।

## बीडीओ ने मतदाता सूची में प्रगति लाने को लेकर किया समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



सदर मुंगेर । सदर प्रखंड के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी आर राघव की अध्यक्षता में मतदान स्तरीय पदाधिकारी का बैठक किया गया जिसमें खास करके वैसे मतदान स्तरीय पदाधिकारी जिनका शिविर में फार्म प्राप्त किया गया था पर ऑनलाइन नहीं किया गया था। वैसे बीएलओ को बीडीओ द्वारा निर्देश दिया गया कि अविलंब आप अपने कार्य में सुधार ले अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहे आप लोग पर पत्र 6,7, एवं 8 जिनके पास जितना फॉर्म उपलब्ध हो रहा है। उतना फॉर्म अपने मोबाइल से ऑनलाइन करें अधिक से अधिक युवा एवं महिला नाम मतदाताओं का नाम जोड़े। बैठक में उपस्थित प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, शिक्षक नवीन कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पांच करोड़ की लागत से बनेगी बाबा झुमराज मंदीर का गुंबद जमुई जिले में होगी सबसे अव्वल



प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जमुई : जमुई जिले में एकमात्र सबसे महत्वपूर्ण देव स्थलों में बटिया बाजार से सटे पठारी भागों में बसा बाबा झुमराज नामक मंदिर है , जहाँ पर बिहार , झारखंड , पश्चिम बंगाल तथा उड़ीसा आदि विभिन्न क्ई राज्यों के लोग बाबा झुमराज की पुजा अर्चना करने आते हैं , और मांगी गई मुरादें पुरी होने के बाद यथा शक्ति बकरों की बलि देने के साथ साथ विभिन्न प्रकार के पुजन सामग्री चढ़ाते हें । इस मंदीर की महिमा दुर दुर तक इस कदर फैली हुई है कि मंदीर परिषर श्रधालुयों से खचाखच भरी रहती है । कभी कभी तो ऐसा भीड़ देखने को मिलता है कि लोगों को मंदीर परिषर से लेकर गोंती नदी के अलावा सडकों तक पॉव रखने की जगह नहीं मिलती । मंदीर के एक पुजारी ने बताया कि बाबा झुमराज की महिमा की तरह शायद ही कोई देव स्थल हो जहाँ पर आपकी मनोकामना पूर्ण होने की बात फुलहांस के दौरान पहले ही बता दिया जाता हो । इधर पिछले 15 वर्षों पुर्व से धार्मिक न्यास पार्षद पटना के द्वारा गठित बाबा झुमराज मंदिर कमेटी के सदस्यों ने श्रदालुओं द्वारा होने वाली आय से मंदिर निर्माण कार्य मे लाखों रुपए खर्च किया है । लेकिन यात्रियों की सुविधा के लिए किसी भी प्रकार का कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई है । अब धार्मिक न्यास पार्षद पटना के द्वारा चयनित नये कमेटी सदस्यों ने मंदिर के उपर तकरीबन पांच करोड़ रुपये की लागत से 85 फीट ऊंची गुंबद बनाने का फैसला लिया है । इसके लिए सर्व प्रथम विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी मंत्री सुमित कुमार सिंह के द्वारा पांच लाख इक्यावन हजार रुपये अपने कोटे से डोनेशन करने की बात कमेटी के कोषाध्यक्ष लालू प्रसाद बरनवाल के द्वारा कही गई है । श्री बरनवाल ने बताया कि बाबा झुमराज मंदिर के पुर्व कमेटी सदस्यों के द्वारा बिना वजह हम सभी नये कमेटी सदस्यों को मंदिर निर्माण कार्य मे बाधा उत्पन्न करने का प्रयास किया जा रहा है , जिसकी सुचना ओर कार्यवाई के लिए मंदिर के अध्यक्ष जिला अनुमंडल पदाधिकारी को दे दी गई है । इधर बाबा झुमराज मंदिर को सुचारू रुप से विकास के लिए धार्मिक न्यास पार्षद पटना के द्वारा नये कमेटी का गठन किये जाने से स्थानीय लोगों मे खुशियाँ देखी जा रही है । ग्रामीणों ओर मंदिर परिसर के समिप प्रसाद आदि बेचकर अपने बाल बच्चों का भरण पोषण करने वाले लोगों को अब यह आस जगी है कि नये कमेटी के सदस्यों द्वारा मंदिर की विकास के अलावा अब हमलोगों को भी काफी सहयोग मिलेगा। ज्ञात हो कि मंदीर का आंगन जो हमेशा पानी की बहाव से कचरा का रुप अख्तियार कर लोगों को परेशान कर रहा था , जिसे मंदिर के नये कमेटी सदस्यों ने लाखों रुपए की लागत से मार्बल बिछाने का कार्य पुरा कर लिया है। कोषाध्यक्ष श्री लल्लू प्रसाद बरनवाल ने बताया कि मंदीर परिषर के अलावा दुर्गा मंदीर से पंचमुखी हनुमान मंदीर के रास्ते बाबा झुमराज मंदीर तक जाने वाली मार्ग पर भी टाइल्स बिछाई जायेगी ताकि यात्रियों को होने वाली कठिनाइयों से निजात मिल सके । आगे बताया गया है कि टाइल्स बिछाने का काम की समाप्ति के तुरंत बाद सबसे पहले पाताल बोरिंग कराकर स्थानीय दुकानदारों सहित आम यात्रियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था किया जायेगा , तत्पश्चात महिलाओं के लिए स्नानागार एवं शौचालय निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी ।

## प्रेम जाल में फंसकर तीन बच्चे की मां प्रेमी के साथ फरार

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। खड़गपुर अनुमंडल के गंगटा थाना क्षेत्र के गाय घाट गांव से तीन बच्चे की मां प्रेमी के संग फरार होने का मामला प्रकाश में आया है मामले को लेकर महिला के पति शिव यादव ने जनता थाना में आवेदन देकर पड़रिया गांव के प्रमोद यादव को नामजद किया है जानकारी के अनुसार महिला का पति बाहर रहकर मजदूरी करता है इस बीच महिला का संपर्क प्रमोद यादव से हो गया और धीरे-धीरे दोनों के बीच प्यार का परवाना चढ़ा और 10 दिन पहले तीनों बच्चों को छोड़कर प्रेमी संग फरार हो गईसी जानकारी मिलने पर पति शिव यादव घर आया और प्राथमिकी दर्ज कराई थाना अध्यक्ष ने बताया कि महिला के प्रेमी के संग फरार ।

## शिक्षा विभाग की तैयारी जोरों पर : विद्यालय स्तर पर बिरसा मुंडा का व्यक्तितत्व और कृतित्व पर होगी चर्चा

- 15 से 25 तक मनेगा जनजातीय गौरव दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। महान स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के 150 वें जन्मदिवस के अवसर पर 15 से 25 नवंबर तक जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान विद्यालयों और महाविद्यालयों में बिरसा मुंडा के व्यक्तितत्व एवं कृतित्व पर चर्चा की जाएगी। जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाने का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान के बारे में जानकारी देनी है। जिले के स्कूलों के साथ-साथ उच्च शिक्षण संस्थानों में भी ह्यजनजातीय गौरव दिवसह्ण मनाया जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार ने पत्र जारी कर बताया कि यह पखवाड़ा आने वाले पीढ़ियों को देश के लिए आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को बताने,उनकी विरासत को आगे बढ़ाने और आदिवासी संस्कृति,कला और समृद्ध आदिवासी विरासत के संरक्षण के लिए प्रेरित करने वाला है। उन्होंने बताया कि सभी बीईओ को अपने-अपने प्रखंडों के विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दे दिया गया है। संग्रहालयों का कराया जाएगा भ्रमण बच्चों को चिन्हित संग्रहालयों का भ्रमण कराया जाएगा। बच्चों के बीच जनजातीय संस्कृति एवं कला एवं इतिहास के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से भ्रमण कराया जाएगा। इसके अलावा जनजातीय क्षेत्रों का भी भ्रमण कराया जाएगा। ताकि बच्चे उनसे सीधा संवाद कर उनकी उत्कृष्ट परंपरा एवं जीवन शैली के संबंध में अवगत हो सकेंगे। बच्चों को इनके रहन-सहन,खान-पान,कला संस्कृति, पहनावा आदि को जानने का अवसर मिलेगा। चेतना सत्र में होगी चर्चा जनजातीय गौरव दिवस पर विद्यालय में विशेष चेतना सत्र का आयोजन किया जाएगा। इस सत्र में प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के साथ ही अन्य जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के जीवनी एवं उनके योगदान की प्रमुखता से चर्चा की जाएगी। साथ ही पेंटिंग और दीवार लेखन प्रतियोगिता भी होगी। इसके माध्यम से जनजातीय संस्कृति एवं कला के संबंध में जागरूक किया जाएगा। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागी को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा जनजातीय संस्कृति,उनका इतिहास एवं योगदान को केंद्रित कर संगोष्ठी भी होगा।


## पैक्स चुनाव नामांकन के अंतिम दिन कई उमीदवारों ने कराया नामांकन, समर्थकों की उमड़ी भीड़

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई/ई०अलीगंज :- प्रखंड क्षेत्र में पहले चरण में होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर सोमवार से शुरू हुए नामांकन के अंतिम दिन बुधवार को विभिन्न पदों के लिए..... उम्मीदवारों ने नामांकन किया. इसे लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर में सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी रही. नामांकन की अंतिम तिथि होने से लोगों में अफरा तफरी भी थी, वहीं दिननगर पंचायत से मोङ्क अफरोज, मोङ्क एहशान, रविंदर साव, कोदवरिया पंचायत से मकेश्वर यादव,वीरेंद्र साव, वहीं अलीगंज से सुधीर महतो ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया. नामांकन को लेकर सुबह से ही प्रखंड कार्यालय परिसर में गहमागहमी का माहौल देखा गया. नामांकन कराकर बाहर निकलने वाले प्रत्याशियों को समर्थकों के द्वारा नारा लगाते हुए फूल मालाओं से लाद दिया गया। वहीं अलीगंज पंचायत से सुधीर महतो ने अपने सैकड़ो समर्थक के साथ नामांकन की अंतिम दिन अपना नामांकन कराया, वहीं नामांकन कराकर बाहर निकलते ही उनके सैकड़ो समर्थक बुद्धिजीवी एवं यवाओं ने सुधीर महतो को फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया, और जिंदाबाद के नारे लगाए, वहीं सुधीर कुमार ने सभी समर्थकों का अभिवादन करते हुए कहा की जिस उम्मीद से मुझे युवाओं एवं बुजुर्गो का आशीर्वाद मिल रहा है, उनके दुःख सुख मे हमेशा साथ रहेंगे और किसान से सम्बंधित जो भी कार्य होगा उसे पूरा करेंगे, वहीं सैकड़ो युवाओ के साथ अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सुधीर महतो के साथ प्रखंड परिसर से दर्जनों मोटरसाईकल के साथ समर्थकों ने अलीगंज बाजार भर्मण किया, वहीं प्रखंड के कई पंचायत मे कांटे की टककर देखने को मिल रही, मौके पर पूर्व पैक्स अध्यक्ष दिलीप कुमार, मनोज मेहता, धर्मराज कुमार, रामबालक सिंह,शम्भू विश्वकर्मा, बब्लू कुमार, रमेश महतो, भोला, छोटू, सौरभ सहित सैकड़ो समर्थक मौजूद थे।

# 70 साल से अधिक के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड का मिलेगा लाभ:गरिमा



प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया।संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र के बुजुर्ग जन के लिए वार्ड 17 के ऐतिहासिक हजारीमल धर्मशाला परिसर महापौर गरिमा देवी सिकारिया और उनके नगर पार्षद पति रोहित कुमार सिकारिया के सौजन्य से शिविर आयोजित कर आयुष्मान भारत अभियान के प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का कार्ड बनाने की फोटो ग्राफ लिया जा रहा है। इस मौके पर बुधवार को विशेष रूप में मौजूद नगर निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पिछले माह संपन्न महर्षि धन्वंतरि जयंती और 9 वें आयुर्वेद दिवस के मौके पर 70 साल और उससे अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों के लिए इस योजना के रूप में एक खास तोहफा दिया है।आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सभी जाति, वर्ग संप्रदाय के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा कवर देने की शुरूआत की गई है। श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इस विशेष योजना के तहत 70 साल या उससे अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा।चाहे उनकी आमदनी कुछ भी क्यों न हो। उन्होंने कहा कि इस विशेष योजना के तहत हमारे प्रधानमंत्री जी ने समाज के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा कवर देने की शुरूआत की है। इस योजना के तहत 70 साल या उससे अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इस योजना के माध्यम से सरकार का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को सभी के लिए सुलभ और किफायती बनाना है।मीडिया रिपोर्ट के हवाले से महापौर ने यह भी बताया कि केंद्र सरकार के आयुष्मान भारत अभियान के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की शुरूआत की है।

यह योजना सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करती है। पांच लाख तक के मुफ्त इलाज के साथ यह योजना हमारे बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सेवा में एक नया मानक स्थापित करेगी।

इस योजना के तहत सभी वर्ग के बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड दिया जाएगा। यह योजना एक मील का पत्थर साबित होगी। घर में अगर किसी बुजुर्ग के पास आयुष्मान वय वंदना कार्ड होगा तो परिवार का चिकित्सा खर्च भी कम होगा और लाभुक बुजुर्ग की चिंता भी घटेगी।

# मढ़ौरा में जदयू की प्रखंड स्तरीय कार्यकारिणी एवम पंचायत अध्यक्षों की बैठक संपन्न

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। सारण।जिला के मढ़ौरा प्रखंड मुख्यालय के धेनुकी चौक जदयू कार्यालय पर जदयू द्वारा प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय प्रखण्ड कार्यकारिणी,पंचायत अध्यक्षों की समीक्षा बैठक आहूत की गई बैठक की अध्यक्षता जदयू मढ़ौरा प्रखण्ड अध्यक्ष गामा सिंह ने की,मंच संचालन जिला सचिव विरेंद्र गिरी ने की जिस में प्रखंड और पंचायत स्तर के जदयू कार्यकताओं, पंचायत अध्यक्षों और बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यक्रता ने भाग लिया.

प्रदेश महासचिव सह सारण प्रमंडल प्रभारी रणविजय कुमार ने कहा कि प्रखण्ड कार्यकारिणी एवम पंचायत अध्यक्षों की बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा करना था आगे कहा कि कार्यकताओं से संगठन की गतिविधियों को तेज करने और सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया

जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा की प्रखंड और पंचायत स्तर पर पार्टी को और सुदृढ़ किया जाएगा ताकि सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को लोगों तक सही ढंग से पहुंचाया जा सके मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी समाज के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाए जा रहे हैं जिस से आम अवाम को लाभावंतित हो रहे है

प्रदेश से नियुक्त मढ़ौरा विधानसभा प्रभारी इंद्रदेव पटेल ने कार्यकर्ता के द्वारा सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और जल्द से जल्द समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा जनता के हित में काम करती रही है और समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास होगा मदन कुशवाहा ,प्रदेश तकनीकी प्रकोष्ठ के निवर्तमान महासचिव सुधाकर भारद्वाज,भोला सिंह ,महेश सिंह ,संजय सिंह, पशुपतिनाथ पटेल,कुसुम देवी,इम्तियाज परवेज, ई0 प्रभास शंकर, दिवाकर चौबे,शकीला बानो,रचना देवी,ललितेश्वर प्रसाद ,मेराज आलम,सोनू आलम ,जाहिर हुसैन,धनंजय सिंह तौसीफ आलम ,रेयाजुद्दीन मंसूरी,राकेश भारती,वार्ड पार्षद गोलू सिंह,मुन्ना आलम,अनिल कुमार,साहेब राय,गणेश साह ,सुभनारायण सिंह, रामबाबू सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला स्तरीय फरोग-ए-उर्दू कार्यशाला, सेमिनार व मुशायरा का आयोजन

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिला स्तरीय फरोग-ए-उर्दू कार्यशाला, सेमिनार व मुशायरा का आयोजन जिला प्रेक्षा गृह, रमना मैदान, बेतिया में पूर्वाह्न में होना है। प्रभारी पदाधिकारी, जिला उर्दू भाषा कोषांग ने बताया कि यह कार्यक्रम मंत्रिमण्डल सचिवालय विभाग उर्दू निदेशालय, बिहार, पटना के सौजनय से किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां जोर शोर से चल रही है।उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में विशेष सचिव-सह-निदेशक, मंत्रिमण्डल सचिवालय विभाग उर्दू निदेशालय, बिहार, पटना विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे तथा कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया के द्वारा किया जाना है।

### कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष समेत नौ ने अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन

प्रातः किरण, संवाददाता

इसुआपुर ।प्रखंड में हो रहे पैक्स चुनाव के नामांकन के प्रथम दिन पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नामजदगी के पर्चे भरे। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के लिए लोगों ने नामांकन किया। अध्यक्ष पद के लिए आता नगर पंचायत से पूर्व मुखिया विजय कुमार सिंह, केरवा पंचायत से निवर्तमान पैक्स अधक्ष के पति सुरेंद्र कुमार सिंह तथा जगदीश राय, जयथर पंचायत से निवर्तमान पैक्स अधक्ष लालबाबू राय, लौंवा पंचायत से निवर्तमान परीक्षा पैक्स राजेश कुमार राय छपिया पंचायत से निवर्तमान पैक्स अधक्ष मणिकांत कुमार यादव तथा पूर्व पैक्स अध्यक्ष हरीकिशोर राय, इसुआपुर पंचायत से निवर्तमान पैक्स अधक्ष जितेंद्र सिंह, रामपुर अटौली पंचायत से कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष संत कुमार सिंह ने नामजदगी पर्चे भरे।

### नौरंगिया पुलिस ने पेट्रोल गैलन में छुपाकर शराब तस्करी कर रहे तस्कर को धर दबोचा

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा पुलिस जिला स्थित नौरंगिया थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है।एक शराब तस्कर को पेट्रोल गैलन में छुपाकर तस्करी कर रहे तस्कर को शराब के विरुद्ध जांच के दौरान यूपी बिहार सीमा पर धर दबोचा। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि एएसआई धर्मेंद्र कुमार अन्य पुलिस कर्मियों के साथ शराब के विरुद्ध छापेमारी के लिए गश्ती पर निकले थे।इसी क्रम में मदनपुर हनुमानगढ़ी रेलवे ढाला के समीप वाहनों की जांच की जा रही थी ।तभी यूपी पनियहवा के तरफ से एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर पेट्रोल गैलन लेकर आता हुआ दिखा लेकिन पुलिस को देखकर वापस मुड़कर भागने की कोशिश करने लगा। लेकिन साथ के बलकर्मी के सहयोग से उसे पकड़ लिया।जांच और पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने बताया कि वह चौतरवा बेरियरवा का निवासी है और उसका नाम संजय है। उसके पास से पेट्रोल गैलन में से अंग्रेजी शराब रॉयल स्टेग,इंडियन ग्लेन व्हिस्की,ब्लेंडरप्राइड के बोतलों में बरामद 30 लीटर शराब किया गया। श्री अजय ने आगे बताया कि मोटरसाइकिल और शराब को जप्त करते हुए तस्कर संजय को जेल भेज दिया गया है।

### महिला स्वाभिमान बटालियन कैम्प्स से मगरमच्छ का रेस्क्यू

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा।वाल्मीकिनगर स्थित महिला स्वाभिमान बटालियन परिसर से मगरमच्छ का वनकर्मियों के द्वारा रेस्क्यू किया गया ।स्वाभिमान बटालियन के कर्मी रमेश कुमार ने बताया कि कैम्प्स में भवन निर्माण कार्य चल रहा है जिसमे कई मजदूर कार्य मे लगे हुए हैं इन्ही मजदूरों की नजर चहलकदमी करते मगरमच्छ पर पड़ी।

करीब दिन के 2 बजे का समय था जब मगरमच्छ मो रेंगते हुए देखा गया।हालांकि मगरमच्छ ज्यादा व्यस्क नहीं था।वनकर्मियों को इसकी जानकारी दी गई। वनकर्मियों ने मगरमच्छ का रेस्क्यू किया और साथ लेते गए। बतादूं की महिला स्वाभिमान बटालियन का हेडक्वॉर्टर के लिए भवन निर्माण कार्य चल रहा है।इसके चारों तरफ बॉउंड्रीवाल का घेरा है इसके बावजूद परिसर में मगरमच्छ का निकल आना आश्चर्यजनक है क्योंकि परिसर के अंदर आने के लिए मात्र एक प्रवेश द्वार है।

# किलकारी भवन सारण द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी

प्रातः किरण, संवाददाता




छपरा कार्यालय। सारण जिला स्थित शिक्षा परियोजना द्वारा संचालित किलकारी भवन सारण के तत्वावधान में बाल दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई यह प्रभात फेरी सुबह में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय परिशर स्थित किलकारी भवन से 8:00 बजे निकल गई प्रभात फेरी डीएफओ कार्यालय से होते हुए सदर अस्पताल और संकर दयाल सिंह कॉलेज से भ्रमण करते हुए पुनः किलकारी भवन में आकर कार्यक्रम का समापन किया गया। किलकारी भवन के संचालिका मीरा कुमारी ने बताया कि बाल दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी का आयोजन किया गया था जिसमें किलकारी भवन में नृत्य ,संगीत ,खेल, कराते ,लेखन के कार्यक्रम को आयोजित कराया जाता है ,उसी के बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी के दौरान झांसी की रानी, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद की भूमिका में बच्चों ने अपने-अपने प्रतिभा का परिचय दिया ।प्रभात फेरी के अवसर पर किलकारी भवन के कर्मी अखिल राज ,प्रकाश कुमार ,निखिल कुमार प्रमोद कुमार यादव ,मोहम्मद आरिफ ,विष्णु कुमार मौजूद थे। पूरे कार्यक्रम का संचालन मीरा कुमारी कार्यक्रम समन्वयक और स्नेहा कुमारी द्वारा किया जा रहा था।

# तीन दिवसीय वार्षिक शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए रवाना हुए बच्चे

प्रात: किरण, संवाददाता




एकमा ।ज्योति सेंट्रल हाई स्कूल के बच्चों का वार्षिक शैक्षणिक भ्रमण तीन दिवसीय यात्रा का हरी झंडी दिखा कर हुई शुरूआत। इस यात्रा का उद्देश्य किताबी ज्ञान को हकीकत की जमीन पर देखने के लिए स्कूल के होनहार बच्चों की टीम को स्कूल के चेयरमैन डॉ एस कुमार और स्कूल के प्रचार्य मनु कुमार गिरी द्वारा संयुक्त रूप से बस को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस तीन दिवसीय पर्यटन के माध्यम से छात्र-छात्राओं को उतर प्रदेश के कुशीनगर सिवान जिले,जीरादेई,कि धरती व भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद का गांव व घर का भ्रमण के साथ वैशाली जिले का परिभ्रमण कराया जाएगा और उसके इतिहास के बारे में बताया जाएगा। ज्योती सेंट्रल हाई स्कूल के बच्चों से भरी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए डायरेक्टर डॉ एस कुमार ने कहा कि देश के ऐतिहासिक धरोहरों का बोध कराने के लिए बच्चों को इस ऐतिहासिक स्थल पर भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुशीनगर और वैशाली में ऐतिहासिक दृष्टिकोण से बहुत कुछ देखने और समझने लायक है। किताबी ज्ञान से अलग यदि एक बार ऐतिहासिक स्थलों को देख लिया जाए तो उससे मिली जानकारी अमिट हो जाती है।शैक्षिक भ्रमण से लौटने के बाद बच्चों में जो जिज्ञासा और आत्मविश्वास का भाव पैदा लेता है, वह उनकी आगे की पढ़ाई के लिए लाभकारी होगा। इससे बच्चों में सीखने का एक नया दृष्टिकोण विकसित होगा। स्कूल के प्रधानचार्य ने बताया कि छात्रों की टीम पहले कुशीनगर फिर जीरादेई उसके बाद वैशाली का भ्रमण करेगी। टीम के साथ एस एन सिंह,अनुराम सिंह,अभिषेक सिंह,अजय सिंह,अमरनाथ मिश्र, अनिल सिंह,रश्मि किशोर,प्रीति तिवारी, नूतन सिंह,ज्योती कुमारी, शिवा कुमारी,मन्जेश उपाध्याय,धुरेन्द्र पाण्डेय,एवं रंजय सिंह आदि उपस्थित थे

# राष्ट्रीय गुणवत्ता आवश्वासन मानक के राज्यस्तीरय रैंकिंग में मासूमगंज शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला पहला स्थान

प्रात: किरण, संवाददाता




छपरा। उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने वाले छपरा के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मासूमगंज बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय गुणवत्ता आवश्वासन मानक के राज्य स्तरीय रैंकिंग में पूरे राज्य में टॉप किया है। यूपीएचसी मासूमगंज को पूरे राज्य में सबसे अधिक 92.80 प्रतिशत अंक मिला है। इसके साथ हीं यह स्वास्थ्य केंद्र अब राष्ट्रीय गुणवत्ता आवश्वासन मानक के तहत राज्य स्तर से सर्टिफाइड हो गया। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा नेशनल क्वालिटी एसुरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेशन के लिए अस्पतालों का 12 मानकों पर मूल्यांकन किया जाता है। जिसके अंतर्गत मरीज संतुष्टि,संक्रमण नियंत्रण, क्लिनिकल सर्विसेस,सेवा प्रदायगी,सपोर्ट सर्विसेस, इनपुट, गुणवत्तापूर्ण प्रबंध, आउटपुट जैसे मानकों का मूल्यांकन किया जाता है। जो इन सभी मूल्यांकन पर पास होता है उसे ही एनक्वास का सर्टिफिकेट दिया जाता है। यूपीएचसी मासूमगंज की सफलता एक टीम प्रयास का परिणाम है। स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की मेहनत और समर्पण ने इसे इस मानक को प्राप्त करने में सक्षम बनाया।

**इन बिन्दुओं पर किया गया था मूल्यांकन:**

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम अरविन्द कुमार ने बताया कि ह्लयह हमारे लिए गर्व का क्षण है। इस मान्यता ने हमें यह साबित करने का अवसर दिया कि हमारे स्वास्थ्य सेवाएं उच्चतम मानकों पर खरा उतरती हैं। हम आने वाले समय में भी गुणवत्ता को बनाए रखते हुए मरीजों को बेहतर इलाज देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।ह्व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मासूमगंज में जनरल क्लीनिक, मेटरनल हेल्थ, न्यू बॉर्न एंड चाइल्ड हेल्थ, टीकाकरण, फैमिली प्लानिंग, संचारी रोग, गैर संचारी रोग, आउटरीच, फामेर्सी, लैबोरेट्री, ड्रेसिंग रूम और इमरजेंसी, जेनरल एडमिनिस्ट्रेशन, वेस्ट मैनेजमेंट, फायर सेफ्टी, इलेक्ट्रिसिटी लोड असेसमेंट किया गया था।

**टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम हैं 92.80 प्रतिशत अंक:**

डीपीसी रमेशचंद्र कुमार ने कहा कि यूपीएचसी मासूमगंज को मिले 92.80 प्रतिशत अंक स्वास्थ्य केंद्र की टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम हैं। यहां मरीजों को इलाज से लेकर इलाज के बाद की देखभाल तक हर सेवा में उच्चतम मानकों का पालन किया जाता है। केंद्र में रोगी सुरक्षा, संक्रमण नियंत्रण, चिकित्सीय गुणवत्ता, और मरीजों के लिए उपलब्ध सहायक सेवाओं के सभी मानक पूरी तरह से परखे गए और पास हुए हैं। इसके अलावा, यहां अस्पताल की स्वच्छता, अस्पताल में इस्तेमाल होने वाली दवाओं की गुणवत्ता और चिकित्सा उपकरणों की कार्यक्षमता भी सुनिश्चित की जाती है।

**इन पदाधिकारियों और कर्मियों का योगदान रहा महत्वपूर्ण**

छपरा के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मासूमगंज को राष्ट्रीय गुणवत्ता आवश्वासन मानक के तहत प्रमाणीकरण कराने में आरपीएम प्रशांत कुमार, जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम अरविन्द कुमार, डीपीसी रमेशचंद्र कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एचएन प्रसाद, सभी स्टाफ नर्स, स्वास्थ्यकर्मी, सहयोगी संस्था के प्रतिनिधियों का योगदान काफी महत्वपूर्ण रहा है। सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि यह पुरस्कार स्वास्थ्य कर्मियों के कंधों पर गुणवत्ता के उच्च मानकों को बनाए रखने और लोगों के लिए सेवाओं में सुधार करने की अधिक जिम्मेदारी लाएगा। उन्होंने कहा कि इस कदम से कर्मचारियों के कौशल में सुधार होगा, जिससे बेहतर मानकों पर रोगी देखभाल सेवाओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी। अब यूपीएचसी मासूमगंज को नेशनल सर्टिफिकेशन के लिए आवेदन किया

# आदिशक्ति के मंदिर में माथा टेकने पहुंचे सांसद अमन चैन के लिए किया कामना



प्रात: किरण, संवाददाता

एकमा ।प्रखंड के सीमावर्ती खानपुर गांव में प्राचीन आदिशक्ति मां जगदंबा मंदिर के प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एकादशी गंगा स्नान के अवसर पर 24 घंटे का अखंड अष्टयाम का आयोजन हुआ। जहां हरे राम हरे कृष्णा की जाप से भक्ति में हुई माहौल वेदाचार्य संजीत ओझा सुनील तिवारी ललन तिवारी भृगु ओझा राम नारायण बाबा जी के द्वारा पूजा पाठ व हवन से निकल रही धुएं से मन मुग्ध हुई भक्त वही अखंड अष्टयाम के दौरान पहुंचे महाराजगंज के लोकप्रिय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल व कांग्रेस नेता नरेंद्र प्रताप मिश्रा ने आदि शक्ति माता के मंदिर में पूजा अर्चना कर माथा टेका साथ ही क्षेत्र में अमन चैन सुख शांति समृद्धि के लिए कामना किया। अखंड अष्टयाम के समापन के अवसर पर उत्तर प्रदेश के बलिया जिले से पधारे यश पांडेय द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां श्रोता झूमने व तालियां बजाने पर विवश हो गए ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नागेंद्र मिश्रा उर्फ पंडित बाबा जितेंद्र मिश्रा गुड्डू ओझा सुरेंद्र तिवारी राजकुमार मिश्रा संतोष मिश्रा अनु मिश्रा आदि शामिल थे ।

# गंडक नदी में पुराने पूल के पाये से टकराकर नाव पलटी, रेस्क्यू में एसडीआरएफ की टीम लगी

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा।बगहा स्थित गंडक नदी में नाव हादसा से हाहाकार मचा है ।दरअसल घने कोहरा के कारण पुराने पुल के पाए से नाव की टक्कर हों गई, कुहासा के चलते दिखाई नहीं देने के दौरान पुराने पाया से टकरा कर नाव पलट गई ।बताया जा रहा है की पटखौली थाना क्षेत्र के वार्ड नं 8 कैलाशनगर स्थित नारायणापुर घाट पर नाव दुर्घटना हुई है जहां नाव पर कई लोग सवार होकर खेती किसानी के लिए गंडक नदी पार दियारा की ओर जाने के दौरान यह हादसा हुआ है। हालांकि स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से नाव समेत नदी में डूबे लोगों की तलाश शुरू कर दीं गई है। वहीं बगहा 2 सीओ भी दल बल के साथ मौके पर पहुँचे हैं जबकि एसडीआरएफ कों भी सूचित किया गया है। इधर कुछ लोग नदी में तैर कर अपनी जान बचाकर सुरक्षित बाहर निकल आये हैं जबकि कुछ अन्य लोग अभी भी लापता हैं । अब लोग कुहासे के बीच नीजी नावों के परिचालन पर लोग लगाने की मांग कर रहें हैं क्योंकि कोहरे के कारण विजिब्लिटी नहीं होनें से हादसे हों रहें हैं ।

# अवैध बालू ले जा रहे तीन ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

परसा।सारण की बड़ी कार्रवाई अवैध रूप से बालू खनन के विरुद्ध कार्रवाई परसा पुलिस ने परसा हाई स्कूल चौक पर अभियान चलाकर अवैध रूप से बालू ले जा रहे तीन ट्रक को किया जप्त चालक को भी किया गिरफ्तार.गिरफ्तार चालको में सारण जिला के डोरीगंज थाना क्षेत्र के सिन्ही गाव निवासी जयप्रकाश राय का पुत्र संजय कुमार,गणेश राय का पुत्र बलिस्टर कुमार सुनील राय का पुत्र प्रदीप कुमार बताया जाता है. इस संबंध में थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि अगर यह पदाधिकारी के निर्देश पर अवैध खनन के विरुद्ध अभियान चलाया गया. इसी क्रम में अवैध रूप से पिला बालू ले जा रहे. तीन ट्रक को जप्त करते हुए चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद खनन पदाधिकारी द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है.दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि तीनों ट्रक पर लगभग 2265 फिट पीला बालू लोड था.खनन पदाधिकारी अंजनी कुमार द्वारा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए लगभग 24 लाख रुपये का फाइन किया गया है.

# राज्य स्तरीय विधालय अंडर –17 बालक वर्ग हैंडबॉल प्रतियोगिता में दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दम

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना एवं जिला प्रशासन सारण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के दुसरे दिन लीग मैच में विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

जिसमें नवादा , पटना, सारण ,एकलव्य, मुजफ्फरपुर ,बेगूसराय ,नालंदा, जहानाबाद अपनी -अपनी मैच जीती।। सुबह 7:00 से शुरू हुए मैच में कई महत्वपूर्ण खेल से जुड़े हुए लोगों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

जिला खेल पदाधिकारी मोहम्मद शमीम अंसारी के देखरेख में संचालित प्रतियोगिता के पहले मैच में सारण जिला हैंडबॉल के सचिव- सह प्रतियोगिता के तकनीकी संयोजक संजय कुमार सिंह तथा राज्य से आए तकनीकी पदाधिकारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया ।

इसके बाद संपन्न मैच में रोटरी क्लब सारण के पंकज कुमार , राजन यादव, रमेश कुमार सिंह कोच जयप्रकाश विश्वविद्यालय , क्रिकेट संयोजक सुनील कुमार सिंह, योगा संघ सचिव यशपाल सिंह, कबड्डी संघ सचिव पंकज कश्यप, वॉलीबॉल संयोजक किशोर कुणाल ,अवधेश कुमार राय, सुजित कुमार,पंकज कुमार चौहान ,मृत्युंजय कुमार सिंह, नीलाभ गुंजन , रूपनारायण ,अमित गिरि , विनय पंडित, पिंकी कुमारी, राकेश कुमार सिंह, कुंदन, खुर्शीद आलम,आदि उपस्थित रहे

# फाइलेरिया उन्मूलन: जिले में शीघ्र होगा नाइट ब्लड सर्वे

प्रात: किरण, संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)।पश्चिमी चंपारण जिले में फाइलेरिया के संभावित मरीजों की पहचान करने को लेकर विभागीय स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है।सभी 18 प्रखंडों के चिह्नित साइटों का डाटा तैयार किया जा रहा है, नाइट ब्लड सर्वे अभियान को संचालित करने के पूर्व जिला स्तर पर मेडिकल कॉलेज बेतिया में लैब टेक्निशियन का प्रशिक्षण कराया जा चुका है। इस सम्बन्ध में जिले के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा ने बताया कि चयनित प्रखंडों में एक स्थाई एवं एक अस्थाई साइट का चयन करते हुये प्रत्येक साइट से 300 स्लाइड का संग्रहण करना है। नाइट ब्लड सर्वे कार्यक्रम के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक साइट पर अलग अलग दलों का गठन किया जाना है। उन्होंने बताया कि जाँच स्थल पर बीसीएम/बीएचएम, सीएचओ/जीएनएम, भीबीडीएस, कैंप इंचार्ज एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहेंगे। साथ ही संबंधित क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता/आँगनवाड़ी, सेविका मोबिलाइजर के रूप में कार्य करेंगी। जल्द ही जिले में नाईट ब्लड सर्वे कार्यक्रम की शुरूआत होगी।

**फाइलेरिया के लक्षण**

. कई दिन तक रुक-रुक कर बुखार आना
. शरीर में दर्द एवं लिम्फ नोड (लसिका ग्रंथियों) में सूजन।
. हाथ, पैरों में सूजन (हाथी पांव) एवं पुरुषों के अंडकोष में सूजन (हाइड्रोसिल)।
. महिलाओं के ब्रेस्ट में सूजन, पहले दिन में पैरों में सूजन रहती है और रात में आराम करने पर कम हो जाती है।
. संक्रमित व्यक्ति में बीमारी के लक्षण पांच से 15 साल तक में दिख सकते हैं।

**रात के 08 से 12 बजे तक लिए जाते हैं रक्त के नमूने:**

जिले के भीबीडीएस प्रकाश कुमार ने बताया कि इस अभियान में रक्त के नमूने रात 8 से 12 बजे तक लिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि रात में सैंपल लेने का मुख्य कारण है कि इस समय शरीर में फाइलेरिया के परजीवी ज्यादा एक्टिव रहते हैं। ब्लड सैंपल कलेक्शन के बाद 24 घंटे के अन्दर स्टैनिंग की प्रक्रिया को करा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जाँच के दौरान माइक्रो फाइलेरिया दर 1 प्रतिशत या अधिक होने पर सर्वजन दवा सेवन अभियान की शुरूआत की जाएगी। जिसमें 2 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को अल्बेंडाजोल एवं डीईसी की गोली आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व स्वास्थ्यकर्मियों की देखरेख में खिलाई जाएगी।

# गन्ने की खेत में दिखा विशालकाय मगरमच्छ

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा के चौतरवा थाना क्षेत्र के रिहायशी इलाके में विशालकाय मगरमच्छ निकलने से अफरा तफरी मच गई, ग्रामीणों के हल्ला हंगामा पर मगरमच्छ गन्ने की खेत में जाकर छिप गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फौरन चौतरवा थाना पुलिस को दी, सूचना मिलते ही चौतरवा थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने वन विभाग को खबर दिया और पुलिस बल को मौके पर भेजा, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो । सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुँचकर घंटो की मशक्कत के बाद मगरमच्छ कों बमुश्किल रेस्क्यू किया गया। वनकर्मियों की रेस्क्यू करने आई टीम ने बताया कि इस विशालकाय मगरमच्छ का सफलता पूर्वक रेस्क्यू कर लिया गया है। जिसे धनहा स्थित गौतम बुद्ध सेतु पर गंडक नदी में छोड़ दिया जाएगा ।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, गुरूवार,14 नवंबर, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


# तिलौथू के विद्यार्थियों को इसरो से मिलेगा अंतरिक्ष विज्ञान का विशेष प्रशिक्षण

प्रातः किरण संवाददाता






तिलौथू(रोहतास) : रोहतास जिले के तिलौथू स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित अंतरिक्ष यान सम्मेलन में इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) ने एक ऐतिहासिक निर्णय की ओर कदम बढ़ाया है। सम्मेलन के दौरान इस विद्यालय के विद्यार्थियों ने विज्ञान कला प्रदर्शनी में अपनी रचनात्मकता और विज्ञान के प्रति गहरी समझ का ऐसा प्रदर्शन किया कि इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने उनमें अंतरिक्ष विज्ञान का विशेष प्रशिक्षण देने की योजना बनाई है। इस योजना के तहत विद्यालय के 20 चुनिंदा विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान में गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे इसरो के भविष्य की परियोजनाओं में योगदान देने के योग्य बन सकें।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि बिहार विधान परिषद के सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, इसरो के अहमदाबाद केंद्र के निदेशक और वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. निलेश एम देसाई, और इसरो के प्रमुख वैज्ञानिक दीपक कुमार सिंह थे। दीपक कुमार सिंह, जो कि बिहार के औरंगाबाद जिले के समहुता गांव के निवासी हैं, ने इस अवसर पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और उन्हें विज्ञान तथा अंतरिक्ष के प्रति प्रेरित किया। दीपक सिंह वर्तमान में अहमदाबाद में इसरो के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र में कार्यरत हैं और गगनयान मिशन के लिए ह्यूमन स्पेसफ्लाइट ग्रुप में योगदान दे रहे हैं। उनके नेतृत्व में इसरो में 2.5 मीटर ग्राउंड एंटीना सिस्टम का पहला स्वदेशी विकास हुआ, जिसके लिए उन्हें भारत सरकार द्वारा युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

इसरो की इस पहल का उद्देश्य छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ावा देना और उन्हें एक सुनहरा भविष्य प्रदान करना है। प्रशिक्षण के दौरान इन विद्यार्थियों को अंतरिक्ष यान निर्माण की बारीकियां सिखाई जाएंगी, जिसमें वे यान को लॉन्च के लिए तैयार करने की प्रक्रिया से लेकर मिशन की हर तकनीकी जानकारी को समझेंगे। इसरो का यह कदम बिहार के लिए गर्व का विषय है और राज्य में विज्ञान तथा तकनीकी शिक्षा को नए आयाम प्रदान करेगा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मैकू राम ने बताया कि इसरो की यह पहल न केवल विद्यालय का गौरव बढ़ाएगी, बल्कि छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान में करियर बनाने का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने इस पहल को पूरे राज्य और देश में विज्ञान के प्रति जागरूकता और जोश पैदा करने का एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

यह विशेष प्रशिक्षण बिहार के छात्रों को यह विश्वास दिलाता है कि वे भी अंतरिक्ष विज्ञान में अपनी पहचान बना सकते हैं और देश को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

## वोटिंग के दौरान तरारी में दो गुट भिड़े, 6 घायल

### बूथ पर मारपीट नहीं हुई है, गांव में हुआ था विवादःएसपी





प्रातः किरण संवाददाता

आरा : बिहार की चार विधानसभा सीटों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ में उपचुनाव के लिए वोटिंग जारी है। मतदान के बीच तरारी में वोटिंग को लेकर दो पक्षों के बीच झड़प हो गई। इसमें एक युवक का सिर फट गया। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों को भी चोट आई है। बिहटा पंचायत के धर्मपुरा गांव की बूथ संख्या 223 पर एक पार्टी को वोट देने को लेकर विवाद हुआ है।

वहीं भोजपुर एसपी ने बताया कि बूथ पर मारपीट नहीं हुई है। गांव में विवाद हुआ था। वोटिंग में कोई समस्या नहीं है। सब कुछ नोर्मल है।

बताया जा रहा है कि एक विशेष पार्टी को वोट देने को लेकर विवाद हुआ है। फिलहाल इस घटना की जानकारी मिलते ही पीरो के रऊढड कृष्ण कुमार सिंह समेत कई थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची।

पीरो के एसडीपीओ कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। हिंसक झड़प में घायल हुए शख्स को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। इस घटना के बाद गांव में काफी देर तक तनाव की स्थिति बनी रही, जिसको लेकर वोटिंग भी कुछ देर तक प्रभावित हुआ है।

# पैक्स नामांकन के पहले दीन अध्यक्ष पद के लिए दस प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

प्रातः किरण संवाददाता



संझौली(रोहतास)। प्रखंड के सभागार में पैक्स नामांकन के पहले दिन बुधवार को पैक्स अध्यक्ष पद के कुल दस प्रत्याशियों तथा कई प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों ने अपना नामांकन दाखिल किया। पैक्स अध्यक्ष पद के लिए मझौली पंचायत से दिनेश सिंह, अनिल सिंह, केशरी सिंह, अशोक कुमार सिंह, संझौली पंचायत से धर्मेंद्र सिंह, अमैठी पांचयत से अनिल सिंह, मुखदेव सिंह, चांदी इंग्लिस पंचायत से बिजय कुमार राय, विनय कुमार राय व बादल सिंह द्वारा नामांकन का पर्चा भरा गया। वहीं नामांकन को लेकर प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट पर सुबह से ही समर्थकों की भीड़ लगनी शुरू हो गयी। ज्यों-ज्यों समय चढ़ता गया, समर्थकों की भीड़ बढ़ती गयी। वहीं नामांकन को लेकर सभी उम्मीदवार सैकड़ों समर्थकों के साथ नामांकन स्थल पर पहुंचे। जहां हर पंचायत के लगे अलग-अलग काउंटर में जाकर प्रत्याशियों ने अपना पर्चा जमा किया।

उसके बाद नामांकन कर वापस बाहर आने पर पहले से अपने नेता का इंतजार कर रहे समर्थकों द्वारा फूल-माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। वहीं समर्थकों का अपने नेता के समर्थन में जयकारे से उनका जोश सातवें आसमान पर था।

वहीं नामांकन को लेकर प्रसाशनिक रूप से भी पुख्ता इंतजाम किया गया था, जहां नामांकन काउंटर पर अभ्यर्थी के अलावा उनके प्रस्तावकों को ही जाने की अनुमति दी जा रही थी। इसके अलावा नामांकन काउंटर पर भी बैरिकेटिंग किया गया था।

समर्थकों की उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल के जवान मुस्तैद थे।

## द्वितीय चरण के पैक्स चुनाव का नामांकन हुआ प्रारंभ

### पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए 22 तथा सदस्य के लिए 22 लोगों ने भरा नामांकन का पर्चा

प्रातः किरण संवाददाता



बिक्रमगंज(रोहतास) : बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र में द्वितीय चरण में होने वाले पैक्स चुनाव का नामांकन बुधवार को प्रारंभ हो गया।

पहले दिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच में विभिन्न पैक्सों के अध्यक्ष पद के लिए 22 तथा सदस्य पदों के लिए 22 लोगों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। कक्ष में उम्मीदवार के अलावा प्रस्तावक और समर्थक को हीं प्रवेश करने की अनुमति था। निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ अमित प्रताप सिंह ने बताया कि घोसिया खुर्द पंचायत से अध्यक्ष पद के लिए विवेक कुमार और उज्जवल कुमार मानपुर पैक्स से बबन पांडेय, मानी पैक्स से रमेश सिंह, सहाबुद्दीन अंसारी, उमा भाई पटेल, अशोक कुमार पासवान, कुमार मनीष देव नोनहर पैक्स से उपेंद्र सिंह और विजय कुमार पटेल खैरा भूधर पैक्स से सुनिल कुमार जमोड़ी पैक्स से कुमारी अंजना, मृत्युंजय सिंह, घनश्याम सिंह, अभिजीत कुमार सिंह तथा घनश्याम सिंह सिग्रीवाल, मोरोना पैक्स अमित कुमार मोहनी पैक्स से ओमप्रकाश सिंह, विनय कुमार मिश्रा, जोनु कुमार, सचिदा कुमार और आशा देवी ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। वहीं सदस्य पद के लिए मोहनी से 7 जमोड़ी से 2, नोनहर से 9 मानी से 4 लोगों ने पर्चा दाखिल किया।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ कमला कांत शर्मा के निधन पर स्थानीय पार्टी कार्यालय शहीद भवन में किया गया शोकसभा का आयोजन




प्रातः किरण संवाददाता

आरा :भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व उपाध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ कमला कांत शर्मा के निधन को लेकर भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम के नेतृत्व में स्थानीय पार्टी कार्यालय शहीद भवन,आरा में एक शोकसभा का आयोजन कर मृत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण किया गया। शोकसभा के उपरांत भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम ने दुख व्यक्त करते हुए बताया कि डॉ कमलाकांत शर्मा आजीवन कांग्रेस के समर्पित सिपाही रहे। पार्टी में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता हैं। उनके निधन से हम सभी कांग्रेसी अत्यंत मर्माहत और दुखी हैं।

शोकसभा में भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष अशोक राम, सत्यप्रकाश राय, घनश्याम उपाध्याय, अशोक यादव, रजी अहमद, डॉ अमित कुमार द्विवेदी, डॉ श्रीधर तिवारी, बीरेंद्र मिश्रा, बिजेंद्र यादव, भानु प्रताप सिंह उर्फ मुकुल, सूर्यप्रकाश, आनंद तिवारी, धनंजय सिंह सहित दर्जनों नेताओं वो कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## हॉकी के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पंकज रजक का भव्य स्वागत

प्रातः किरण संवाददाता

तिलौथू रोहतास ( इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के सौजन्य से भारतीय हॉकी टीम में खेलने वाले गोलकीपर पंकज रजक आज अपने पिता ददन रजक जी के साथ हजारीबाग से जन्मभूमि तिलौथू बहुत ही कम समय के लिए आए। आने की सूचना मिलते ही उनके प्रशंसक घर पर ही फूल माला लेकर स्वागत करने पहुंचे। समाजसेवी सत्यानंद कुमार, योगेंद्र कुशवाहा, सरैया पंचायत के मुखिया संजय चौधरी, उपमुखिया अमित कुमार गुप्ता, तिलौथू उपमुखिया अजित कुमार गुप्ता, राजू मारकोनी, अनिक कौशल सहित सैकड़ों प्रशंसक पंकज रजक से मिलने पहुंचे और उन्हें बधाई दी। फिलहाल पंकज 8 देश के साथ अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं और अभी दिल्ली में प्रैक्टिस करते हैं। अपने नानी घर झारखंड के हजारीबाग में अपने माता-पिता के साथ रहते हैं। दिल्ली और रांची इनका प्रमुख प्रशिक्षण स्थल है। 2020 के विधानसभा चुनाव में रोहतास जिला निर्वाचन आयोग के चुनाव आइकॉन भी बने थे। बहुत जल्द एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल और ओलंपिक खेलों में पंकज रजक दिखेंगे।

## यूपी बिहार सीमा ठाकराहां धाम में चतुर्मास महायज्ञ कुंड का आयोजन

■ नेपाल व अयोध्या से आये 60 से अधिक महात्मा व संत लगातार चार माह से सीता राम जप कर रहे हैं

प्रातः किरण संवाददाता

बिहार । बिहार-यूपी सीमा पर अवस्थित ठकराहा धाम में विश्व कल्याण हेतु चातुर्मास महायज्ञ कुंड का आयोजन किया गया है, जहां अयोध्या और नेपाल समेत कई तीर्थ स्थलों से आए तकरीबन 60 से अधिक महात्मा व संत लगातार चार माह से सीता राम जप कर रहे हैं । बताया जा रहा है की 2 नवंबर से नारायणी नदी तट पर महायज्ञ किया जा रहा है जो कार्तिक पूर्णिमा यानी 15 नवंबर तक चलेगा । दावा किया जा रहा है की इस महायज्ञ से आत्म तृप्ति और आत्म शुद्धि होंगी।

मानव कल्याण के साथ साथ सामाजिक सद्भाव कायम रहेगा लिहाजा इसे बेहद खास माना जा रहा है क्योंकि इसके आयोजन से अगले 5 सालों तक इस इलाके में बम्पर पैदावार और सुःख समृद्धि के साथ हवन में भाग लेने वालों को अकाल मृत्यु से निजात मिलेगा ।

महाआरती के दौरान पश्चिम चम्पारण के डीएम दिनेश राय के साथ बगहा एसपी, एसडीएम, और अन्य अधिकारियों ने महायज्ञ में सुरक्षा और श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया । जिलाधिकारी नें भी श्रद्धालुओं कों शुभकामनायें दीं है ।खास बात यह है की 13 दिवसीय इस महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है लिहाजा पर्याप्त पुलिस बल की भी तैनाती की गई है और 24 घंटे लगातार निशुल्क भंडारा चलाया जा रहा है । बता दें कि यह आयोजन सीता राम नाम जप महायज्ञ समिति द्वारा किया गया है जो कि श्री श्री 1008 श्री परम तपस्वी आत्माराम दास उर्फ नेपाली बाबा के संरक्षण में किया जा रहा है जो नेपाल से बिहार के ठकराहाँ धाम में विराजमान हैं ।

आयोजन समिति के अध्यक्ष और मुखिया विनय तिवारी ने बताया कि विश्व कल्याण के उद्देश्य से इस महायज्ञ का आयोजन किया गया है।

वहीं बाबा आत्मा राम दास ने बताया कि बिना महायज्ञ के विश्व की सुरक्षा और कल्याण संभव नहीं है । इसलिए 64 हवन कुंड और 208 नर्मदेश्वर पिंड स्थापित कर प्रतिदिन सीताराम नाम का जप कर हवन और आरती किया जा रहा है ।

## सम्मानित हुए समाजसेवी अरुण कुमार ,डॉ सच्चिदानंद को भारत रत्न देने की मांग

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। पटना के लब्ध प्रतिष्ठित समाजसेवी अरुण कुमार को अंतरराष्ट्रीय कायस्थ वाहिनी द्वारा रविवार को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।उक्त सम्मान समारोह का आयोजन डॉ सच्चिदानंद सिन्हा की जयंती के अवसर पर पटना के शेखपुरा मोड़ स्थित विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल में किया गया था। समाजसेवी अरुण कुमार को अंतरराष्ट्रीय कायस्थ वाहिनी के अध्यक्ष अभिजीत सिन्हा और अधिवक्ता सुनील कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया।

कार्यक्रम में विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक डॉ राजेश शर्मा, डॉ मनीष आनन्द, सुनील कुमार सिन्हा, सन्नी सिन्हा, अनुराग वर्मा, अभिजीत सिन्हा, अरुण कुमार, कौशल वर्मा एवं चित्रांश परिवार के सदस्यगण उपस्थित थे।कार्यक्रम में सभी लोगों ने एकमत के साथ सरकार से मांग किया है कि डॉ सच्चिदानंद सिन्हा को भारत रत्न दिया जाय।

## स्मार्ट प्रीपेड मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज

बिक्रमगंज(रोहतास) : नगर परिषद बिक्रमगंज अंतर्गत गुप्त सुचना के आधार पर कनीय विद्युत अभियंता बिक्रमगंज के नेतृत्व मे एक जाँच दल का गठन किया गया। जाँच दल द्वारा निरीक्षण के क्रम मे पाया गया की ग्राम-महुली के अयोध्या राय के परिसर मे लगे स्मार्ट प्रीपेड मीटर से पहले तार मे कटिंग करके, एक अतिरिक्त तार जोड़कर तथा मीटर बाईपास करते हुए अवैध रुप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने से विभाग को 34400 रुपये की क्षति आकलित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। उक्त उपभोक्ता के द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। कनीय विद्युत अभियंता बिक्रमगंज नवदीप गोयल के द्वारा आगे बताया गया की बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर बालाजी मैरिज हॉल के प्रो. गोविन्द सिंह पर 60682 रुपये राजस्व की क्षति लगायी गयी है। उक्त परिसर मे मीटर भी नहीं लगे हुए थे एवं बिजली सम्बंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात भी प्रस्तुत नहीं की गयी। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है।

## युवक की मौत के बाद भड़के थे लोग, जाम लगाने पर 150 अज्ञात पर सीओ काराकाट ने एफआईआर कराया दर्ज

काराकाट(रोहतास)। काराकाट थाना क्षेत्र में 11 नवंबर को बिक्रमगंज-डेहरी मार्ग पर जोरावरपुर में हुए सड़क हादसे में उक्त गांव के यमुना शर्मा के 25 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार शर्मा की मौत के बाद भड़के लोगों ने सड़क जाम लगाया था। जहां छह घंटे तक मुख्य मार्ग को बाधित कर पूरी तरह आवागमन ठप कर दिया गया था । मामले में 150 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। बताया गया की सीओ रितेश कुमार द्वारा जोरावरपुर मार्ग पर दो दिन पहले ट्रक से कुचलकर हुई युवक की मौत के बाद करीब छह घंटे तक रोड़ जाम किया गया था। अधिकारियों की लाख समझने बुझाने के बाद भी लोग सड़क को करीब छह घंटा तक बाधित रखा गया जिससे सड़क के दोनों तरफ गाड़ियों की लाबी कतारें लग गई थी। जिसके बाद सीओ द्वारा सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने को लेकर 150 अज्ञात लोगों पर प्राथमिक दर्ज कराने को लेकर थाने में आवेदन दिया गया है। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया की सीओ द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर सड़क जाम किए 150 अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। थानाध्यक्ष ने कहा की वीडियो व फोटो के आधार पर अज्ञात लोगों की भी पहचान की जा रही है।

## 24 नवंबर को इंस्पायरिंग इंडिया सम्मान से सम्मानित होंगे : रितेश

प्रातः किरण संवाददाता

तिलौथू(रोहतास) : मां तुतला भवानी का क्षेत्र चंदनपुर गांव, प्रखंड तिलौथू, जिला रोहतास के रहने वाले रितेश कुमार को साइबर सिक्योरिटी एडवाइजर में बेहतर कार्य के लिए आगामी 24 नवंबर को दिल्ली में मिलेगा इंस्पायरिंग इंडिया अवॉर्ड।

एआरके फाउंडेशन दिल्ली का मंच सादर स्वागत करता है, देश और समाज के उन बेटे बेटियों का, जो किसी भी प्रकार से देश और समाज के लिए अपना योगदान दे रहे है।

आज देश के समक्ष सबसे बड़ी समस्या है, जिसे साइबर क्राइम के नाम से जानते है, इस समस्या का समाधान सिर्फ अवेयरनेस है, जानकारी और जागरूकता है। पुरस्कार सम्मान की आयोजक निर्देशक नीलिमा ठाकुर ने बताया कि रितेश कुमार बिहार के एक ऐसे बेटे, जो देश की लीडिंग साइबर क्राइम टीम के एडवाइजर के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे है। साथ ही साथ एक बेहद ही अच्छे समाजसेवी और विचारक है। इन्होंने सैकड़ो साइबर फ्रॉड को चुटकियों में सॉल्व किया है।

इनका दिमाग एक आईपीएस अधिकारी की तरह काम करता है। महिला सशक्तिकरण, यूपी पुलिस और शिक्षा पर कई संस्थाओं के साथ जुड़ कर सहयोग करते है और लोगो को जागरूक करते है ।रितेश की कहानी बहुत इंस्पायरिंग है, छोटे से पैकेट के बड़े धमाके वाले इस युवक को एआरके दिल्ली के मंच पर खास मेहमान के तौर पर सादर स्वागत और आमंत्रित किया गया है। रितेश कुमार साइबर सिक्योरिटी के बारे में इस मंच से संबोधित करने वाले है। रितेश के सम्मान से इनके गांव और प्रखंड क्षेत्र में बहुत ही हर्ष का माहौल है। उनकी सफलता पर समाजसेवी सत्यानंद कुमार, छोटी ओझा, मिथलेश विश्वकर्मा, हंसराज कुमार, अमित कुमार गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, अजय कुमार, डॉ मैकू राम, श्याम जी, मुखिया संजय चौधरी सहित सैकड़ों लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# वैश्यपुत्र रविरंजन गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया नयी वंचित अधिकार पार्टी की घोषणा

### 2025 बिहार विधानसभा सभी सीटों पर चुनाव लड़ाया जाएगा

प्रातः किरण संवाददाता




रोहतासःरोहतास जिला शेरशाह सूरी कि धरती सासाराम में नयी पार्टी का घोषणा किया गया। हजारों कि संख्या में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया।,, वंचित अधिकार पार्टी,,जो दिल्ली चुनाव आयोग से रजिस्टर्ड है। जिसका नेतृत्व वैश्यपुत्र रविरंजन गुप्ता ने घोषणा किए।मिशन 2025 बिहार विधानसभा सभी सीटों पर चुनाव लड़ाया जाएगा।जिस तरह से बिहार में वंचित समाज को राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, से वंचित रखा जाता है। वंचित समाज को हरेक बिहार, केंद्र सरकार के संस्थानों से वंचित रखा गया है। प्रत्येक दिन बिहार में वंचित समाज के युवाओं को हत्या हो रही है। वंचित समाज के लोग न्याय के लिए दर दर कि ठोकरें खाते हैं। लेकिन न्याय नही मिलता है। वंचित समाज के युवाओं को सरकारी सुविधा से भी वंचित रखा जाता है।इसी लिए बिहार में नयी पार्टी का घोषणा किया गया। जनवरी में पटना कि धरती पर भव्य कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित कर के वंचित समाज एकजुटता कि ताकत दिखाया जाएगा। जैसे ही पार्टी कि घोषणा हुई है। पुरी बिहार मे वंचित समाज में खुशी का लहर दौड़ गई है। जिसमें सभी समाज के लोग उपस्थित थे। रोहतास जिला अध्यक्ष श्री हरिओम गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष शंकर राज साह, भोजपुर जिला अध्यक्ष मदन साह युवा जिलाध्यक्ष राकेश महाजन बक्सर जिला अध्यक्ष सुभाष साह, मिथिलेश साह, प्रदेश सचिव संजय कानू, प्रदेश सचिव पूर्व मुखिया श्री राम गुप्ता रणविजय साह नायक साह जिला प्रतिनिधि डोमा साह, जिला परिषद सदस्य बबलू गुप्ता, जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता, आइटी सेल विकास गुप्ता, जिला संयोजक गोरखनाथ गुप्ता, राजू साह,सोरव जायसवाल, मिंटू जायसवाल, रमेश सोनी, विष्णु सोनी,अजय राम रामदेव महतो, टाईगर महतो, संतोष यादव,दिलीप यादव, सनातन जी, राजकुमार साह, चंद्रिका साह, प्रोफेसर राजगृह साह अन्य साथियों ने सहयोग करने की बात कही

## गुलाबी ठंड के दस्तक के साथ लहासा मार्केट शुरू



पटना । दिवाली के पूर्व से ही रात्रि पहर से गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है । इसी के साथ गर्म कपड़ों का बाजार भी सजने लगा है। बेली रोड हाई कोर्ट मजार स्थित परिसर में तिब्बती शरणार्थी द्वारा लहासा मार्केट की शुरूआत की गई है। यहां गर्म स्टाइलिश कपड़े मिल रहे हैं । इसके अलावा नन्हे मुन्ने बच्चे के रंग-बिरंगे गर्म कपड़े , खिलौने मिल रहे है । बड़े बुजुर्ग महिलाओं के लिए यहां विशेष कलेक्शन उपलब्ध है। लहासा उलन बाजार के आयोजक विक्की पांडे ने बताया इस बार मौसम विज्ञान के अनुसार नवंबर अंतिम सप्ताह से दिसंबर जनवरी तक कड़ाके की ठंड पड़ेगी । ऐसे में लोगों को किफायती दाम पर गर्म कपड़े उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। इस बाजार में पंजाब जालंधर लुधियाना जयपुर की मशहूर रजाई हिमाचल प्रदेश के ऊनी कपड़ों से वस्त्र, दिल्ली कानपुर के जैकेट, कश्मीरी शॉल, अंगवस्त्रम बिहारवासियों के लिए उपलब्ध रहेंगे। बाजार प्रातः 09:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक होगी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, गुरूवार, 14 नवंबर, 2024



# महिमा चौधरी और डॉ संजीव श्रीवास्तव ने आईआईटी बॉम्बे में 4डी ओमिक्स इनोवेशंस का किया अनावरण

## कैंसर डायग्नोस्टिक्स में होगा क्रांतिकारी बदलाव

प्रातः किरण संवाददाता



पटना /मुंबई । आईआईटी बॉम्बे में पायनियरिंग द फ्यूचर ऑफ हेल्थकेयर एंड डायग्नोस्टिक्स यूज़िंग 4ऊओमिक्स नामक एक कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रोटिओमिक्स लैब, बायोसाइंसेज और बायोइंजीनियरिंग (इरइए) विभाग द्वारा किया गया, जिसमें 4ऊप्रोटिओमिक्स और 4ऊ ओमिक्स में नए विकासों को प्रस्तुत किया गया। ये क्षेत्र डायग्नोस्टिक्स और पर्सनलाइज्ड हेल्थकेयर में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार हैं।

इस खास मौके पर अभिनेत्री महिमा चौधरी ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए, महिमा ने बताया कि कैंसर डायग्नोस्टिक्स के इस विषय से उनका गहरा जुड़ाव है। खुद एक ब्रेस्ट कैंसर सर्वाइवर होने के नाते, उन्होंने कैंसर मरीजों के लिए इस अत्याधुनिक तकनीक के महत्व पर जोर दिया। महिमा ने कहा, ह्लकैंसर मेरे दिल के बेहद करीब का विषय है, और यहां इस प्रभावशाली तकनीक का उद्घाटन देखना मेरे लिए गर्व की बात है। 4ऊ ओमिक्स प्लेटफॉर्म, खासकर इसके कैंसर डायग्नोस्टिक्स में इस्तेमाल, उन अनगिनत लोगों के लिए आशा की किरण है, जिनका जीवन इस बीमारी से प्रभावित हुआ है।

इस कार्यक्रम के संयोजक और प्रोटिओमिक्स विशेषज्ञ प्रोफेसर संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि हेल्थकेयर और डायग्नोस्टिक्स में 4ऊओमिक्स टेक्नोलॉजी का महत्व खासकर कैंसर और क्रॉनिक बीमारियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ह्ल4ऊओमिक्स रिसर्च में एक टाइम बेस्ड डाइमेंशन जोड़ता है। इसमें जीनोमिक्स, प्रोटिओमिक्स, ट्रांसक्रिप्टोमिक्स, और मेटाबोलोमिक्स को समय-संवेदनशील एनालिसिस के साथ जोड़ा जाता है, जिससे बीमारियों की प्रगति और थेरेपी के प्रभाव का अनूठा दृष्टिकोण प्राप्त होता है। इस संगोष्ठी और इंडिया के पहले 4डी-प्रोटिओमिक्स सेटअप का लॉन्च, हेल्थकेयर के परिणामों को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कॉन्फ्रेंस में प्रमुख अतिथियों में से एक थे डॉ. बलराम भार्गव, पूर्व महानिदेशक, क्ळटफ और हार्वर्ड मेडिकल स्कूल की डॉ. जूडिथ स्टीन। डॉ. भार्गव ने 4ऊओमिक्स तकनीक की संभावनाओं पर जोर देते हुए कहा, ह्लमल्टी-डाइमेंशनल ओमिक्स डेटा का इंटीग्रेशन पर्सनलाइज्ड मेडिसिन के नए रास्ते खोलता है। यह कैंसर डायग्नोस्टिक्स और मैटरनल और चाइल्ड हेल्थकेयर में क्रांतिकारी बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाएगा इसके साथ ही इस कार्यक्रम में भारत का पहला प्रोटिओमिक्स सेटअप का आधिकारिक लॉन्च हुआ, जिसे प्रोफेसर श्रीवास्तव और क्ळ्ळ बॉम्बे के पूर्व छात्र डॉ. अर्घ्य बनर्जी द्वारा स्थापित प्रोटिओमिका इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## एनडीए के खाते चारों सीटः संतोष मांझी

प्रातः किरण संवाददाता



गया ।गया में मंत्री संतोष मांझी ने चारों विधानसभा सीट पर जीत का दावा किया है ।मीडिया से बात करते हुए संतोष मांझी ने कहा कि चारों सीटों पर एनडीए की जीत होगी।

एनडीए के खाते चारों सीटः संतोष मांझी ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने विकास का काम किया है. जनता का विश्वास जीता है।

यही वजह है कि चारों सीटें जो बिहार विधानसभा उपचुनाव की है, वह एनडीए के खाते में आ रही है. मंत्री संतोष कुमार मांझी ने यह भी दावा किया कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए 200 सीटें तक जीतेगा(

,इस उपचुनाव में चारों सीटों पर एनडीए जीतेगी ।कौन रहेगा और कौन जाएगा? इसका पता 2025 में चल जाएगा,जो काम करेगा वह जनता के बीच में रहेगा एवं जो शांति सद्भाव और विकास का काम करेगा जनता उसके साथ रहेगी.ह्व -संतोष मांझी ।संतोष कुमार सुमन ने यह भी कहा कि विपक्षी लोग दावा कर रहे हैं कि वे जीत रहे लेकिन उन्हें पता होना चाहिए की 23 को हकीकत सामने आ जाएगी. काफी मतों से हम लोग जीतेंगे. जिस तरह हमारी प्राथमिकता में रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य पलायन को रोकना है ।उससे जनता हमसे जुड़ी हैं, हमें आशीर्वाद देती हैं ।हम काम कर रहे हैं तो जनता हमें जीता रही है ।एनडीए की जीत हो रही है।

## मोदी है तो सबकुछ मुमकिन है : संजय सरावगी



प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा। एम्स शिलान्यास के शुभ अवसर पर दरभंगा पधारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दरभंगा नगर विधायक व बिहार बिधानसभा में सचेतक संजय सरावगी ने सिकी से बना हुआ प्रधानमंत्री का चित्र भेंट किया। यह क्लाकृति दुनिया के हर कोने में सरहनिय व मशहूर है। श्री सरावगी ने इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मिथिला के हर कोने व क्षेत्र में विकास हुआ है। रेलवे के क्षेत्र में आज 350 करोड़ रूपया की लागत से परियोजना का शुभारम्भ किया है जो विकाश के क्षेत्र में सराहनीय है ।मोदी है तो सब कुछ मुमकिन है यह देश के हर क्षेत्र में दिखाई देता है।

# कलेर मे अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए 47प्रत्याशियों ने किया नामांकन तो सदस्य पद के लिए 217

प्रातः किरण संवाददाता



अरवल । कड़ी सुरक्षा के बीच तीसरे दिन पैक्स नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई इसी कड़ी में कलेर प्रखंड मुख्यालय परिसर में तीसरे दिन यानि अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए 47 लोगों ने नामांकन किया ,जबकि प्रबंध कार्यकारणी पद के लिए 217 लोगों ने नामांकन किया । पैक्स अध्यक्ष पद के लिए दक्षिणी कलेर पंचायत से अभिमन्यु कुमार उर्फ अंगेश, कामता पंचायत से दीपक शर्मा ,मैनपुरा पंचायत से संजय शर्मा, सोहसा पंचायत से मनीष कुमार ,सकरी खुर्द पंचायत से उमाशंकर सिंह, जयपुर पंचायत से राकेश शर्मा ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पर्चा दाखिल किया` कुल मिलाकर अब तक 47 लोगों ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया वहीं 217 लोगों ने सदस्य पद के लिए नामांकन दाखिला किया`प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि नामांकन का कार्य 13 नवंबर तक चलेगा। 14 ,15 एवं 16 नवंबर तक स्कूटनी का कार्य किया जायेगा 19 नवंबर के दिन नाम वापसी का कार्य किया जायेगा तथा 26 नवंबर को मतदान एवं27 को मतगणना का कार्य संपन्न किया जायेगा ।उन्होंने यह भी बताया कि नामांकन में होने वाले भीड़ को देखते हुए चार काउंटर बनाया गया था। प्रखंड मुख्यालय पर नामांकन को लेकर का काफी गहमागहमी रही ,उम्मीदवारों को अपने साथ एक प्रस्तावक एक समर्थक और एक आवेदक कुल तीन लोगों को लेकर अंदर जाने की अनुमति दी गई थी `सुरक्षा को लेकर अंचल अधिकारी सर्वेश कुमार सिन्हां, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी धीरज कुमार ,प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रंजीत कुमार के अलावे भारी संख्या में पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी`

## रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार दूसरे दिन मुजफ्फरपुर जंक्शन का निरीक्षण किया

प्रातः किरण संवाददाता



हाजीपुर । सतीश कुमार, अध्यक्ष एवं सीईओ, रेलवे बोर्ड 02 दिवसीय दौरे के दूसरे दिन मुजफ्फरपुर जं. का निरीक्षण किये । इस दौरान उन्होंने मुजफ्फरपुर जं. पर यात्री सुविधा, स्वच्छता, सुरक्षा आदि का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने प्लेटफार्म, एफओबी, सकुर्लेटिंग एरिया आदि का भी निरीक्षण किए । उन्होंने छठ पूजा बाद मुजफ्फरपुर स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए पैसेंजर होल्डिंग एरिया का भी निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत मुजफ्फरपुर जंक्शन पर हो रहे पुनर्विकास कार्य का जायजा लिया तथा 3डी मॉडल का अवलोकन किये ।उन्होंने मुजफ्फरपुर जंक्शन पर चल रहे पुनर्विकास कार्य की प्रगति की संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा की एवं निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह एवं सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद सहित मुख्यालय एवं सोनपुर मंडल के अन्य उच्चााधिकारीगण उपस्थित थे। विदित हो कि कल देर रात्रि रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सतीश कुमार द्वारा समस्तीपुर स्टेशन का निरीक्षण कर स्टेशन पर उपलब्ध विभिन्न यात्री सुविधाओं का जायजा लिया गया था ।

# भयमुक्त,निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए डीएम ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

■ स्थानीय मतदाताओं द्वारा किए जा रहे मतदान को देखा और मतदाताओं से बातचीत भी किया

प्रातः किरण संवाददाता



गया । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी गया डॉ ० त्यागराजन एसएम ने विधानसभा उपचुनाव 2024 के प्रारंभ हो चुके चुनाव को भयमुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु लगातार भ्रमणशील है। इस दौरान उन्होंने बेलागंज विधानसभा पहुंचकर दो दर्जन से अधिक मतदान केंद्रों पर जा जाकर, स्थानीय मतदाताओं द्वारा किए जा रहे मतदान को देखा और मतदाताओं से बातचीत भी किया है। मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच करते हुए मतदान केंद्रों पर उपस्थित निर्वाचन पदाधिकारी एवं सुरक्षा बलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही डीएम ने वहां उपस्थित मतदाताओं से संवाद कर यह सुनिश्चित किया कि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं हो रही है। डीएम के इस सक्रियता और संवेदनशीलता से मतदातागण काफी सुरक्षित और प्रफुल्लित नजर आए।

जिला पदाधिकारी ने मुख्य रूप से साकीरबीघा, मध्य विद्यालय करियार, भलुआ, पनारी, दौलतपुर, काजी,हरि गांव, कुरमा टोला, काली स्थान, पाई बिगहा, बेल्हड़ी टोला, मेन गांव, ढेहमां गांव एवं पोखरा गांव स्थित अनेकों बूथों का निरीक्षण किया है।

# नाटक, शनिवार को दो बजे का किया गया सफल मंचन



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। चतुर्थ रंगकार 2024 सह नागेश्वर सम्मान में युवा रंगकर्मी अविनाश कुमार को युवा रंगकर्मी नागेश्वर सम्मान से सम्मानित किया गया और रंग गुरुकुल रंगमंडल की प्रस्तुति शनिवार को दो बजे जिसके लेखक सुरेन्द्र वर्मा एवं निर्देशक - अविनाश कुमार और सह निर्देशक विष्णुकुमार देव हैं इस नाटक का मंचन निर्माण कलामंच हाजीपुर में किया गया और इसके अयोजनकार्य अभिनय आर्ट्स पटना के द्वारा किया गया ।शनिवार को दो बजे हिंदी के प्रख्यात लेखक सुरेन्द्र वर्मा के इसी नाम के नाटक पर आधारित है। यह दो ऑफिस जाने वाले लोगों के बीच विवाहेतर संबंध की कहानी है। कहानी उन दोनों के बीच बने संबंधों की पड़ताल करती है जो रिश्ते की गुप्त प्रकृति द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के बावजूद भी उनके बीच बने हैं ।दो ऑफिस जाने वाले लोगों के बीच विवाहेतर संबंध की कहानी। वे लगभग हर शनिवार को दो बजे एक उधार के घोंसले में गुप्त रूप से मिलते हैं; या यह सिर्फ इतना ही है? जबकि एक पुरुष-महिला संबंध का यौन पहलू कुंवारी और विवाहित पुरुष के बीच पूरा हो रहा है, जो उन्हें एक साथ बांधता है वह केवल संबंध की शारीरिकता नहीं है बल्कि इससे भी अधिक, उनके द्वारा विकसित किया गया पारिवारिक बंधन है। यह एक ऐसा बंधन है जो उनके संबंधित परिवारों में खो गया है लेकिन इस रिश्ते में मौजूद है जिसे समाज अवैध कहना पसंद करता है। यह एक ऐसा बंधन है जहाँ वे अभी भी एक-दूसरे से बात करना पसंद करते हैं। कहानी उन दोनों के बीच बने संबंधों की पड़ताल करती है जो रिश्ते की गुप्त प्रकृति द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के बावजूद भी उनके बीच बने हैं ।नाटक शनिवार को दो बजे ऐसी कहानी है जो पारिवारिक गतिशीलता को दशार्ता है।

यह एक ऐसी अवधारणा है जिसे हम आमतौर पर पति-पत्नी, माता-पिता और बच्चों, भाई-बहनों या रिश्तेदारों के बीच देखे जाने वाले प्रोटोटाइपिक रिश्तों के रूप में देखते हैं।

# प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद चंद्रवंशी ने कहा: चंद्रवंशी समाज का इतिहास गौरवशाली

## सम्राट जरासंध पूजा समारोह अयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

करपी ।चंद्रवंशी समाज का इतिहास गौरवशाली हैं, त्रेतायुग और द्वापर युग मे चंद्रवंश के अनेकों चंद्रवंशी चक्रवर्ती सम्राट हुए उक्त बातें पूर्व भाजपा नेता व चंद्रवंशी चेतना मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व जिला पार्षद आनंद कुमार चंद्रवंशी ने मंझीआंवा ग्राम तथा बेलखरा ग्राम में सम्राट जरासंध पूजा समारोह को संबोधित करते हुए कहा । पूर्व जिला पार्षद ने आगे कहा की चंद्रवंशी शब्द का शाब्दिक अर्थ चंद्रमा के वंशज होता हैं। हिन्दु धर्म के धार्मिक महाकाव्य महाभारत में चंद्रवंशी क्षत्रिय समाज के गाथा हैं जो महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित संस्कृत महाकाव्य है। चंद्रवंशी कुल का उदय ऋषि अत्रि और देवी अनुसूइया के पुत्र ह्यसोमह्ल यानी ह्यचंद्रह्ल से हुआ है। चंद्र के पुत्र बुध हुए थे, बुध की पत्नी इला थी, जो राजा मनु की पुत्री थी, बुध इला के पुत्र चक्रवर्ती सम्राट महाराज पुरूरवा हुए। राजा पुरुरवा का विवाह स्वर्ग के सुंदरी अप्सरा उर्वशी से हुआ था जो पूरे पृथ्वी पर त्रेतायुग मे चंद्रवंश का प्रथम चंद्रवंशी क्षत्रिय राजा हुए । राजा पुरुरवा के पुत्र आयु हुए और आयु के पुत्र राजा नहुष हुए जिनका विवाह भगवान शिव और देवी पार्वती के पुत्री अशोक सुंदरी से हुआ था।

राजा नहुष स्वर्ग का राजा भी हुए और सैकड़ों वर्षों तक स्वर्ग पर राज किये। द्वापर युग मे चंद्रवंशी क्षत्रिय राजा भरत हस्तिनापुर के चक्रवर्ती सम्राट थे। राजा भरत के नाम पर ही भारत देश का नाम रखा गया है।

राजा भरत के कुल मे आगे चलकर हस्तिनापुर के राजा प्रतीप हुए जिनका पुत्र राजा शान्तनु हुए और मगध के राजा बृहद्रथ हुए जिनका पुत्र चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध हुए। महाराज जरासंध के राजधानी राजगृह (राजगीर) हुआ करता था, जो शिवभक्त और दानवीर थे, माना जाता है की जरासंध के भुजाओं में सौ हाथियों का बल था। जरासंध महाराज एक सत्यवादी राजा थे, जिसका राजधानी राजगृह वो पवित्र भूमि है जहां आज भी मलमास के अपवित्र महीने (मास) में पृथ्वी के सभी देवी-देवता का निवास स्थान राजगृह में होता है।

महाभारत में उल्लेख है कि मल्लयुद्ध में भागवत श्री कृष्ण भी जरासंध से अनेकों बार हार गए थे दूसरी ओर हस्तिनापुर के चंद्रवंशी क्षत्रिय राजा शान्तनु का विवाह देवी गंगा से हुआ, जिनका पुत्र पितामह भीष्म हुए, राजा शांतनु के दूसरा विवाह देवी सत्यवती से हुआ जिनका दो पुत्र चित्रांगद और विचित्रवीर्य थे। इन दोनों भाइयों का विवाह काशीराज ने राजा के पुत्री अंबिका और अंबालिका से हुआ जिनके पुत्र धृष्टराष्ट्र और पाण्डु हुए। धृष्टराष्ट्र के दुर्योधन सहित सौ पुत्र हुए तो पाण्डु के पांच पुत्र युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव हुए। बाद में महाभारत युद्ध के बाद हस्तिनापुर के राजा युधिष्ठिर बने। महाभारत काल के हस्तिनापुर आज भी हस्तिनापुर के नाम से ही जाना जाता है, यह उत्तर प्रदेश के मेरठ ज़िले में स्थित है. मेरठ शहर से इसकी दूरी करीब 30 किलोमीटर गंगा नदी के किनारे है।


महाभारत काल के इंद्रप्रस्थ राज का वर्तमान नाम दिल्ली है जो भारत की राजधानी है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेम चंद्रवंशी तथा संचालन वीरेन्द्र चंद्रवंशी ने किया, मौके पर राजकुमार चंद्रवंशी, अजय चंद्रवंशी, शिक्षक राजीव कुमार, जयशंकर प्रसाद, बसपा नेता अशोक शर्मा, नवल किशोर चंद्रवंशी, पंचायत समिति सदस्य रवीन्द्र चंद्रवंशी और पप्पू मिश्रा, पैक्स अध्यक्ष माधो कुमार भाजपा युवा नेता चंदन शर्मा सहित अनेको गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

## 2025 विधानसभा में एनडीए 225 सीट जीतेगी: चंदन सिंह




गया। वजीरगंज प्रखंड जदयू की प्रखंड कार्यकारणी, पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ कमिटी के साथ प्रखंड अध्यक्ष महेश सिंह के अध्यक्षता में निजी हाल में महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जदयू प्रदेश मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह शामिल हुए। पार्टी के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए चंदन कुमार सिंह ने कहा की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के द्वारा किए गए कार्यों को लेकर पंचायत स्तर तक बूथ स्तर बैठक करके संगठन को मजबूत करना है। हर बूथ पर पार्टी का 10 कार्यकर्ता को जिम्मेवारी दिया गया है। उन्होंने नारा दिया है बूथ जीतों चुनाव जीतो। चंदन सिंह ने कहा की 2025 में एनडीए के द्वारा 225 सीट जीतने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें वजीरगंज भी एनडीए की झोली में आएगी। बैठक में जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, विधानसभा प्रभारी निरंजन दिवाकर, अक्षय सिंह, बच्चू कुशवाहा , मंजू देवी, यशोदा देवी, सीताराम सिंह, जितेंद्र कुशवाहा, मो0 आरिफ हुसैन, रंजीत पांडे, रामराज मांझी, रिंकू सिंह, बच्चन जी, दिनेश सिंह, संभू शरण जी, महेंद्र जी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## यहां कोई सरकार नहीं, चुनाव महागठबंधन के पक्ष में होगा: अभय कुशवाहा



गया। संसदीय दल राजद नेता सह औरंगाबाद सांसद ने अपने परिवार के साथ मतदान केंद्र पर अपना मतदान किया बिहार में बढ रहे अपराध और भ्रष्टाचार को कम करने और बेलागंज मे विकास और बढे इसके लिए साथ ही युवा को रोजगार मिले इसके लिए। मिडिया को बताया कि अभय कुशवाहा ने उपचुनाव को लेकर कहा कि मुझे लगता है कि यह चुनाव महागठबंधन के पक्ष में होगा ।उन्होंने कहा कि हर कोई वर्तमान सरकार से परेशान है ।अपराध और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है ।लोग बिजली बिल, भूमि सर्वेक्षण से परेशान हैं, यहां कोई सरकार नहीं है। इसलिए महागठबंधन को वोट करे सभी मतदाताओं से अपिल भी की है।

# जरासंध के जयंती पर दुगोला कार्यक्रम का आयोजन

## जरासंध मगध की धरती के ऐसे राजा थे जिनके बारे में व्याख्या करना बहुत ही कम पड़ेगा: डॉक्टर रामबली

प्रातः किरण संवाददाता



अरवल। वंशी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मंझियामा में जरासंध के जयंती पर किया गया कार्यक्रम आयोजित। जरासंध पूजा समिति के द्वारा प्रेम कुमार चंद्रवंशी की अध्यक्षता दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का उद्घाटन करता पूर्व सदस्य बिहार विधानसभा डॉक्टर रामबली चंद्रवंशी के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में कई महान नेताओं का आगमन हुआ माधव कुमार शर्मा शैलेश कुमार चंदन कुमार पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा रविंद्र कुमार पंचायत समिति सदस्य बंसी आनंद चंद्रवंशी उपाध्यक्ष भाजपा अरवल वीरेंद्र कुमार चंद्रवंशी राम विनोद शर्मा नवल किशोर चंद्रवंशी प्रवीण कुमार वीरेंद्र चंद्रवंशी अवधेश चंद्रवंशी अविनाश कुमार मिश्रा अशोक शर्मा प्रदेश महासचिव बसपा श्रीकांत प्रसाद चंद्रवंशी बम बम शर्मा एवं कई अतिथि गण उपस्थित हुए इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर रामबली सिंह चंद्रवंशी ने कहा की जरासंध मगध की धरती के ऐसे राजा थे ।

जिनके बारे में व्याख्या करना बहुत ही कम पड़ेगा जरासंध पूजा समिति के अध्यक्ष प्रेम कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि हम लोग इनके जयंती के मौके पर पूरा कमिटी संकल्प लेते हैं।

क्यों उनके बताए हुए रास्ते पर हम लोग चलने का प्रयास करेंगे इस कमेटी में वीरेंद्र कुमार चंद्रवंशी उपाध्यक्ष सचिव राजकुमार चंद्रवंशी उपसचिव रविंद्र चंद्रवंशी कोषाध्यक्ष उपेंद्र चंद्रवंशी मधेश्वरी चंद्रवंशी बालेंद्र कुमार चंद्रवंशी राजीव रोशन शिक्षक एवं कई कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में भाग लिए।

## बेलागंज उपचुनाव में तीर ने किया विरोधियों का सुपड़ा साफ :उत्तम कुशवाहा

प्रातः किरण संवाददाता

बेलागंज विधानसभा उपचुनाव में जदयू युवा नेता अध्यक्ष मगध विश्वविद्यालय सा प्रभारी के कुजापी पंचायत श्री उत्तम कुशवाहा ने कहा कि आज बेलागंज की जनता ने बेलागंज को जंगल राज्य से मुक्त करवा दिया जिस तरह का आज वोटिंग के दौरान युवाओं ने महिलाओं ने एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एकमत होकर नीतीश कुमार जी के प्रत्याशी मनोरमा देवी जी को वोट करके बेलागंज में बदलाव की लहर दिख रही है और आने वाले 23 नवंबर को बेलागंज में इतिहास रचा जाएगा ।

साथ ही उत्तम कुशवाहा ने कहा कि मनोरमा देवी जी को सभी जाति सभी धर्म के लोगों ने बढ़-चढ़कर विकास के नाम पर वोट किया है ।

साथ ही उत्तम कुशवाहा ने कहा कि मैं कुशवाहा समाज का बेटा हूं और पूरा बेलागंज में कुशवाहा समाज के साथ अति पिछड़ा समाज मुख्यमंत्री जी के वोटर है।

उन्हीं के नेतृत्व में पूरा एकमत होकर कुशवाहा , पिछड़ा समाज मनोरमा देवी जी को वोट देकर भारी मतों से विजय बनाएंगे , मौके पर प्रदेश जदयू के वरिष्ठ नेता नागेंद्र रंजन मालाकार, गया के वरिष्ठ नेता आरएम के जिला अध्यक्ष बंटी कुमार,अरुण वर्मा, रविकांत, सागर यादव, सुमित, राहुल प्रजापति, अन्य लोग रहे उपस्थित।

## रामपुर चौरम थाने के पुलिस ने दो आरोपी को किया गिरफ्तार



अरवल। जिले के रामपुर चौरम थाने के पुलिस ने चाकू का भय दिखाकर महिला से सोना छीनने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार किया है इस मामले में रामपुर चरम थाना अध्यक्ष सिंटू कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह गोपाल विगहा के पास नहर रोड पर एक महिला के पहने गहने सोने का कान वाली एवं सोने की जितिया को चाकू के भय दिखाकर एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति सवार के द्वारा छीन लिया गया था और अकेली महिला समझ कर छेड़छाड़ करने की प्रयास किया था किंतु ग्रामीणों के आता देख दो अभियुक्त अपने अपाची मोटरसाइकिल से बलिदाद की ओर भाग गया था ।

अनुसंधान के क्रम में अभियुक्त द्वारा उपयोग की गई मोटरसाइकिल को पटना जिला के विक्रम थाने क्षेत्र से बरामद किया गया साथ ही घटना स्थल से अभियुक्त के चप्पल बरामद किया गया। उक्त दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# लनामिवि महिला कबड्डी टीम ऑल इंडिया प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई

प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा। पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की कबड्डी टीम ने क्वालीफाइंग राउंड में उड़ीसा के भुवनेश्वर स्थित उत्कल विश्वविद्यालय को 40-6 से पराजित करते हुए अखिल भारतीय अंतर- विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इस शानदार जीत से विश्वविद्यालय में हर्ष का माहौल है। बता दें पूर्वी क्षेत्र अंतर -विश्वविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ के रायपुर में पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय में 11 नवंबर से 14 नवंबर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टोली की प्रबंधक डॉ० प्रियंका राय ने बताया कि बुधवार को हमारी महिला कबड्डी टीम ने क्वालीफाइंग मैच खेला। यह क्वालीफाइंग मैच ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा तथा उत्कल विश्वविद्यालय,भुवनेश्वर के बीच हुआ ।इस मैच में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की टीम ने 40-6 के बड़े अंकों के अंतराल से उत्कल विश्वविद्यालय को मात देते हुए अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इस जीत पर कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि चांसलर ट्रॉफी प्रतियोगिता के दौरान मैं स्वयं हमारे विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों के शक्ति और साहस का साक्षी रहा हूं। उन्होंने टेलीफोन के माध्यम से सभी महिला कबड्डी खिलाड़ियों, प्रशिक्षक, सहायक परीक्षक एवं टोली प्रबंधक को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए मंगलकामनाएं की। विश्वविद्यालय खेल पदाधिकारी प्रो० अजय नाथ झा, उप-खेल पदाधिकारी अमृत कुमार झा ने खुशी व्यक्त करते हुए टीम को आगामी मैच में बेहतर प्रदर्शन और शानदार जीत सुनिश्चित करने हेतु प्रोत्साहित किया। स्पोर्ट्स टेक्निकल मनीष राज ने भी मैच के तकनीकी पक्षों को मजबूत कर मैदान में उतरने की राय दी।




## संक्षिप्त समाचार

### वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन ने प्रोफेसर ललित कुमार दास को 2024 के डिजाइन गुरु अवार्ड से सम्मानित किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रचनात्मकता के क्षेत्र में शिक्षा के लिए समर्पित भारत की पहली युनिवर्सिटी- वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन (डब्लूयूडी) ने 11 नवंबर, 2024 को अपने परिसर में एक भव्य समारोह में प्रोफेसर ललित कुमार दास को प्रतिष्ठित डिजाइन गुरु अवार्ड से सम्मानित किया। प्रोफेसर ललित दास, औद्योगिक डिजाइन शिक्षा में एक बड़ी हस्ती हैं और उन्हें समावेशी और टिकाऊ डिजाइन को लेकर उनके अनूठे दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है। इस क्षेत्र में उनके नेतृत्व ने ना केवल अगली पीढ़ी के डिजाइनरों को आकार दिया है, बल्कि ऐसे उत्पादों और पर्यावरण के सृजन के महत्व को रेखांकित किया है जो सभी की पहुंच में हो और सभी के लिए लाभप्रद हो। नेशनल डिजाइन गुरु डे के अवसर पर वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन द्वारा प्रदान किया जाने वाला यह अवार्ड उन लीडरको सम्मान देता है जिन्होंने डिजाइन के भविष्य को आकार देते और रचनात्मक सोच वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते हुए भारत में डिजाइन शिक्षा में असाधारणयोगदान दिया है। हर साल नौ नवंबर को मनाए जाने वाले नेशनल डिजाइन गुरु डे की शुरुआत डिजाइन के शिक्षकों की अग्रणी पीढ़ी को पहचान देने के लिए की गई जिन्होंने भारत में डिजाइन की शिक्षा की नीव डाली। संयोग से जिस दिन डिजाइन के इन नेताओं को सम्मानित किया जाता है, वह स्वर्गीय प्रोफेसर एमपी रंजन की जयंती है जो नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (एनआईडी) में डिजाइन चिंतन और शिक्षा में एक प्रभावशाली व्यक्तित्व रहे।

### लैंक्सेस इंडिया ने जीता फिक्की केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स अवार्ड 2024 का डिजिटेक फ्रंट रनर ऑफ द ईयर सम्मान




**मुंबई, एजेंसी।** लैंक्सेस इंडिया ने केमिकल सेक्टर में 'डिजिटेक फ्रंट रनर ऑफ द ईयर' कैटेगरी में फिक्की केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स अवार्ड 2024 जीता है। यह सम्मान भारत सरकार की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक राज्यमंत्री, श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कंपनी को प्रदान किया। इस खास मौके पर रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय की सचिव, श्रीमती निवेदिता शुक्ला वर्मा, और उद्योग जगत के कई प्रमुख साझेदार भी उपस्थित थे। लैंक्सेस इंडिया के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, नमितेश रॉय चौधरी, ने कंपनी की ओर से यह अवार्ड स्वीकार किया। उनके साथ पीटीएसई के पूर्णकालिक निदेशक और प्रमुख, बालाराम खोट भी मौजूद थे। यह पुरस्कार 17 अक्टूबर 2024 को मुंबई में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया। इस सम्मान पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए, लैंक्सेस इंडिया के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, नमितेश रॉय चौधरी ने कहा, इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाकर हम बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। नई तकनीकों और डिजिटल सोच को अपनाकर हम अपनी प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाते हैं और उत्पादकता, कनेक्टिविटी और संपूर्ण प्रदर्शन में सुधार करते हैं।

# स्विगी के आईपीओ ने किया खुश, बीएसई पर 5 प्रतिशत प्रीमियम के साथ लिस्टिंग, कुछ ही देर में 13 प्रतिशत से भी ज्यादा चढ़ गया

**नई दिल्ली, एजेंसी। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी का आईपीओ आज बुधवार को शेयर मार्केट में लिस्ट हो गया। लिस्टिंग पर इसने निवेशकों को मुस्कुराने का मौका दे दिया। बीएसई पर यह 5.64 फीसदी प्रीमियम के साथ 412 रुपये पर लिस्ट हुआ। वहीं एनएसई पर यह 7.69 फीसदी प्रीमियम के साथ 420 रुपये पर लिस्ट हुआ। इसने लिस्टिंग पर ही निवेशकों को फायदा दे दिया है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि लिस्टिंग थोड़ी कमजोर है लेकिन गिरते मार्केट को देखें तो काफी बेहतर है। ऐसे में अभी इसके शेयर को होल्ड करके रखें। बेचने की जल्दबाजी न दिखाएं। आने वाले कुछ समय में यह अच्छा रिटर्न दे सकता है।**



### कितने का हुआ फायदा?

इस शेयर का प्राइस बैंड बैंड 371 से 390 रुपये था। बाद में इसका प्राइस 390 तय हुआ। चूंकि इसकी बीएसई पर लिस्टिंग 412 रुपये पर हुई है। ऐसे में इसने निवेशकों को प्रति शेयर 22 रुपये का फायदा दिया है। इसकी लिस्टिंग भले ही 412 पर हुई हो, लेकिन कुछ ही देर में यह शेयर 449 तक जा पहुंचा। मतलब कि निवेशकों को 13 फीसदी से भी ज्यादा का फायदा हुआ है।

इस शेयर को निवेशकों का बहुत अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला था। इसका आईपीओ 6 नवंबर को निवेश के लिए खुला था और 8 नवंबर को बंद हो गया था। शुरू के दो दिन निवेशकों का ठंडा रिस्पॉन्स रहा। हालांकि तीसरे और अंतिम दिन संस्थागत निवेशकों ने इसकी लाज बचाई और यह 3.6 गुना सब्सक्राइब हो पाया।

### ग्रे मार्केट में भी नहीं मिला था भाव

इस आईपीओ को ग्रे मार्केट में भी अच्छा भाव नहीं मिला था। जिस दिन इस आईपीओ का प्राइस बैंड तय हुआ था, उस दिन इसका जीएमपी यानी ग्रे मार्केट प्रीमियम 25 रुपये था। इसके बाद से इसमें लगातार गिरावट आती गई। एक दिन पहले यानी 12 नवंबर को इसका जीएमपी दिन में 2 रुपये और शाम को शून्य हो गया। जीएमपी के मुताबिक इस आईपीओ की फ्लैट लिस्टिंग के आसार थे। यानी न फायदा और न नुकसान। लेकिन आज ऐसा नहीं हुआ। ग्रे मार्केट के भाव को झुठलाते हुए यह फायदे के साथ लिस्ट हुआ।

### देश के महंगे आईपीओ में से एक

स्विगी का आईपीओ देश के महंगे आईपीओ में से एक रहा। पिछले महीने ही हुंडई का आईपीओ आया था जो देश का अब तक का सबसे महंगा आईपीओ था। हुंडई के आईपीओ का इश्यू साइज 27 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा था। वहीं स्विगी के आईपीओ का इश्यू साइज 11 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा था। यह इस साल अब तक का दूसरा सबसे महंगा आईपीओ था।

## 19 नवंबर से खुल रहा एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का आईपीओ





**नई दिल्ली, एजेंसी।** इनिशियल पब्लिक आफरिंग यानी आईपीओ में दांव लगाने वालों के लिए अच्छी खबर है। अगले सप्ताह एक और मोस्ट अवेटेड आईपीओ निवेश के लिए खुल रहा है। यह आईपीओ- पब्लिक सेक्टर की एनटीपीसी लिमिटेड की ग्रीन एनर्जी यूनिट एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का है। आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 19 नवंबर को खुलेगा और 22 नवंबर को बंद होगा। कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए प्रति इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड 102 से 108 के बीच तय किया है। निवेशक 138 शेयरों के लॉट और उसके गुणकों में इश्यू के लिए बोली लगा सकते हैं। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का आईपीओ 10,000 करोड़ का है। ग्रे मार्केट में यह शेयर आज 9 रुपये प्रीमियम पर उपलब्ध है।

एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का 10,000 करोड़ का आईपीओ पूरी तरह से इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू होगा और इसके लिए कोई ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) कंपोनेंट नहीं होगा। हुंडई मोटर इंडिया के 27,870 करोड़ के इश्यू और स्विगी के 11,300 करोड़ के आईपीओ के बाद यह साल का तीसरा सबसे बड़ा आईपीओ होगा। नेट आईपीओ का लगभग 75 प्रतिशत संस्थागत निवेशकों के लिए रिजर्व होगा, जबकि 15 प्रतिशत इश्यू गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए रिजर्व होगा। आईपीओ का 10 प्रतिशत खुदरा निवेशकों के लिए रिजर्व होगा। पात्र कर्मचारियों के लिए 200 करोड़ तक के शेयर रिजर्व होंगे, जो बोली लगाते समय प्रति शेयर 5 की छूट का भी लाभ उठा सकते हैं। शेयरधारक कोटा के तहत एनटीपीसी के मौजूदा निवेशकों के लिए 1,000 करोड़ तक के शेयर रिजर्व रहेंगे। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी महारत्न पीएसयू एनटीपीसी की सहायक कंपनी है और यूटिलिटी0स्केल रिन्यूएबल एनर्जी परियोजनाओं का एक पोर्टफोलियो विकसित करने में शामिल है। ऑफटेकर एकाग्रता जोखिम, आपूर्तिकर्ता एकाग्रता जोखिम और परियोजना निष्पादन जोखिम कुछ जोखिम कारक हैं जिन्हें एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी ने अपने रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस में उजागर किया है।

## कुछ साल पहले कोई नहीं जानता था नाम, आज मुकेश अंबानी की रिलायंस से 10 गुना बड़ी है कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एआई चिप बनाने वाली अमेरिकी कंपनी एनवीडिया आजकल फिर सुर्खियों में है। यह ऐपल को पछाड़कर दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई है। इसका मार्केट कैप 3.648 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया है जो दुनिया के अधिकांश देशों की जीडीपी से ज्यादा है। इस कंपनी का मार्केट कैप भारत की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज से 18 गुना है। पिछले 12 महीनों में एनवीडिया के मार्केट कैप में 2.4 ट्रिलियन डॉलर का इजाफा हुआ है। पिछले 25 साल में इसका शेयर 250,000 परसेंट से अधिक उछला है। इसके फाउंडर और सीईओ जेंसन हुआंग दुनिया के 11वें सबसे अमीर शख्स हैं। उनकी नेटवर्थ में 127 अरब डॉलर है। इस साल इसमें 82.8 अरब डॉलर की तेजी आई है। कुछ साल पहले तक एनवीडिया और हुआंग का नाम कम ही लोगों को पता था।



हुआंग का जन्म साल 1963 में ताइवान में हुआ था। उनका बचपन ताइवान के अलावा थाईलैंड में गुजरा। साल 1973 में उनके माता-पिता ने उन्हें अमेरिका में अपने रिश्तेदारों के पास भेज दिया था और फिर कुछ दिन बाद वे भी अमेरिका आ गए थे। एनवीडिया की स्थापना अप्रैल 1993 में हुई थी। शुरुआत में यह कंपनी वीडियो-गेम ग्राफिक्स चिप्स बनाती थी। जब कंपनी का शेयर 100 डॉलर पर पहुंचा था तो हुआंग ने अपने बाजू पर कंपनी के लोगो का टैटू बनवाया था। एनवीडिया में अब उनकी 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### कोरोना बना वरदान

कोरोना काल इस कंपनी के लिए वरदान बनकर आया। इस दौरान एनवीडिया के शेयरों में भारी तेजी आई। क्रिप्टो बूम के कारण इसके माइनिंग में चिप के इस्तेमाल में तेजी आई। लेकिन फिर कंपनी के शेयरों की कीमत दो-तिहाई गिर गई थी। लेकिन एआई का चलन बढ़ने से फिर कंपनी के दिन फिरने लगे। हुआंग का कहना है कि एआई कंप्यूटर क्रांति की अगुवाई कर रहा है। इसे इस्तेमाल करना आसान है, इसलिए यह तेजी से बढ़ रही है। आने वाले दिनों में कोई भी इंडस्ट्री इससे अछूती नहीं रहेगी। दुनियाभर की कंपनियां ज्यादा पावरफुल कंप्यूटरों का रुख कर रहे हैं जो चैटजीपीटी जैसे जेनरेटिव एआई को हैंडल कर सकें।

माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसी बड़ी-बड़ी टेक कंपनियों में एनवीडिया से ज्यादा से ज्यादा चिप लेने की होड़ मची है। साथ ही सऊदी अरब और यूएई भी कंपनी से हजारों चिप खरीद रहे हैं। इतना ही नहीं चीन की कंपनियां टेंसेंट और अलीबाबा भी एनवीडिया के दरवाजे पर खड़ी हैं। साफ है कि एनवीडिया के चिप की दुनिया में मांग तेजी से बढ़ रही है। चैटबॉट और दूसरे टूल्स के बढ़ते चलन के कारण आने वाले दिनों में इसमें और तेजी आने की उम्मीद है। पिछले साल कंपनी के प्रॉफिट में 628 प्रतिशत और रेवेन्यू में 268 प्रतिशत तेजी आई।

### काम करने का तरीका

हुआंग का कहना है कि उनका काम सुबह छह बजे शुरू होता है। वह रोजाना 14 घंटे काम करते हैं। छुट्टियों और वीकेंड पर भी काम करते हैं। वह मानते हैं कि दुनिया में कुछ हासिल करने के लिए संघर्ष करना जरूरी है। कर्मचारियों से कनेक्ट होने के लिए वह कैफे में ही खाना खाते हैं। वह याद करते हैं कि 1990 के दशक के अंत में कंपनी दिवालिया होने के कगार पर पहुंच गई थी लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। अपनी मेहनत और लगन के दम पर हुआंन ने एनवीडिया को आज दुनिया की टॉप वैल्यूएबल कंपनी बना दिया।

## टाटा, बिड़ला, वेदांता... सबको टक्कर देने की तैयारी में अडानी, 42000 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट से मचाई खलबली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के दूसरे सबसे अमीर और अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी मेटल इंडस्ट्री में भारी निवेश करने जा रहे हैं। उनके इस कदम से कई बड़े कारोबारी ग्रुप जैसे टाटा, बिड़ला और वेदांता में खलबली मच गई है। अडानी इस कारोबार के लिए 5 बिलियन डॉलर (करीब 42 हजार करोड़ रुपये) निवेश कर रहे हैं। अडानी के इस मेटल कारोबार में खनन, शोधन और तांबा, लोहा, इस्पात और एल्युमीनियम के प्रोडक्शन पर फोकस किया जाएगा। इसके लिए अडानी ग्रुप अगले 3 से 5 वर्षों में इस क्षेत्र में 5 बिलियन डॉलर खर्च करेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कुल निवेश में से 2 बिलियन डॉलर कॉपर यानी तांबे पर खर्च किए जाएंगे। अडानी के इस कारोबार में प्रवेश करने से वेदांता, आदित्य बिड़ला ग्रुप की हिंडाल्को और टाटा जैसी दिग्गज कंपनियों को चुनौती मिलेगी।



### कॉपर सेक्टर में पहले से कदम

अडानी ग्रुप मार्च में 500 चज्ञक्क (किलोटन प्रति वर्ष) की स्मेल्टर क्षमता के साथ अपने तांबा संचालन के पहले चरण की शुरुआत कर चुका है। वहीं अडानी ग्रुप दूसरी मेटल जैसे एल्युमीनियम, स्टील आदि पर भी नजर जमा रहा है। ग्रुप को ओडिशा के रायगढ़ में एक एल्युमीना रिफाइनरी और एक कैप्टिव पावर प्लांट बनाने की मंजूरी मिल गई है। जल्द ही यहां पर काम शुरू कर दिया जाएगा। लेकिन इससे पहले अडानी ग्रुप अपनी सहायक कंपनी मुंद्रा एल्युमीनियम लिमिटेड के तहत एक एल्युमीना रिफाइनरी स्थापित करने पर विचार कर रहा है।

### इन कंपनियों को मिलेगी टक्कर

मेटल सेक्टर में उतरने के बाद अडानी ग्रुप से कई बड़ी कंपनियों जैसे वेदांता, हिंडाल्को, टाटा स्टील, छ्वस्ङ्ख स्टील आदि को टक्कर मिलेगी। इसमें वेदांता एल्यूमीनियम, जस्ता, लोहा आदि में अपने ऑपरेशंस के लिए जानी जाती है। वहीं हिंडाल्को तांबे और एल्यूमीनियम में माहिर है। टाटा स्टील और छ्वस्ङ्ख स्टील लोहा और इस्पात क्षेत्र में अग्रणी हैं।

### क्या है अडानी का लक्ष्य?

अडानी का लक्ष्य उन सेक्टर पर अपनी पहुंच बनाना है जो अभी तक उनसे दूर रहे हैं। ग्रुप ने कुछ समय पहले अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड और एसीसी लिमिटेड का अधिग्रहण करके सीमेंट क्षेत्र में कदम रखा था।

## मस्क ने सात दिन में की ट्रंप की संपत्ति से 10 गुना कमाई, कंपनी के मार्केट कैप में हुआ इतना इजाफा

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के लिए पूरी ताकत झोंक देने वाले टेस्ला व एक्स के सीईओ एलन मस्क की कमाई सात दिन में ही ट्रंप की कुल संपत्ति से करीब 10 गुना अधिक हो गई। ट्रंप की जीत से पहले मस्क की कुल संपत्ति 262 अरब डॉलर यानी 22.11 लाख करोड़ रुपये थी, जो मंगलवार को बढ़कर 313.6 अरब डॉलर यानी 26.46 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। ट्रंप की संपत्ति करीब 5.6 अरब डॉलर यानी 47.26 हजार करोड़ है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे 6 नवंबर को आए थे।

फोर्ब्स रियल-टाइम बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक, दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क की संपत्ति 313.6 अरब डॉलर हो गई। मस्क की ईवी कंपनी टेस्ला के स्टॉक्स में ट्रंप की जीत के बाद जोरदार उछाल रहा। टेस्ला के स्टॉक में 39 फीसदी और कंपनी के मार्केट कैप में एक लाख करोड़ डॉलर यानी 84.39 लाख करोड़ का इजाफा हुआ है।

ट्रंप के लिए मस्क ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स का भरपूर इस्तेमाल किया। उन्होंने ऐसे मतदाताओं के रजिस्ट्रेशन के लिए स्विंग स्टेट ऑपरेशन को फंड किया, जिनका झुकाव दक्षिण पंथ की तरफ था। मीडिया रिपोर्ट का दावा है, उन्होंने ट्रंप की जीत में जो निवेश किया, अब वह उसका भरपूर लाभ उठाना चाहते हैं।

### अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय बेंगलूरु व भोपाल कैंपसों में पीजी और यूजी कोर्सेस के लिए आवेदन आमंत्रित किये

**गलूरु/भोपाल।** अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय पने दो वर्ष के पोस्ट-ग्रैज्युएट प्रोग्राम्स के लिए ावेदन आमंत्रित कर रहा है। इन एमए प्रोग्राम्स एमए एजुकेशन, एमए डेवलपमेंट, मास्टर ॉफ़ पब्लिक हेल्थ (एमपीएच), एमए अर्ली ाइल्डहुड केअर एवं एजुकेशन शामिल हैं। साथ चार वर्षों के बीए ऑनर्स और बीएससी ॉनर्सके लिए भी आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। प्रोग्राम अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के गलूरु और भोपाल कैम्पस में चलाए जाएंगे। ोपाल कैंपस में स्नातकोत्तर (2 वर्ष) एम.ए. - जुकेशन, एम.पी.एच.-मास्टर ऑफ़ पब्लिक ल्थ। स्नातक (4-वर्ष) -अर्थशास्त्र,अंग्रेज़ी, तिहास और समाज विज्ञान में बी.ए. ऑनर्स ायोलॉजी में बी.एस-सी. ऑनर्स।

## बीएलएस इंटरनेशनल ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में सर्वोच्च वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया

### शुद्ध लाभ में 77.7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि

**मुंबई, एजेंसी।** बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड एक भारतीय बहुराष्ट्रीय निगम और सरकारों एवं नागरिकों के लिए एक विश्वसनीय वैश्विक टेक-सक्षम सेवा भागीदार, ने 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अपने समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

कंपनी का परिचालन से राजस्व वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 21.4 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 495.0 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 407.7 करोड़ रुपये था।




यह वृद्धि मुख्य रूप से वीजा और कॉन्सुलर व्यवसाय से प्रेरित थी, जिसने 29.6 प्रतिशत की मजबूत वार्षिक वृद्धि दर्ज की। कंपनी का एबिटा तिमाही के दौरान वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के 86.7 करोड़ रुपये से बढ़कर 164.0 करोड़ रुपये हो गया, जो 89.1 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है। एबिटा मार्जिन वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के 21.3 प्रतिशत से 1,186 बेसिस पॉइंट बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 33.1 प्रतिशत हो गया। मार्जिन विस्तार पार्टनर-संचालित से स्व-प्रबंधित मॉडल में जारी ट्रांजिशन और आइडीएटीए के अधिग्रहण से बढ़ा।

तिमाही के लिए शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के 82.0 करोड़ रुपये की तुलना में 145.7 करोड़ रुपये रहा, जो 77.7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है। दुबई में उच्च करों ने एबिटा वृद्धि की तुलना में शुद्ध लाभ वृद्धि को प्रभावित किया।

### रोज़ाना की डाइट में बादाम को शामिल करें और ब्लड शुगर लेवल पर लगाम लगाएं

**मुंबई, एजेंसी।** हर साल 14 नवंबर को वर्ल्ड डायबिटीज डे मनाया जाता है। इस दिन दुनिया भर में डायबिटीज को लेकर जागरूकता बढ़ाई जाती है और इसकी अच्छे से देखभाल करने की आवश्यकता पर जोर दिया जाता है। भारत, जिसे दुनिया की डायबिटीज कैपिटल के रूप में जाना जाता है, एक बढ़ती चुनौती का सामना कर रहा है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि 101 मिलियन भारतीयों को डायबिटीज है, जबकि 136 मिलियन लोग प्री-डायबिटिक हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मेरे दादा और नाना दोनों ओर के लोग स्वतंत्रता संग्राम में सीधे तौर पर शामिल थे: इरा दुबे

**मुंबई, एजेंसी।** फ्रीडम एट मिडनाइट के साथ भारत के स्वतंत्रता संग्राम की गाथा अब पर्दे पर जीवंत होने जा रही है। यह एक बहुप्रतीक्षित सीरीज़ है, जिसमें इस संघर्ष की उथल-पुथल भरी घटनाओं को दिखाया गया है। ये घटनायें देश के इतिहास को आकार देने वाले महत्वपूर्ण मोड़ों को उजागर करेंगी। इस सीरीज़ से जुड़े हर कलाकार का इसका अनुभव अलग और खास है। इस सीरीज़ में जिन्ना की बहन फातिमा जिन्ना का किरदार निभा रहीं इरा दुबे ने ऐतिहासिक ड्रामा की अहमियत के बारे में बातें की। उन्होंने कहा, ''बचपन से ही, मैं भारत के स्वतंत्रता संग्राम की व्यक्तिगत और कम जानी-पहचानी कहानियां सुनती आ रही हूं, जो हमारे परिवार के इतिहास का अहम हिस्सा हैं। मेरे दोनों परिवार स्वतंत्रता संग्राम में सीधे तौर पर शामिल थे। मेरे नाना जी रेलवे में काम करते थे और उन्होंने भारत में शवों से भरी ट्रेनों को आते हुए देखा था, जिसके बारे में वो हमें हमेशा बताते थे। उनके भाई, जो पंडित नेहरू के समकालीन थे, स्वतंत्रता संग्राम के प्रति पूरी तरह समर्पित थे और खादी पहनते थे। मेरे दादा दो बार जेल गए थे, और महात्मा गांधी खुद एक बार मेरी परदादी के घर ठहरे थे, जबकि उनके भाई को भी इस आंदोलन के लिए जेल जाना पड़ा था। ये यादें मेरे भीतर गहरी छाप छोड़ चुकी हैं, और मुझे हमारे इतिहास के इस हिस्से को जीवित करने की एक बड़ी जिम्मेदारी का अहसास होता है। 'फ्रीडम एट मिडनाइट' डोमिनिक लेपिएर और लैरी कॉलिन्स की किताब पर आधारित है। इसमें कई बेहतरीन कलाकार अपने अभिनय का जलवा बिखेर रहे हैं, जिसमें सिद्धांत गुप्ता, चिराग वोहरा, राजेन्द्र चावला, आरिफ ज़कारिया, मलिश्का मेंडोन्सा, राजेश कुमार, केसी शंकर, ल्युक मैकगिबनी, कोर्डेलिया बगेजा, एलिस्टेयर फिनले, एंड्रू कुलम और रिचर्ड टेवरसन शामिल हैं।

### भारत ने तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी, अफगानों की मदद के लिए नियुक्त किया है दूत

**मुंबई, एजेंसी।** तालिबान सरकार ने इकरामुद्दीन कामिल को मुंबई स्थित अफगान मिशन में कार्यवाहक वाणिज्यदूत नियुक्त किया है। यह जानकारी अफगान मीडिया ने दी है। यह भारत में किसी भी अफगान मिशन में तालिबान द्वारा की गई पहली ऐसी नियुक्ति है। हालांकि इस नियुक्ति पर भारतीय पक्ष की ओर से तत्काल कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई। इस बीच सूत्रों ने बताया कि जिस शख्स को नियुक्त किया गया है वह भारत में ही पढ़ा है और भारत में रह रहे अफगान नागरिकों की मदद के लिए उन्हें नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, तालिबान सरकार की मान्यता के बारे में विदेश मंत्रालय ने कहा कि किसी भी सरकार को मान्यता देने की एक निर्धारित प्रक्रिया है, और भारत इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ काम करता रहेगा। समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पिछले तीन वर्षों में भारत में स्थित अफगान दूतावास और कांसुलेट्स में कार्यरत कई अफगान राजनयिकों ने पश्चिमी देशों में शरण ली है और भारत छोड़ चुके हैं। हालांकि, एक पूर्व राजनयिक ने अब भी भारत में रहकर अफगान मिशन और कांसुलेट्स का कामकाज किसी तरह संभाले रखा है। भारत में बड़ी संख्या में अफगान समुदाय के लोग रहते हैं, जिन्हें कांसुलर सेवाओं की आवश्यकता होती रहती है। इसलिए, वर्तमान में भारत में बसे अफगान नागरिकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक स्टाफ की आवश्यकता है। सूत्रों ने बताया कि एक युवा अफगान छात्र भारत में सात वर्षों तक पढ़ाई कर चुका है और दक्षिण एशिया विश्वविद्यालय से एमईए छात्रवृत्ति पर डॉक्टरेट की पढ़ाई पूरी कर चुका है। उसने इस कांसुलेट में एक राजनयिक के रूप में काम करने की सहमति दी है। एमईए ने उनके बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वह अफगान नागरिक हैं, जो भारत में अफगान नागरिकों की सेवा में लगे हैं। इससे पहले तालिबान नियंत्रित बख्तर समाचार एजेंसी ने सोमवार को अज्ञात सूत्रों के हवाले से बताया कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय ने मुंबई में कार्यवाहक वाणिज्यदूत के रूप में कामिल की नियुक्ति की घोषणा की है। उसने कहा, वह फिलहाल मुंबई में हैं, जहां वह इस्लामिक अमीरात का प्रतिनिधित्व करते हुए एक राजनयिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं।

# संजौली मस्जिद मामले में स्थानीय लोग बनेंगे पार्टी?

### कोर्ट आज सुनाएगा फैसला

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के उपनगनर संजौली की मस्जिद में अवैध निर्माण को गिराने के आदेश को चुनौती देने वाली मुस्लिम पक्ष की याचिका पर जिला अदालत में सोमवार को सुनवाई हुई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण शर्मा की अदालत ने स्थानीय लोगों की ओर से मामले में प्रतिवादी बनाने के आवेदन पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस पर आगामी 14 नवंबर को सुनवाई होगी। इसी तारीख को मुस्लिम पक्ष की ओर से मस्जिद में अवैध निर्माण गिराने के फैसले पर रोक लगाने वाली याचिका की मेंटेबिलिटी पर भी निर्णय लिया जाएगा।

पिछली सुनवाई में अदालत ने मुस्लिम पक्ष को झटका देते हुए मस्जिद के अवैध निर्माण पर रोक लगाने से मना कर दिया था। दरअसल शिमला नगर निगम आयुक्त कोर्ट ने मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद लतीफ को मस्जिद की अवैध तीन मंजिलें गिराने का आदेश दिया है। इस पर मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के सदस्य व ऑल हिमाचल मुस्लिम लीग के प्रवक्ता नजाकत अली हाशमी ने 29 अक्टूबर को नगर निगम आयुक्त के फैसले के खिलाफ जिला अदालत में अपील दायर की थी।

अदालत में दायर की गई अपील में दावा किया गया कि संजौली मस्जिद कमेटी पंजीकृत नहीं है और इस मसले पर फैसले का अधिकार मोहम्मद लतीफ को नहीं है। ऐसे में



मोहम्मद लतीफ की ओर से कोर्ट में दायर किया गया हलफनामा गैरकानूनी है। याचिकाकर्ता मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के अधिवक्ता विश्व भूषण ने बताया कि जिला अदालत ने स्थानीय लोगों को मामले में पार्टी बनाने पर फैसला सुरक्षित रखा है और इस पर अगली तिथि 14 नवंबर को निर्णय लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अगली सुनवाई में अदालत याचिकाकर्ता की याचिका की मेंटेबिलिटी पर भी निर्णय लेगी। वहीं मामले में संजौली के स्थानीय लोगों की तरफ पेश हुए अधिवक्ता जगत पाल ने कहा कि स्थानीय नागरिकों की एक याचिका पर हिमाचल हाईकोर्ट ने आदेश दे रखे हैं कि जब-जब कोर्ट में इस मामले की सुनवाई होगी, तो स्टेकहोल्डर्स को सुना जाए।

इसके तहत स्थानीय नागरिकों का भी पक्ष इस मामले में सुने जाने की जिला अदालत में आवेदन दिया गया है। आज सुनवाई के दौरान बहस हुई और अदालत 14 नवंबर को इस पर फैसला सुनाएगी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम पक्ष की याचिका को लेकर भी अगली सुनवाई में अदालत अपना फैसला सुना सकती है, क्योंकि हाईकोर्ट ने इस पूरे मामले को समयबद्ध निपटाने के निर्देश दिए हैं।

नगर निगम कोर्ट ने दिए हैं मस्जिद की तीन अवैध मंजिले गिराने के आदेश

संजौली की मस्जिद में अवैध निर्माण के मुद्दे पर भारी बवाल हुआ है। सुर्खियों में रहने वाली इस विवादित चार मंजिला मस्जिद में अवैध निर्माण को लेकर बीते पांच अक्टूबर को नगर निगम के कोर्ट में सुनवाई हुई। नगर निगम आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने बीते 5 अक्टूबर को मस्जिद के अवैध निर्माण को लेकर सुनवाई करते हुए मस्जिद की तीन मंजिलों को अवैध ठहराया और मस्जिद कमेटी को इन्हें ध्वस्त करने के आदेश दिए। इन आदेशों की अनुपालना करते हुए मस्जिद कमेटी ने अवैध हिस्से को गिराने का काम चला रखा है और मस्जिद का छत हटा दिया गया है।

संजौली की विवादित मस्जिद का मामला हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट भी पहुंच गया है। संजौली के लोकल रेजिडेंट्स की तरफ से दायर याचिका में हाईकोर्ट के न्यायाधीश संदीप शर्मा ने नगर निगम आयुक्त को आठ हफ्ते के भीतर फैसला सुनाने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने आयुक्त को मामला समय पर निपटाने के साथ-साथ सभी हितधारकों को पार्टी बनाने को कहा। दरअसल संजौली के स्थानीय नागरिकों की तरफ से हाईकोर्ट में दाखिल की गई याचिका में आग्रह किया गया है कि हाईकोर्ट नगर निगम आयुक्त को इस अवैध निर्माण के 2010 से चल रहे मामले का निपटारा समयबद्ध करने के निर्देश दे।

## पीएनजी पाइपलाइन लीक होने से धमाके संग लगी आग, जेसीबी और 3 दुकानें राख; एक की गई जान

**फरीदाबाद एजेंसी।**
फरीदाबाद के पास पलवल में पुराना जीटी रोड पर मंगलवार दोपहर जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से पानी के पाइपलाइन की खुदाई के दौरान पास से गुजर रही पीएनजी पाइपलाइन फट गई और उसमें धमाके साथ आग लग गई। हादसे में एक चाय दुकानदार की झुलसने से मौत हो गई। मृतक की पहचान हरि चंद सिंगला के रूप में हुई है। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास की तीन दुकानों के अलावा खुदाई कर रही जेसीबी भी जल गई।

पुलिस प्रवक्ता संजय कुमार ने बताया कि मृतक के भाई लक्ष्मण की शिकायत पर जन स्वास्थ्य विभाग एवं गैस कंपनी और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हादसे के पीछे के कारणों की हर एंगल और गहराई से जांच की जा रही है। इसके अलावा आसपास के क्षेत्र में मिसिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, हादसा दोपहर करीब 12 बजकर 50 मिनट पर हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुराना जीटी रोड पर पानी की पाइप लाइन में काफी दिनों से पानी का रिसाव हो रहा था। स्थानीय दुकानदारों ने इसकी शिकायत जन स्वास्थ्य विभाग से की तो विभाग क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को ठीक करने के लिए सोमवार से काम शुरू किया था। मंगलवार को क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को हटाकर उसे जोड़ने के लिए जेसीबी से सड़क किनारे खुदाई की जा रही थी। बताया जा रहा है कि जेसीबी से गहरी खुदाई कर दी गई, जिससे उसके बगल से गुजर रही पीएनजी गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होकर फट गई। पीएनजी गैस पाइपलान के फटते ही उसमें जोरदार धमका हुआ और उसने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग की उंची लपटें उठने लगीं। यह देख जेसीबी पर बैठे चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। इसके अलावा पीएनजी गैस पाइपलाइन में आग पकड़ने से आसपास के दुकानदारों में भी हड़कंप मच गया। सभी अपनी दुकान से निकलकर भाग गए। स्थानीय लोगों के अनुसार पीएनजी पाइपलान के पास मृतक हरि चंद सिंगला चाय की दुकान चलाते थे। पीएनजी गैस पाइपलाइन में आग लगने के दौरान वह दुकान पर ही थे। आग लगते ही हरि चंद ने भागकर खुद को बचाने का प्रयास किया। वह जैसे ही भागने लगे, खुदाई के दौरान बने गड्ढ़े में जा गिरे। आग से रसोई गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी जतिन ने बताया कि वह अपनी स्कूटी को बराबर वाले दुकान पर ठीक करवाने के लिए पहुंचे थे। तभी वहां यह हादसा हुआ।

## एनसीआर के नए शहर 'हरनंदीपुरम' का प्लान एक कदम और आगे बढ़ा, डीपीआर पर आया नया अपडेट

**गाजियाबाद एजेंसी।**
गाजियाबाद में नई टाउनशिप हरनंदीपुरम योजना का काम रफ्तार पकड़ेगा। जीडीए इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कराने में जुट गया है। इसके लिए सलाहकार एजेंसी नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू करते हुए आवेदन भी मांगे हैं। एजेंसी का चयन होते ही डीपीआर तैयार होगी।



जीडीए राजनगर एक्सटेंशन के पास हरनंदीपुरम नाम की टाउनशिप विकसित करने में जुटा है। आठ गांव नगला फिरोजपुर, शमशेर, चम्पतनगर, शाहपुर निज मोरटा, भोवापुर, भनैड़ा खुर्द, मथुरापुर के चिह्नित क्षेत्र का रैपिड सर्वे कराया जा रहा है। जीडीए ने टाउनशिप को विकसित करने के लिए चारदीवारी चिह्नित कर ली है। इस बाउंड्रीवाल के भीतर जमीन को लेकर कोई विवाद नहीं है। हालांकि, एक विद्युत निगम का सब-स्टेशन है, जिसके तार हर तरफ फैले हैं। इसे भी टाउनशिप के बाहर रखा जाएगा। प्राधिकरण ने डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इसके लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट तैयार हो चुका है। डीपीआर तैयार होने से स्पष्ट होगा कि प्रोजेक्ट को तैयार करने में कितनी लागत आएगी। साथ ही इसकी उपयोगिता कितनी है। इसके आधार पर प्राधिकरण इस प्रोजेक्ट को लांच करने की योजना तैयार करेगा। डीपीआर में सलाहाकर का चयन क्वालिटी कम कास्ट वेस्ट सिस्टम द्वारा होगा।

टाउनशिप आठ गांव के 541.65 हेक्टेयर भूमि पर बसाई जाएगी। इसमें नगला फिरोजपुर की 247.84 हेक्टेयर, शमशेर की 123.97 हेक्टेयर,चंपतनगर की 39.25 हे., शाहपुर निज मोरटा की 54.20 हे., भोवापुर की 53.26 हे., भनैड़ा खुर्द की 11.83 हे., मथुरापुर की 8.72 हेक्टेयर, मोरटा की 2.58 हेक्टेयर जमीन चिह्नित की गई है। इस योजना में जमीन की कीमत तय करने के लिए डीएम की अध्यक्षता में कमेटी के पास प्रस्ताव भेजा जा चुका है। वहीं, दूसरी तरफ शासन को भी इस प्रोजेक्ट की पूरी डिटेल रिपोर्ट बनाकर भेजा गया है, जिससे मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत फंडिंग का इंतजाम किया जा सके।

## ट्रम्प ने मस्क और रामास्वामी को सरकार में शामिल किया

### सरकार को सलाह देने वाला नया डिपार्टमेंट संभालेंगे, फॉक्स टीवी एंकर हगसेथ रक्षा मंत्री बनेंगे



**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद डोनाल्ड ट्रम्प सरकार चलाने के लिए अपनी टीम का गठन करने में जुटे हैं। कुछ पदों पर नियुक्तियों के बाद उन्होंने टेस्ला चीफ इलॉन मस्क और भारतवंशी उद्योगपति विवेक रामास्वामी को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। मस्क और रामास्वामी को डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) विभाग का नेतृत्व करेंगे। डीओजीई एक नया विभाग है, जो सरकार को बाहर से सलाह देगा। डोनाल्ड ट्रम्प ने इसे लेकर बयान जारी किया है।

ट्रम्प ने कहा- मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ये दोनों अद्भुत अमेरिकी मेरे प्रशासन के लिए नौकरशाही को खत्म करने, फिजूलखर्ची में कटौती करने, गैरजरूरी नियमों को खत्म करने और संघीय एजेंसियों के पुनर्गठन का काम करेंगे। ये हमारे 'सेव अमेरिका' एजेंडे के लिए जरूरी है। इसके साथ ही ट्रम्प ने अपनी कैबिनेट में फॉक्स न्यूज के होस्ट पीट हेगसेथ को भी जगह दी है। वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक उन्हें रक्षा मंत्री बनाया गया है। ट्रम्प बोले- यह विभाग मैनहटन प्रोजेक्ट बन सकता है ट्रम्प ने डीओजीई विभाग को लेकर बयान में कहा कि नई व्यवस्था से सरकारी पैसे की बर्बादी करने वाले लोगों में हड़कंप मच जाएगा। रिपब्लिकन नेताओं ने लंबे समय से डीओजीई के मकसद को पूरा करने का सपना देखा है। यह हमारे समय का द मैनहटन प्रोजेक्ट बन सकता है। मैनहटन प्रोजेक्ट दरअसल अमेरिकी सरकार का एक प्रोजेक्ट था, जिसका मकसद ब्रिटेन और कनाडा के साथ मिलकर जर्मनी की नाजी सेना से पहले परमाणु बम विकसित करना था।

## ट्रम्प की जीत के बाद गर्भनिरोधक दवाओं की मांग बढ़ी, 1000 प्रतिशत तक बढ़ी सेल

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प की जीत के बाद महिलाओं में बर्थ कंट्रोल पिल यानी गर्भनिरोधक दवाओं की मांग बढ़ी हैं। इसके अलावा इमरजेंसी कॉन्ट्रासेप्शन (आपातकालीन गर्भनिरोधक) दवाओं की मांग भी तेजी से बढ़ रही है।




अमेरिकी अखबार यूएसए टूडे की रिपोर्ट के मुताबिक इन दवाओं को बनाने वाली कंपनी वीस्प ने बताया कि 5 से 7 नवंबर के बीच इमरजेंसी कॉन्ट्रासेप्शन दवाओं की बिक्री 1000प्रतिशत का इजाफा हुआ। इस दौरान इन दवाओं को खरीदने वालों की संख्या में 1650प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा, अबॉर्शन की दवाइयों की सेल में भी 600प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। दरअसल ट्रम्प के चुनाव जीतने के बाद महिलाओं में इस बात का डर है कि उनके अबॉर्शन राइट्स और सख्त हो जाएंगे।

साल 2022 में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने अबोर्शन राइट्स को खत्म कर दिया था। उस समय ट्रम्प ने इस फैसले का समर्थन किया था। अब महिलाओं को इस बात का डर है कि ट्रम्प सरकार के आने से उनके अबॉर्शन राइट्स पर असर पड़ सकता है। चुनाव के बाद एक सर्वे में यह पाया गया कि 50प्रतिशत से अधिक महिलाएं इस बात को लेकर चिंतित हैं कि उन्हें सुरक्षित गर्भपात और उससे जुड़ी स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिलेंगी। रिपोर्ट के मुताबिकमहिलाएं उन राज्यों में जाने पर विचार कर रही है जहां अबॉर्शन से जुड़े कानून आसान है। इसके तहत उन्हें आसानी से अबॉर्शन से जुड़ी सेवाएं मिल सकती हैं। इस बीच कई कंपनियां टेली मेडिसिन और ऑनलाइन सर्विस के जरिए महिलाओं को घर पर ही बर्थ कंट्रोल पिल मुहैया करा रही हैं। 1880 तक अमेरिका में अबॉर्शन करवाना कानूनी था। 1873 में अमेरिका में अबॉर्शन की दवाओं पर बैन लगा दिया गया था। 1900 तक लगभग सभी राज्यों में अबॉर्शन बैन हो गया। जब प्रग्नेंसी से मां की जान को खतरा होने पर ही अबॉर्शन किया जा सकता था। 1960 के दशक में महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिए आंदोलन शुरू किया। 1969 में नोर्मा मैककॉर्वी ने अबॉर्शन के कानून को चुनौती दी थी। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और 1973 में सुप्रीम कोर्ट ने अमेरिका में अबॉर्शन को लीगल कर दिया।

## ट्रम्प के नए एनएसए माइक वाल्ट्ज ने कहा: भारत-अमेरिका साझेदारी बनाएगी इतिहास, औपचारिक गठबंधन का रखा प्रस्ताव

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका के अगले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार माइक वाल्ट्ज ने इस बात पर बल दिया है कि अमेरिका-भारत संबंध 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण संबंध हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह साझेदारी निर्धारित करेगी कि यह प्रकाश की सदी है या अंधकार की सदी। वाल्ट्ज को निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नामित किया गया है। वाल्ट्ज ने ये टिप्पणियां सितंबर में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में की थीं। उन्होंने कहा, मेरे विचार से यह (अमेरिका-भारत) 21वीं सदी का सबसे महत्वपूर्ण संबंध है। इससे यह तय होगा कि यह प्रकाश की सदी है या अंधकार की सदी। वह चुनाव संबंधी व्यस्तताओं के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके थे और उन्होंने सम्मेलन को वीडियो संदेश भेजा था। वाल्ट्ज, जो एक युद्ध अनुभवी और सांसद हैं, साथ ही भारत कॉकस के सह-अध्यक्ष भी हैं चीन के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने के लिए जाने जाते हैं, ने अमेरिका और भारत के बीच एक



औपचारिक गठबंधन का प्रस्ताव भी रखा है। नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपनी टीम में फ्लोरिडा के सीनेटर मार्को रुबियो को विदेश मंत्री और साउथ डकोटा की गवर्नर क्रिस्टी नोएम को गृह सुरक्षा मंत्री बनाने का निर्णय लिया है। इससे स्पष्ट है कि ट्रम्प अपनी नीतियों को लागू करने के लिए अपने वफादारों पर भरोसा करेंगे, बजाय तथाकथित डीप स्टेट पर जो [illegible] (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) समर्थकों के बीच अलोकप्रिय है।हालांकि ट्रम्प ने औपचारिक रूप से कोई घोषणा नहीं की है, उन्होंने यह संकेत दिया है कि एलिस स्टेफानिक को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत के रूप में नामित करेंगे। राष्ट्रपति-चुनाव की टीम से लीक हुई इन खबरों के बाद [illegible] समर्थकों में इस फैसले को लेकर काफी उत्साह है, क्योंकि इसमें हार्डलाइनर नेताओं को प्राथमिकता दी जा रही है, बजाय उन मुख्यधारा के रिपब्लिकन नेताओं के जिन्होंने वॉशिंगटन डीसी में लंबे समय तक नीति निर्धारण पर दबदबा बनाए रखा था।

## ट्रम्प के खिलाफ पोर्न स्टार केस में सुनवाई टली: सजा रद्द करने की अपील की थी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
पोर्न स्टार केस में दोषी पाए डोनाल्ड ट्रम्प की सजा रद्द करने के मामले में सुनवाई टल गई है। न्यूयॉर्क की कोर्ट में मंगलवार को ट्रम्प की सजा रद्द करने पर सुनवाई होनी थी। न्यूयॉर्क कोर्ट के जज जुआन एम. मर्चन ने कहा कि वो इस मामले में 19 नवंबर तक के लिए सुनवाई टाल रहे हैं। इससे पहले पिछले हफ्ते इस मामले में ट्रम्प के वकीलों ने कोर्ट से सुनवाई टालने के लिए कहा था। ट्रम्प ने हाल ही में राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की है। इस साल 30 मई को कोर्ट ने पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल को पैसे देकर चुप कराने में दोषी करार दिया था। दोषी पाए जाने के बाद ट्रम्प ने अगस्त में फेडरल कोर्ट से मामले में हस्तक्षेप करने के लिए कहा था। इसके बाद फेडरल कोर्ट ने मामला वापस न्यूयॉर्क कोर्ट में भेज दिया था।

ट्रम्प के खिलाफ पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल को पैसे देकर चुप कराने और इलेक्शन कैंपेन के दौरान बिजनेस रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के केस चल रहे थे। यह मामला 2016 में उनके अमेरिका का राष्ट्रपति चुने जाने से पहले का है। इसके खुलासे के बाद पहली बार ऐसा हुआ था जब अमेरिकी इतिहास में पहली बार किसी प्रेसिडेंट पर आपराधिक केस चलाया गया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, कोर्ट ने 6 सप्ताह में 22 गवाहों को सुना। इनमें स्टॉर्मी डेनियल्स भी शामिल थीं। फैसले के बाद ट्रम्प ने अपना रिएक्शन भी दिया था। ट्रम्प पर गलत बिजनेस रिकॉर्ड दिखाने के मामले में 34 चार्ज लगाए गए हैं। ये सभी चार्ज 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को चुप रहने के लिए 1 लाख 30 हजार डॉलर करीब 1 करोड़ 7 लाख रुपए देने से जुड़े हैं। 11 चार्ज चेक साइन करने से जुड़े हैं। अन्य 11 चार्ज कोहेन के कंपनी में जमा किए गए गलत इनवॉइस से जुड़े हैं और बाकी बचे 12 चार्ज रिकॉर्ड्स में गलत जानकारी देने से ज़ुड़े हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129